www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:48 सूर्यास्त 6:19

आज का तापमान

शिमला 3.0 न्यू 15.02 अधि

धर्मशाला 6.02 न्यू 18.00 अधि

बाजार

सेंसेक्स 72790.13

निफ्टी 22122.00

सोना 62,840 चांदी 71,591

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 27 फरवरी 2024 | 15 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 70 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |



हार्दिक पंड्या ने चोट के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी... पेज 7

## भगवान रामनाथी के रूप में बाबा भूतनाथ का माखन रूपी श्रृंगार



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी में माखन रूपी श्रृंगार के 18वें दिन सोमवार को भगवान रामनाथी का स्वरूप उकेरा गया। यह मंदिर गोवा में रामनाथिम बांदिवाड़े में स्थित है, जिसे रामनाथी मंदिर कहा जाता है। विष्णु और शिव के मिलन का दिव्य प्रतीक श्री रामनाथ हैं। राम और नाथ दो शब्द मिलकर मिश्रित शब्द रामनाथ बनाते हैं।

खुशखबरी

### 1.55 लाख ग्रामीण और 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र आंकड़ों पर राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की रिपोर्ट

# भारत में गरीबी स्तर पांच प्रतिशत से नीचे, शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही प्रगति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नीति** आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि नवीनतम घरेलू उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि भारत का गरीबी स्तर पांच प्रतिशत से नीचे गिर गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने सर्वेक्षण में जनसंख्या को 20 अलग-अलग श्रेणियों में बांटा और आंकड़ों से पता चला कि सभी श्रेणियों के लिए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 3,773 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 6,459 रुपए है।

एनएसएसओ ने यह रिपोर्ट 1.55 लाख ग्रामीण व 1.07 लाख शहरी परिवारों से एकत्र आंकड़ों पर जारी की है।



**3,773** रुपए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में

**6,459** रुपए औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय शहरी क्षेत्रों में

### देश में गरीबी केवल 0-5 प्रतिशत

**निचले** 0-5 प्रतिशत वर्ग का औसत प्रति व्यक्ति मासिक व्यय ग्रामीण क्षेत्रों में 1,373 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 2,001 रुपए आंका गया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि अगर हम गरीबी रेखा को लें और इसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के साथ आज की दर तक बढ़ाएं, तो हम देखेंगे कि सबसे निचले 0-5 प्रतिशत वर्ग की औसत खपत लगभग समान है।

### दूध और फल-सब्जियों पर अधिक खर्च कर रहे लोग



**एनएसएसओ** सर्वेक्षण देश में ग्रामीण और शहरी दोनों परिवारों के कुल खर्च में अनाज और भोजन की खपत की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट का भी संकेत देता है। इसका मतलब है कि लोग अतिरिक्त आय के साथ समृद्ध हो रहे हैं। इस बढ़ी हुई समृद्धि के साथ वे भोजन के अलावा अन्य चीजों पर अधिक खर्च कर रहे हैं। यहां तक कि भोजन में भी अधिक दूध पी रहे हैं, फल और अधिक सब्जियां खा रहे हैं।

### मोदी ने 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत देश को दी 41,000 करोड़ की सौगात

# बैजनाथ-पपरोला समेत देश के 553 रेलवे स्टेशन बनेंगे मॉडर्न

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 41,000 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। इस दौरान उन्होंने कुछ परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित भी किया।

मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 'प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ के पपरोला स्थित रेलवे स्टेशन समेत देशभर के 553 रेलवे स्टेशनों को मॉडर्न रेलवे स्टेशन बनाने का शिलान्यास किया। इनमें से महाराष्ट्र के 56, गुजरात 46, आंध्र प्रदेश के 46, तमिलनाडु के 34, बिहार के 33, मध्य प्रदेश के 33, कर्नाटक के 31, झारखंड के 27, छत्तीसगढ़ के 21, ओडिशा के 21 और राजस्थान के 21 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है।

27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जाएगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए 'शहर के केंद्र' के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर सुंदर भू-दृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट समेत आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन स्टेशनों को पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जाएगा। इन स्टेशन-भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन किया। लगभग 385 करोड़ रुपए की कुल लागत से इसका पुनर्विकास किया गया है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास किया और इनमें से कुछ को राष्ट्र को समर्पित भी किया। ये रोड ओवरब्रिज और अंडरपास 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित हैं। लगभग 21,520 करोड़ रुपए की लागत से इन परियोजनाओं का निर्माण किया गया है।



- 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास किया
- उत्तर भारत के कुल 43 रेलवे स्टेशनों को मॉडर्न बनाने की योजना

### उत्तर रेलवे के ये स्टेशन होंगे मॉडर्न

**उत्तर** रेलवे के बैजनाथ-पपरोला, बल्लभगढ़, फरीदाबाद न्यू टाउन, गोहाना, गुरुग्राम, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी जंक्शन, पलवल, तिलक ब्रिज, मोगा, ब्यास जंक्शन, जालंधर सिटी जंक्शन, श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा, अकबरपुर जंक्शन, बाबतपुर, बादशाहपुर, भरतकुंड, चिलबिला जंक्शन, गौरीगंज, हैदरगढ़, जौनपुर शहर, कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक, कुंडा हरनामगंज, लालगंज, लंभुआ, लोहता, मल्हौर, मानक नगर सहित 43 रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

### मोदी दो दिनों में करेंगे तीन राज्यों का दौरा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार और बुधवार को केरल, तमिलनाडु एवं महाराष्ट्र का दौरा करेंगे और इस दौरान इन राज्यों में करोड़ों रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे और किसानों के खातों में 21,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित होगी। प्रधानमंत्री 27 फरवरी को तमिलनाडु के मदुरै में 'क्रिएटिंग द फ्यूचर-ऑटोमोटिव एमएसएमई उद्यमियों के लिए डिजिटल मोबिलिटी' कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# खनन पट्टों को लीज पर देने के बजाए होगी नीलामी

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**प्रदेश** में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को विधानसभा में सदन तपा रहा। नेता प्रतिपक्ष की ओर से सदन में यह सवाल उठाया गया कि प्रदेश में लगातार मर्डर व हमले हो रहे हैं। इसको लेकर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस पर जवाब दिया कि इस पर अलग से चर्चा रखी गई है। सरकार चर्चा से भाग नहीं रही है।



- अपफ्रंट मनी ज्यादा होने से कंपनियां नहीं कर रही निवेश : हर्षवर्धन

वहीं सीमेंट कारखानों की स्थापना के लिए खनन पट्टों को टुकड़ों में विभाजित कर वहां सीमेंट उद्योग लगाने की अनुमति दी जाएगी। सीमेंट प्लांट लगाने के लिए खनन पट्टों को लीज पर देने के बजाए उसकी नीलामी (ऑक्शन) की जाएगी। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधायक दीपराज के सवाल के जवाब में यह जानकारी सदन में दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसको लेकर नियमों में बदलाव किया है। हिमाचल में जो खनन पट्टे हैं, उनकी अपफ्रंट मनी काफी ज्यादा बढ़ गई है। अपफ्रंट मनी ज्यादा होने से कोई भी कंपनी निवेश को आगे नहीं आ रही थी। उन्होंने कहा कि हाल ही में दुबई में निवेशकों के साथ बैठक में इस प्रारूप के तहत कांगड़ा-चंबा और पठानकोट के आस-पास मौजूद चूना पत्थर के भंडार में रुचि दिखाई है। नए नियम से उद्योगपतियों को एक बार में अधिक अपफ्रंट मनी नहीं देनी पड़ेगी। इसी के दृष्टिगत सरकार ने अब सीमेंट कारखानों की स्थापना के लिए खनन पट्टों को टुकड़ों में विभाजित करने और उनकी नीलामी करने का निर्णय लिया है। (अनंत ज्ञान)

### हंस राज ने चंबा में सीमेंट प्लांट स्थापित करने का मामला उठाया

इस दौरान विधायक हंस राज ने चंबा के सिकरी में सीमेंट प्लांट स्थापित करने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि चंबा प्लांट की तीन बार ऑक्शन की गई। कोई भी कंपनी यहां नहीं आई। अब इस प्लांट का ब्रेकअप करके तीन टूकड़े बनाए जाएंगे फिर इसकी ऑक्शन होगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### संजय की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर संघीय एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने उन्हें जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है।

### फिलिस्तीन में पीएम समेत पूरे मंत्रिमंडल का इस्तीफा

**वेस्ट बैंक।** फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद सातायेह समेत पूरी सरकार ने इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री मोहम्मद सातायेह ने कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी भूख से तड़प रहे हैं। वहां लगातार इसराइली हमले हो रहे हैं। वेस्ट बैंक और यरुशलम में भी हिंसा बढ़ रही है। इसे देखते हुए मैंने इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंप दिया है।

### सीबीआई करेगी इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष की हत्या की जांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार को विधानसभा को आश्वासन दिया कि इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाएगी। दिल्ली से सटे हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने राठी और पार्टी के एक अन्य कार्यकर्ता की हत्या कर दी थी।

### मरयम नवाज बनी पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री



**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी एवं मरयम नवाज सोमवार को पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं। पीएमएल-एन की 50 वर्षीया वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरयम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी 'पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ' (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के निर्वाचित प्रतिनिधियों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता।

## टॉप स्टोरीज

पेन डाउन स्ट्राइक में शामिल डॉक्टरों का सरकार ने मांगा ब्यौरा ...पेज 3

बिना मंजूरी काट डाले देसी आम के सात पेड़ ...पेज 6

37 करोड़ से बनेगा हमीरपुर का नया बस अड्डा, टेंडर पास ...पेज 11

# शिमला में पुलिस कंट्रोल रूम के सामने गंडासे से युवक की हत्या, आरोपी फरार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**राजधानी** शिमला के मालरोड पर रविवार देर रात दो बजे पुलिस कंट्रोल रूम के सामने रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक मनीष की हत्या कर दी गई। खून से लथपथ युवक मदद के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष पहुंचा, जिसे पुलिस अधिकारी अस्पताल ले गए, लेकिन सोमवार सुबह उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हथियार को कब्जे में ले लिया है।

चौपाल के गांव कोठी निवासी 21 वर्षीय मनीष मालरोड के एक रेस्टोरेंट में काम करता था, जब वह काम कर रहा था तो एक अन्य रेस्टोरेंट में काम करने वाले हरियाणा के सिरसा निवासी सतेंद्र पाल सिंह ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। अपनी जान बचाने के लिए वह पुलिस सहायता कक्ष की तरफ भागा।

जिस हथियार से उस पर हमला हुआ था, वह उसे भी अपने साथ लाया और पुलिस सहायता कक्ष के ऑफिसर रूम के दरवाजे का शीशा तोड़ा। पुलिस मनीष को अस्पताल ले गई। सदर थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)




परिजन बोले- आरोपी की गिरफ्तारी तक नहीं होगा अंतिम संस्कार

### धरने पर बैठे विधायक

**हत्या** मामले को लेकर पुलिस रिपोर्टिंग रूम के बाहर सोमवार देर शाम को चौपाल से भाजपा विधायक बलवीर सिंह वर्मा, माकपा विधायक राकेश सिंघा, विजेंद्र मेहरा व रवि दलित सहित अन्य लोग धरने पर बैठे। वहीं, मनीष के परिजनों ने कहा कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, तब तक संस्कार नहीं करेंगे।

किसान आंदोलन

### पंजाब में ट्रैक्टर मार्च हरियाणा में टोल प्लाजों पर प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन के 14वें दिन किसानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा ने पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला। पंजाब में किसानों ने नेशनल हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी कीं।

वहीं हरियाणा में टोल प्लाजों पर किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके साथ किसानों ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के पुतले भी फूंके। किसान दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल चुके हैं। हालांकि वे पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रधान जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों को गोली मारने वालों पर कार्रवाई करे। पंजाब के अंदर घुसकर किसानों को उठाने, पीटने और ट्रैक्टर तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हो।

### टीम इंडिया ने घर में जीती लगातार 17वीं सीरीज




नई दिल्ली। टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त ले ली है यानी एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। घरेलू मैदानों पर भारत की पिछले 12 साल में लगातार 17वीं सीरीज जीत है। घर में लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड पहले से भारतीय टीम के नाम है। ऑस्ट्रेलिया अपने घर में लगातार 10 सीरीज जीतकर दूसरे नंबर पर है।

अलविदा

### मशहूर गजल गायक पंकज उधास का 72 साल की उम्र में पैंक्रियाज कैंसर से निधन

# रुला के चला गया 'चिट्ठी आई है' गाने वाला

**एजेंसी, मुंबई**

**मशहूर** गजल गायक पंकज उधास का सोमवार को 72 साल की उम्र में पैंक्रियाज कैंसर से निधन हो गया। उनके निधन की जानकारी उनकी बेटी नायाब ने दी है। नायाब उधास ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह दुखद खबर साझा करते हुए लिखा, ''भारी दिल और बड़े दुख के साथ आप सभी को सूचित करना पड़ रहा है कि लंबी बीमारी के चलते 26 फरवरी को पद्मश्री पंकज उधास का निधन हो गया है''।

गजल गायक ने मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। पंकज उधास को बड़ी पहचान फेमस गजल 'चिट्ठी आई है' से मिली थी। प्रधानमंत्री मोदी ने पंकज उधास के निधन पर दुख जताया।



**700** फिल्मों में गाए गाने

### 'चिट्ठी आई है' गाना सुनकर रो पड़े थे राज कपूर

राजेंद्र कुमार और राज कपूर बहुत अच्छे दोस्त थे। एक दिन उन्होंने राज कपूर को अपने घर डिनर पर बुलाया। डिनर करने के बाद उन्होंने पंकज की आवाज में राज कपूर को चिट्ठी आई है, गजल सुनाया, तो वह रो पड़े। उन्होंने कहा कि इस गजल से पंकज को बहुत पॉपुलैरिटी मिलेगी और उनसे बेहतर कोई दूसरा नहीं गा सकता।

### बंदूक की नोक पर सुनाई थी गजल

**पंकज** उधास एक बार स्टेज परफॉर्मेंस दे रहे थे। तभी एक दर्शक उनके पास आया और एक गजल की फरमाइश की। उसका बर्ताव पंकज को सही नहीं लगा और उन्होंने गाने से मना कर दिया। इस बात उस आदमी ने बंदूक तान दी। आदमी की हरकत से पंकज इतना डर गए कि उन्होंने उसकी फरमाइश की गजल गाई।

### इन गजलों को दी आवाज

पंकज उधास ने मशहूर गजल चिट्ठी आई है, चांदी जैसा रंग है तेरा, ना कजरे की धार न मोतियों की हार, घूंघट को मत खोल, थोड़ी-थोड़ी पिया करो, चुपके-चुपके सखियों से वो बातें करना भूल गई, और आहिस्ता कीजिए बातें, निकलो न बेनकाब, दीवारों से मिलकर रोना अच्छा लगता है जैसी बेहतरीन गजलें गाकर नाम कमाया।

### गाने के बदले मिले थे 51 रुपए

**पंकज** ने कभी नहीं सोचा था कि वह अपना करियर सिंगिंग में बनाएंगे। उन दिनों भारत और चीन के बीच युद्ध चल रहा था। इसी दौरान लता मंगेशकर का 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गाना रिलीज हुआ था। पंकज को ये गाना बहुत पसंद आया। उन्होंने बिना किसी की मदद से इस गाने को उसी लय और सुर के साथ तैयार किया। पंकज ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गाना गया। उनके इस गीत से वहां बैठे सभी लोगों की आंखें नम हो गईं। दर्शकों से एक आदमी ने खड़े होकर उनके लिए ताली बजाई और ईनाम के रूप में उन्हें 51 रुपए दिए।

### मराठा आंदोलनकारियों ने जालना में फूंकी बस

**मुंबई।** मराठा आरक्षण के लिए जालना के अंतरावली सराठी गांव में 10 फरवरी से अनशन पर बैठे मनोज जरांगे पाटिल ने 17 दिन से चल रहा अनशन तोड़ने का ऐलान किया है। मराठा आंदोलनकारियों ने सोमवार को अंबाड के तीर्थपुरी शहर में एक स्टेट ट्रांसपोर्ट बस को आग लगा दी। आगजनी की घटना के बाद महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने जालना में बस सर्विस को रोक दिया है।

मराठा आंदोलन के लीडर मनोज जरांगे पाटिल भी जालना से अपने गांव सराठी लौट गए। उन्हें मुंबई जाना था लेकिन पुलिस ने कल उन्हें जालना जिले की सीमा में ही रोक रखा था। देर रात वे जालना जिले के भांबोरी गांव में ही रुके थे। जालना में बढ़ते तनाव को देखते हुए जिले में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने धारा 144 लगा दी है।

हिंदू पक्ष की बड़ी जीत

# व्यास तहखाने में पूजा रोकने की अपील खारिज

**एजेंसी, वाराणसी/प्रयागराज**

वाराणसी के ज्ञानवापी तहखाने (व्यास तहखाना) में हिंदुओं के पूजा-पाठ पर रोक लगाने से इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सोमवार को इनकार कर दिया। हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद कमेटी की पूजा के खिलाफ लगी याचिका खारिज कर दी है। वाराणसी जिला कोर्ट ने 31 जनवरी को तहखाने में व्यास परिवार को पूजा करने का अधिकार दिया था। इसी दिन रात में तहखाने में पूजा शुरू हुई।

हाई कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि तहखाना लंबे समय से हमारे अधिकार क्षेत्र में रहा है। यह ज्ञानवापी का हिस्सा है और उसमें प्रशासन ने जल्दबाजी में पूजा शुरू करा दी।



### 1993 से बंद था पूजा-पाठ

**तहखाने** में 1993 से पूजा-पाठ बंद था। 31 साल बाद 31 जनवरी 2024 को यहां पूजा-पाठ शुरू हुई। वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को व्यास परिवार को व्यास तहखाने में पूजा का अधिकार दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### रस्साकशी में नैणा महिला मंडल फर्स्ट


विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी मुख्यातिथि के साथ।

**मंडी।** नेहरू युवा केंद्र मंडी के सौजन्य से मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी ने छठी खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करवाई। इसमें करीब आठ महिला मंडलों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रियंता शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रही। मारुती युवा मंडल प्रधान सचिन सकलानी ने बताया कि दो दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में महिला मंडलों ने भाग लिया और मारुति युवा मंडल को 10 हजार रुपए सहयोग किया। कबड्डी में विजेता लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह खाबू और उपविजेता महिला मंडल सरध्वार रहा। रस्साकशी में विजेता नैणा महिला मंडल कोठी गैहरी और उपविजेता महिला मंडल गंभरखड्ड रहा। घड़ा फोड़ में परिणीता ने बाजी मारी, कुर्सी दौड़ में रीना देवी प्रथम, हिना द्वितीय और प्रियंका ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### पानी की समस्या हल, आभार जताया


अधीक्षण अभियंता से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**कलखर।** ग्राम पंचायत अंबालागलू (गुम्हू) के गांव कलखर का एक प्रतिनिधिमंडल अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग सुंदरनगर का धन्यवाद करने के लिए पहुंचा। कलखर गांव में काफी लंबे समय से पानी की समस्या थी, जिसके लिए स्थानीय लोग अधीक्षण अभियंता से मिले थे। उन्होंने अपने अधिकारियों को तुरंत पानी की समस्या हल करने के निर्देश दिए थे। वहीं जल शक्ति उपमंडल रिवालसर के अधिकारियों ने तुरंत कलखर गांव में हैंडपंप लगा कर पानी लिफ्ट करवाया, जिससे लोगों को पानी की समस्या से निजात मिली। इसी संदर्भ में सोमवार को कलखर के ग्रामीण जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता रोहित दुबे का धन्यवाद करने पहुंचे। ग्रामीणों में वार्ड मेंबर सपना शर्मा, निशा, लता, बिमला देवी, पुन्नी देवी, हिमा देवी, शंकरी देवी, हुकमि देवी, परमा राम, घनश्याम, भागीरथ, छोटू मौजूद रहे।

### आपदा से बचाव को लेकर प्रशिक्षण शुरू


आपदा से बचाव बारे जानकारी देते प्रशिक्षक।

**बालीचौकी।** उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में आपदा से बचाव को लेकर सोमवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन तहसीलदार बालीचौकी नीतेश ठाकुर ने किया। जिला आपदा प्रबंधन एजेंसी द्वारा आयोजित इस शिविर में उपमंडल बालीचौकी की तहसील औट व उपतहसील थाची के अलावा तहसील बालीचौकी के 60 प्रशिक्षणार्थियों को तीन दिनों तक आपदा से बचाव कैसे करें इसे लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। सोमवार को आयोजित पहले सत्र में जिला आपदा प्रबंधन एजेंसी के जिला उपसमन्वयक अमरजीत सिंह ने प्रतिभागियों को भूकंप, बाढ़, एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान हमें आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों का जीवन बचाना चाहिए। बुधवार को शिविर का समापन होगा। प्रतिभागियों को जिला आपदा प्रबंधन एजेंसी द्वारा सर्टिफिकेट भी बांटे जाएंगे।

### आईटीआई मंडी में कैंपस इंटरव्यू 15 को

**मंडी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में 15 मार्च को सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड कंपनी हंसलपुर प्लांट गुजरात के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन करने आ रही है। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर रविंद्र सिंह बनयाल ने कहा कि साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार को दसवीं में 40 प्रतिशत अंकों और आईटीआई में 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना अनिवार्य है। यह साक्षात्कार केवल युवकों के लिए होंगे, इसके लिए आयु सीमा 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी राजेंद्र कटोच ने कहा कि कंपनी को 200 अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी 21 हजार रुपए सीटीसी प्रतिमाह और अपरेंटशिप के लिए 14925 रुपए प्रतिमाह देगी।

### ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ किया

**जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी की अध्यक्षता में ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ ग्राम शक्ति केंद्र भराड़ू के भराड़ू बूथ से किया गया। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा को जोन में विभाजित किया जाएगा व गो पूजन, कृषि यंत्र पूजन से यह कार्यक्रम आरंभ होगा व कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में शहीद परिवार को सम्मानित भी किया जाएगा। यदि किसी क्षेत्र में शहीद स्मारक बना है तो वहां पुष्प व माल्यार्पण किया जाएगा उसके उपरांत बूथ में केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के घर द्वार जाकर कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव प्रचार करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जम्वाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल महामंत्री शक्ति राणा, संजीव कुमार, कार्यक्रम के भराड़ू जोन प्रभारी भागीरथ धरवाल, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्ञान चंद, मंडल उपाध्यक्ष रीता ठाकुर, मंडल प्रभारी जय सिंह लगवाल, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश चौधरी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष प्रताप आदि उपस्थित रहे।



### लडभड़ोल कॉलेज के विद्यार्थी सम्मानित


सम्मानित किए गए विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल के करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सैल और विवेकानंद केंद्र की कांगड़ा शाखा द्वारा संयुक्त रूप से दिसंबर 2023 में आयोजित सामान्य जागरूकता परीक्षा में महाविद्यालय लडभड़ोल के सूजल भारती, साहिल और आर्यन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। ज्ञात रहे कि इस परीक्षा में लडभड़ोल क्षेत्र के विभिन्न पाठशालाओं व कॉलेज के 620 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को विवेकानंद केंद्र कांगड़ा की ओर से पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की शाखा कांगड़ा के संयोजकों को धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों को बधाई दी।

# उपायुक्त ने शिवरात्रि महोत्सव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## तैयारियों की समीक्षा बैठक में अपने दायित्वों को अच्छे से निभाने का किया आह्वान

**अनिल शर्मा, मंडी**


अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अपूर्व देवगन।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मेले के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों से अपने दायित्वों को अच्छे से निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि हम सबका अपना मेला है, सब लोग जिम्मेदारी समझें और आयोजन से जुड़े दायित्वों को अच्छे से निभाएं। उपायुक्त ने मेले में देव समाज की परंपराओं के संपूर्ण सम्मान की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इसे लेकर अधिकारियों को समय से सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मेले में पधारने वाले देवी-देवताओं के आदर-सत्कार तथा देवलुओं के लिए ठहरने, खाने, बिजली, पेयजल एवं स्वच्छता संबंधी सारी व्यवस्था की जानकारी ली तथा जरूरी मार्गदर्शन किया। उपायुक्त ने मेले में जलेब के भव्य और व्यवस्थित आयोजन के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलेब को व्यवस्थित तरीके से निकालने के लिए जलेब के मार्ग में चिन्हित पड़ावों पर प्रशासन और पुलिस के अधिकारी तैनात रहेंगे। उनके पास वायरलैस वॉकी-टॉकी सेट रहेंगे, ताकि उनमें आपस में बेहतर संवाद बना रहे और जलेब के क्रम में गैप न पड़े। जलेब में आकर्षक झांकियां भी शामिल रहेंगी। बता दें कि शिवरात्रि मेले की प्रथम जलेब नौ मार्च को, मध्य जलेब 12 को तथा तीसरी व अंतिम जेलब 15 मार्च को निकाली जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मेले में आयोजित की जाएंगी ये स्पर्धाएं

शिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन पिछले वर्ष की भांति इस बार भी सेरी मंच पर होगा। सांस्कृतिक संध्याएं नौ से लेकर 14 मार्च तक होंगी। पांच संध्याएं रात्रि 10 बजे तक जबकि एक सांस्कृतिक संध्या रात्रि 12 बजे तक होगी। डीसी ने मेले में खेल प्रतियोगिताओं को शानदार तरीके से आयोजित कराने को कहा। इस बार पहली दफा खेल स्पर्धाओं में निशानेबाजी और साइकिल प्रतियोगिता भी शामिल की गई है। लिहाजा उन्होंने इसे लेकर समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हॉकी और फुटबाल स्पर्धाएं आरंभ हो चुकी हैं। खेलों में बैडमिंटन, बॉक्सिंग, छिंज, बास्केटबाल, किक बॉक्सिंग, वॉलीबाल, कबड्डी, रंगोली, टग ऑफ वार तथा मैराथन इत्यादि स्पर्धाएं भी होंगी।

### देव सूरजपाल को शिवरात्रि में निमंत्रण की मांग

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसख्यक वर्ग परिषद द्वारा सोमवार को देव सूरज पाल देवता गांव ओड़ीधार भटवाड़ी डाकघर कोट खमराधा तहसील औट जिला मंडी को महाशिवरात्रि में जो सुविधाएं सभी देवताओं को मिलती है उन्हीं के संदर्भ में एडीसी मंडी रोहित राठौर को ज्ञापन सौंपा। पिछड़ा वर्ग के राज्य प्रवक्ता व महासचिव चमन राही ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से दलित गांव बस्ती ओड़ीधार भटवाड़ी के दलितों के आस्था का प्रतिक है। देवता कमेटी में समस्त सदस्य अनुसूचित जाति से संबंधित है और इनके पदाधिकारियों ने मौखिक रूप से शिवरात्रि देवता कमेटी से भी वार्ता व इनके पदाधिकारियों का नेतृत्व में समय-समय पर मिलते रहे है, लेकिन आज तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। देवता के कारदार नोखू राम ने देव सूरज पाल को जिला प्रशासन व शिवरात्रि आयोजन समिति से और देवताओं की भांति मेले में भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग उठाई है

**भव्य और व्यवस्थित तरीके से निकलेगी जलेब**

### पड्डल में तैनात रहेगी खाद्य सुरक्षा परीक्षण मोबाइल वैन

अपूर्व देवगन ने मेले में स्वच्छता व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध करने को कहा। उन्होंने यह सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए कि प्रत्येक दुकानदार अपने स्टॉल पर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग कूड़ादान रखें। नगर निगम के अधिकारी इसकी निगरानी करें। उन्होंने पड्डल में खाद्य सुरक्षा परीक्षण मोबाइल वैन तैनात रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल होगी स्मारिका, कला संस्कृति के साथ सामाजिक मुद्दों पर लेख की बहुरंगी स्मारिका प्रकाशित की जाएगी। पड्डल में विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यातायात और पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने के लिए योजना बनाएं।

### पनारसा कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान

**पंडोह।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन नेहरु युवा केंद्र मंडी एवं एनएसएस इकाई, राजकीय महाविद्यालय पनारसा द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम को आरंभ किया जिसमें बतौर मुख्य वक्ता महाविद्यालय कुल्लू के सहायक प्रोफेसर डॉ. खेम चंद ठाकुर मौजूद रहे। डॉ. खेम चंद ठाकुर ने स्वयंसेवियों को अपने भाषण में लोकतंत्र में मतदान की अहमियत के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर कृष्ण लाल ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम अगले तीन दिन तक चलता रहेगा जिसमें पहले दिन भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता कराई गई। पोस्टर मेकिंग में अर्चना प्रथम, हर्षिता द्वितीय एवं सविता तृतीय स्थान पर रही जबकि नारा लेखन प्रतियोगिता पूजा प्रथम, वेदिका द्वितीय एवं रेशमा तृतीय स्थान पर रही। उन्होंने बताया की अगले दो दिनों में मतदाता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण लोगों के बीच जाकर नुक्कड़ नाटक, रैली एवं नारों द्वारा उन्हें जागरूक किया जाएगा।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के धनोटू पुलिस थाना के तहत जमा दो कक्षा में पढ़ने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धनोटू में दर्ज कराई एफआईआर में नाबालिग के पिता ने कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी जमा दो कक्षा में पढ़ती है। वह 21 फरवरी को घर से लोक मित्र केंद्र से अपना आधार कार्ड लेने को कह कर गई थी, लेकिन वह 24 फरवरी को सात करीब नौ बजे घर वापस लौटी। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि जब वह घर से निकली थी तो रास्ते में उसे एक युवक मिला और वह उसे बहला फुसलाकर अपने घर ले गया तथा 23 फरवरी को उसके साथ आरोपी ने गलत काम किया है। डीएसपी भारत भूषण ने मामले की पुष्टि की है।

### घनाला में हल व औजारों की पूजा कर परिक्रमा अभियान शुरू

**संधोल।** किसान मोर्चा धर्मपुर द्वारा संधोल क्षेत्र की घनाला पंचायत से ग्राम परिक्रमा अभियान की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर और भाजपा के पूर्व प्रत्याशी, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर रहे। उन्होंने अभियान की शुरूआत विधिवत रूप से हल व औजारों की पूजा करके की। इस अभियान के तहत धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव व हर गली में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

# बालीचौकी में मनरेगा को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करवाएंगे: अनिल कुमार

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**



विकास खंड बालीचौकी में मनरेगा कार्य का प्रभावी और कानूनी तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा। यह बात विकास खंड बालीचौकी का कार्यभार संभालने वाले युवा खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार गुरादा ने कही। उन्होंने कहा कि विकास खंड बालीचौकी का मंडी जिला में मनरेगा कार्यों के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण स्थान रहा है और ऐसे में इस खंड में मनरेगा कार्यों को विकास के मानचित्र पर और भी प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्यों को न केवल विस्तृत किया जाएगा बल्कि गुणवत्ता को लेकर भी जवाबदेही सुनिश्चित करवाई जाएगी। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि उनका कार्यकाल चार दिन या चार मास का हो बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि विकास कार्यों को किस गति से अमलीजामा पहनाया जाता है।

पूर्व में खंड विकास अधिकारी चंबा का दायित्व संभालने वाले इस युवा अधिकारी ने कहा कि विकास खंड बालीचौकी में विकासात्मक कार्यों को गति देने के अलावा उनका क्षेत्र में हर पंचायत में पुस्तकालय खुलवाने का भी प्रयास रहेगा। उन्होंने लाइब्रेरी खोलने के लिए स्थानीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे अब किशोरों में पठन पाठन की रुचि बढ़ती जा रही है, लेकिन लाइब्रेरी न होने के कारण उन्हें घर से काफी दूर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बालीचौकी विकास खंड में सभी विकास कार्य पारदर्शी तरीके से कराए जाएंगे और बिना देखरेख किसी भी योजना का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाएगा।

2020 बैच एचएएस अधिकारी अनिल कुमार को अपनी पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए जाना जाता है। चंबा में खंड विकास अधिकारी के अलावा इन्होंने कई अन्य स्थानों पर भी बेहतर कार्य किया है। वर्तमान में जिलाधीश अपूर्व देवगन भी इससे पूर्व चंबा के डीसी रह चुके हैं और ऐसे में अब बालीचौकी विकास खंड को इन दोनों अधिकारियों की जुगलबंदी विकास खंड के विकास को और गति दे सकती है। (अनंत ज्ञान)

### प्यार चंद राजू तीसरी बार चुने गए टैक्सी यूनियन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

जय माता नबाही देवी टैक्सी ऑपरेटर यूनियन की बैठक चेयरमैन की अध्यक्षता में टैक्सी यूनियन कार्यालय सरकाघाट में हुई। इस बैठक में कार्यकाल समाप्त होने पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें प्यार चंद ऊर्फ राजू को तीसरी बार प्रधान चुना गया। जबकि वीरेंद्र कुमार चौहान को उपप्रधान, महासचिव संजय राही, संयुक्त सचिव राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष जगन बनेर, सलाहकार अधिवक्ता विजय कुमार, मुख्य सलाहकार विनोद कुमार, संगठन मंत्री विरी दत्त को चुना गया वहीं अशोक कुमार, संजय कुमार, विपिन शर्मा, आशीष, रितेश कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया।


जय माता नबाही देवी टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

### सुंदरनगर में स्वयंसेवियों ने जागरूकता रैली निकाली




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के एनएसएस स्वयंसेवियों ने सोमवार को शतप्रतिशत मतदान अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता शर्मा व राजमल राणा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. रेनू कालिया ने रैली को रवाना किया। स्वयंसेवियों ने रैली महाविद्यालय परिसर से ललित चौक व महाविद्यालय परिसर लौटकर पूर्ण की।

इस दौरान स्वयंसेवियों ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. रोहिणी राणा, मैडम नीतू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चुनावों की तैयारियों को लेकर की गई चर्चा

**सरकाघाट।** लोकसभा चुनावों को सुचारु रूप से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन को लेकर नियुक्त नोडल अधिकारियों की एक बैठक सोमवार को एसडीएम कार्यालय में सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारियों को उनके कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार सरकाघाट मुनीष कुमार, तहसीलदार बलद्वाड़ा प्रवीन कुमार, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी चुनी लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### आज होगा 13 दिन से लटके गांधी भवन के साथ प्रस्तावित गेट के काम का फैसला

**पुष्पराज, मंडी**


नगर निगम के मुख्य गेट के कार्य के लिए किए गए गड्ढे और वहां रखा गया सामान।

गांधी भवन के साथ में नगर निगम के मुख्य द्वार का काम अधर में लटक गया है। अलम अब यह है कि मुख्य द्वार के लिए लाया गया सामान अब पड़ा हुआ राहगीरों की ठोकरें खा रहा है। साथ ही गेट के लिए किए गए गड्ढों में कूड़ा कचरा गिर रहा है।

बता दें कि निगम कार्यालय के लिए गांधी भवन के पास साढ़े छह मीटर ऊंचा गेट बनाना प्रस्तावित हुआ था। इस गेट से 24 घंटे लोगों का आना जाना रहेगा। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने यह पहले ही साफ कर दिया था कि गेट बनने से किसी को भी कोई भी परेशानी नहीं आएगी। शहर के बीच कार्यालय होने के कारण यहां पर गेट बनवाने के लिए सभी पार्षदों ने भी हामी भरी थी, लेकिन कुछ मनोनीत पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए इस कार्य को बंद करवा दिया।

महाशिवरात्रि को कुछ ही समय रह गया है और नगर निगम पर पूरे शहर की साफ-सफाई का भी जिम्मा रहता है, लेकिन इस मसले को हल करने में अभी तक कोई खास कोशिश नहीं की गई है। ठेकेदार द्वारा इसका सारा सामान एकत्र कर 50 प्रतिशत कार्य पूरा भी कर लिया गया है। साथ ही यहां बैठने वाले सब्जी विक्रेताओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम आयुक्त मंडी एचएस राणा ने बताया की गेट बनाने या न बनाने का फैसला मंगलवार को हाउस की बैठक में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**आक्रोश** किसानों के दमन केंद्र की नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

# सेरी चांदनी में वामपंथियों का हल्ला बोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विरोध-प्रदर्शन करते हुए वामपंथी संगठन के सदस्य।

किसानों पर हो रहे दमन तथा मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को मंडी के सेरी चांदनी में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा, सीटू, महिला समिति, नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर किसान सभा जिला सचिव रामजी दास, सीटू प्रधान भूपेंद्र सिंह, जिला सचिव राजेश कुमार, गुरदास, जनवादी महिला समिति राज्य अध्यक्ष बिना वैद्य, नौजवान सभा राज्य अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की खट्टर सरकार ने किसानों पर घोर दमनात्मक कार्रवाई की है। मोदी सरकार कॉरपोरेटस के हित साधने के लिए लगातार किसानों का गला घोंट रही है। सरकार ने किसानों से किए एक भी वादे को पूरा नहीं किया।

मोदी सरकार ने न तो एमएसपी का कानून बनाया, न बिजली विधेयक वापस लिया, न मुकद्मे वापस लिए और न ही स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया। हाल ही में किसानों पर बर्बर गोलियां दागने, रबड़ बुलेट दागने से यह सिद्ध हो गया कि बीजेपी सरकार कॉरपोरेट की नौकर बनकर रह गई है तथा अंग्रेजों की तरह ही किसानों, मजदूरों का दमन करती है।

### शिव वालिया को देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से नवाजा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


देवभूमि अचीवर अवॉर्ड कार्यक्रम के दौरान सांसद सुरेश कश्यप शिव वालिया को सम्मानित करते हुए।

उपमंडल जोगिंद्रनगर के ऐहजु से संबंध रखने वाले युवा शिव वालिया रविवार को शिमला के कालीबाड़ी हाल में देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शिमला लोकसभा से सांसद सुरेश कश्यप ने शिरकत की।

यह कार्यक्रम विशाल इवेंट गुरु प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विशाल शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद सुरेश कश्यप द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएं देने वालो और उत्कृष्ट हस्तियों को देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। युवा शिव वालिया समाजसेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा सभी शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



विधानसभा बजट सत्र 2024-25



# विस में उठा मनीष हत्याकांड मसला

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सोमवार को विधानसभा में सदन तपा रहा। नेता प्रतिपक्ष की ओर से सदन में यह सवाल उठाया गया कि प्रदेश में लगातार मर्डर व हमले हो रहे हैं। इसको लेकर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस पर जवाब दिया कि इस पर अलग से चर्चा रखी गई है। उसमें विस्तृत जानकारी दी जाएगी। सरकार इस चर्चा से भाग नहीं रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा में प्रश्नकाल से पहले प्वांट ऑफ ऑर्डर बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर बात की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिमला पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने रात के लगभग डेढ़ बजे 21 साल के नौजवान मनीष की हत्या होती है उसके कारण पूरे प्रदेश भर में बहुत बड़ा रोष है, आक्रोश है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि जो हत्यारा है और हत्या करके भाग निकला है, वह हिमाचल की बाउंड्री से बहार निकल चुका है, लेकिन पुलिस अभी तक भी उसको पकड़ नहीं पाई है। सीसीटीवी की फुटेज की जानकारी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है।

जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पुलिस आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश पुलिस विधायको की लोकेशन विधायको के फोन टैप करने के काम में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में वरिष्ठ सदस्य सुधीर शर्मा को भी जान से मरने की धमकी दी गई है। बंबर ठाकुर पर जानलेवा हमला किया गया। हिमाचल प्रदेश में एक नहीं अनेक घटनाएं घटित हुई हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि में कानून-व्यवस्था की परिस्थिति चिंताजनक है। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### चंबा में होगा 15 योजनाओं का निर्माण: चंद्र कुमार




**नीरज** नैयर के सवाल के जवाब में कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में चंबा जिले के विभिन्न उपमंडलों में जीका के तहत छह स्कीमों का काम चल रहा है। इन स्कीमों पर साढ़े चार लाख की राशि व्यय हुई है, जबकि करीब 254 लाख रुपए की धनराशि खर्च होनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फसल विविधिकरण परियोजना चरण दो के तहत चंबा जिला में 15 स्कीमों का निर्माण होगा, इनमें छह स्कीमों का कार्य शुरू किया जा चुका है, जो कि जनवरी 2025 तक पूरा कर दिया जाएगा। शेष बचे कार्य मई 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।

### रेडक्रॉस सोसायटी का जल्द किया जाएगा पुनर्गठन: शांडिल



**धर्मपुर** के विधायक चंद्रशेखर के रेडक्रॉस सासोयटी संबंधी सवाल पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी का शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा और इसमें स्थानीय व नए लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सोसायटी में पूरे प्रदेश से लोग शामिल हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रेडक्रॉस सोसायटी में कोई भी उपाध्यक्ष नहीं है और आने वाले दिनों में सोसायटी में उपाध्यक्ष की तैनाती की जाएगी। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री की पत्नी रेडक्रॉस सोसायटी का नेतृत्व करती है और इस बार भी इसका निर्वाह होना चाहिए। इस पर मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि इसका अनुसरण किया जाएगा।

### आईजीएमसी-टांडा में कैंसर उपचार सुविधा अधूरी: परमार



**सोमवार** को विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विधायक विपिन सिंह परमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कैंसर उपचार सुविधा अधूरी है। इसके तहत अस्पतालों में आवश्यक उपकरण एवं मशीनरी उपलब्ध है, लेकिन स्टाफ की कमी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सिविल अस्पतालों की हालत ठीक नहीं है। ऐसे में पीएचसी व सीएचसी में बेहतरी की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पैट स्कैन व रेबोटिक सर्जरी की दिशा में आगे बढ़ना ठीक है, लेकिन सरकार को पहले हिमकेयर और क्रस्ना लैब की बकाया राशि जमा करवानी चाहिए। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में दवा माफिया दबदबा रहा है। इस कारण डॉक्टर बुखार होने पर भी अतिरिक्त दवाओं को लिख रहे हैं। उन्होंने डॉक्टरों की बांड राशि करोड़ों में करने की मांग की हैं।



विधानसभा सदन की ओर जाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कांग्रेस की तरफ से विधायकों पर बनाया जा रहा दबाव

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से डरी कांग्रेस, जयराम ने व्हिप को बताया गलत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से डर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप विधायक चुने गए प्रतिनिधि है और उनको अपने वोट देने का अधिकार है। विधायकों पर दबाव डालने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जयराम ने कांग्रेस की व्हिप को गलत बताया है। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से विधायकों पर दबाव डालने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

22 फरवरी को कांग्रेस पार्टी विधायक दल के मुख्य सचेतक हर्षवर्धन द्वारा जारी एक बयान में लिखा गया है कि राज्यसभा के इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी के कैंडिडेट ही वोट डालेंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इलेक्शन कमिशन, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की ओर से कहा गया है कि कभी व्हिप जारी ही नहीं किया जा सकता, लेकिन उसके बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा व्हिप जारी किया गया है। इससे कांग्रेस सरकार की मंशा साफ दिखती है कि विधायकों के ऊपर दबाव डाला जाए।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### मुख्यमंत्री सुक्खू पर लगाए आरोप

नेता प्रतिपक्ष ने वर्तमान मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के विधायकों को यह निर्णय बताते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ बैठक में कहा की इसमें मैनडेटरी है कि जब वोट डाला जाएगा तो दोनों पार्टी की ओर से ऑथोराइज्ड एजेंट अपनी पार्टी के उस ऑथोराइज्ड एजेंट को वोट डालने के बाद वोट दिखाना होगा और विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वोट दिखाने के बाद किसी भी मेंबर ने अगर क्रॉस वोटिंग की है तो उसका वोट इनवैलिड होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो ऑथोराइज्ड इलेक्शन एजेंट सिर्फ वोट को देख सकते हैं, लेकिन उसको इनवैलिड करने की कोई भी ताकत उसमें नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि शिमला पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने रात के लगभग डेढ़ बजे 21 साल के नौजवान लड़के की हत्या होती है उसके कारण पूरे प्रदेश भर में बहुत आक्रोश है।

### हिमाचल में ई-टैक्सी खरीदने के लिए 1208 आवेदन



**नगर** एवं ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के पहले चरण में 500 ई-टैक्सी परमिट दिए जाएंगे। ई-टैक्सी खरीदने के लिए प्रदेश भर से बेरोजगार युवाओं के 1208 आवेदन सरकार के पास पहुंचे हैं। इस योजना के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए सरकार बेरोजगारों को 50 फीसदी अनुदान देगी। राजेश धर्माणी ने सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान डीएस ठाकुर, बिक्रम सिंह, विपिन सिंह परमार और चैतन्य शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। प्रदेश में इलैक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी लागू होने के बाद दो हजार दो सौ 75 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें 82 व्यवसायिक वाहन और 2152 निजी वाहन शामिल हैं। इसके अलावा 40 व्यवसायिक वाहन सरकार व सरकारी उपक्रमों में पंजीकृत हैं। राजेश धर्मानी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी इलैक्ट्रिक वाहनों के पंजीकरण पर टोकन टैक्स में शत-प्रतिशत छूट और टोकन टैक्स में 50 फीसदी छूट प्रदान की है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कोई भी इलैक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी स्थापित नहीं हैं। ऐसे में इन कंपनियों को टैक्स इनसेंटिव प्रदान करने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पहले चरण में छह राजमार्गों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में अधिसूचित किया है। इन राजमार्गों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मनाली में ओडिशा के पर्यटक की मौत

**मनाली।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में ओडिशा के एक पर्यटक की हाइपोथर्मिया से हार्ट अटैक आने के कारण मौत हो गई है। पर्यटक की जब तबीयत बिगड़ी तो उसके साथ आए उसके दोस्त शंभू, सुनील व चंदन भजदेव उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनाली लेकर गए, लेकिन यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक की पहचान चंदन महंतो (21) पुत्र परमेश्वर महंतो गांव वागड़िया डाकघर भोडिया, तहसील समयकुंडा जिला मयूरगंज ओडिशा के रूप में हुई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

### प्रदेश की कानून व्यवस्था बदहाल: नंदा

**शिमला।** भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा की शिमला शहर माल रोड पर, रिपोर्टिंग रूम के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में रात 2 बजे एक हत्या का मामला सामने आया, इससे शिमला और प्रदेश की जनता में सनसनी का माहौल है। 21 साल के युवा लड़के की हत्या ने प्रदेश हो हिला कर रख दिया है, जनता को साफ लग रहा है की हिमाचल प्रदेश में कानून-व्यवस्था की हालत खस्ता हो गई है। क्या यह ही कांग्रेस पार्टी की व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने कहा की शिमला शहर में विधान सभा का आयोजन किया गया है और शहर एक छावनी बना हुआ है तब भी मॉल रोड पर मर्डर होना प्रशासन पर बड़ा सवाल है।

### डेयरी विकास के लिए 250 करोड़ का ऋण लेगी सरकार

**शिमला।** पशुपालकों की आय बढ़ाने की योजना के तहत डेयरी विकास के लिए नाबार्ड प्रदेश सरकार को ऋण देगा। सरकार के प्रस्ताव को नाबार्ड ने स्वीकृति दे दी है और अगले सप्ताह इसे लेकर सरकार और नाबार्ड के बीच एग्रीमेंट की तैयारी है। नाबार्ड से चार फीसदी ब्याज पर करीब 250 करोड़ रुपए ऋण लेने की योजना है। सरकार ने डेयरी विकास के लिए जायका (जापान इंटरनेशनल कारपोरेशन एजेंसी) से बजट मांगा था जो स्वीकार नहीं हो सका। दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कांगड़ा जिले के ढगवार में 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता के स्वचलित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना करने जा रही है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर का खर्च सरकार अपने स्तर पर वहन करेगी। प्रोजेक्ट के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) परामर्श सेवाएं उपलब्ध करवाएगा। नाबार्ड से मिलने वाले ऋण से संयंत्र तैयार किया जाएगा। ढगवार संयंत्र के लिए प्रतिदिन 2.74 लाख लीटर दूध की खरीद होगी।

# 30 देशों से भारत पहुंचा 2 करोड़ पेटी सेब, बागवानों को करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



देश में इरान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और चिली, यूएसए और ब्राजील से सबसे अधिक सेब आयात हुआ है। ईरान का सेब अवैध रूप से भारत पहुंच रहा है, जिसके चलते इसके दाम कम हैं। भारत में 30 देशों से जनवरी 2023 से नवंबर 2023 तक करीब दो करोड़ पेटी सेब आयात हुआ है।

भारी मात्रा में सेब आयात होने से सीए स्टोर में रखे हिमाचली सेब की मांग घट गई है। हरीश चौहान अध्यक्ष सेब सब्जी एवं फूल उत्पादक संघ ने कहा कि इससे बागवानों को करोड़ों के नुकसान उठाना पड़ रहा है। ईरान, अफगानिस्तान, न्यूजीलैंड और चिली, यूएसए और ब्राजील से सबसे अधिक सेब आयात हुआ है। साफ्ता (साउथ एशियन फ्री ट्रेड एरिया) के चलते बिना शुल्क चुकाए ईरानी सेब अफगानिस्तान के रास्ते भारत पहुंच रहा है। खर्चा कम होने के कारण यह सस्ता है। हर साल बाहरी देशों से भारी मात्रा में सेब आयात होता है। सेब की खपत के लिए विदेशों को भारत में बड़ा बाजार मिलता है। हिमाचल के बागवानों की मांग है कि जब तक स्थानीय सेब पूरी तरह खत्म नहीं होता, तब तक विदेशी सेब के आयात पर रोक रहनी चाहिए। सेब के आयात पर बेस रेट प्रतिकिलो 50 से बढ़ाकर 100 रुपए और विदेशों के सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी किया जाना चाहिए, तभी स्थानीय सेब उत्पादकों को फसल के संतोषजनक दाम मिलेंगे। हिमाचल सरकार ने भी विदेशी सेब पर आयात शुल्क 100 फीसदी करने की मांग केंद्र सरकार को भेजी है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी का कहना है कि केंद्र सरकार से आयात शुल्क बढ़ाने और डब्ल्यूटीओ में सेब बागवानों का मुद्दा प्रमुखता से उठानी की मांग की गई है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर विदेशों से आयात हो रहे सेब का बेस रेट 100 रुपए प्रति किलो तथा आयात शुल्क 100 फीसदी करने का आग्रह किया है। डब्ल्यूटीओ में भी सेब उत्पादकों की मांग प्रमुखता से उठाने की मांग की गई है।

**देश में पहुंचा इतना विदेशी सेब (लाख बाक्स)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| टर्की | 1, 05,14,501 | चिली | 7,94,063 |
| ईरान | 45,31,650 | न्यूजीलैंड | 7,29,581 |
| इटली | 21,07656 | ब्राजील | 6,82,668 |
| अफगानिस्तान | 12,64,711 | यूएसए | 1,75,773 |

## हैप्पी बर्थडे



जवाली (चलवाड़ा) के मानवीर को पांचवें जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नगरोटा बगवां के रजत को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# भाजपा उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने शिमला में जमाया डेरा, कांग्रेस विधायक चुपके से मिला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए मंगलवार को चुनाव तय है। भाजपा और कांग्रेस के दोनों राजनीतिक दलों के कई केंद्रीय नेता शिमला में डेरा जमाए हुए हैं। कांग्रेस के बड़े नेता सभी विधायकों के साथ डिनर डिप्लोमेसी में व्यस्त हैं। वहीं, भाजपा के उपाध्यक्ष सौदान सिंह होटल मरीना में हैं।

होटल मरीना में भाजपा के प्रदेश के कई बड़े नेता भाजपा उपाध्यक्ष से मिलने पहुंचे। वहीं, कांग्रेस का एक विधायक रात के अंधेरे में भाजपा उपाध्यक्ष सौदान सिंह से मुलाकात कर कांग्रेस की डिनर डिप्लोमेसी में होटल सिसल पहुंच गया। अभी तक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस पार्टी अपनी जीत के प्रति पूरी तरह कॉन्फिडेंट है। चिंतपूर्णी के विधायक बलविंद्र सिंह बबलू बीमार होने के कारण होशियारपुर में हैं, वहीं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह उन्हें लाने के लिए होशियार पर पहुंच चुके हैं। मंगलवार को होने वाले राज्यसभा के चुनाव में अब क्या होता है यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन यह राज्यसभा का चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा बना है। देश भर में भाजपा एक मजबूत दल में गिना जा रहा है।

# स्टाफ नर्सों को स्थानांतरित करने के बावजूद रिलीव न करने पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश हाई कोर्ट ने आईजीएमसी शिमला में तैनात स्टाफ नर्सों को स्थानांतरित करने के बावजूद रिलीव न करने पर कड़ा संज्ञान लिया है।

कोर्ट ने सरकार को तीन दिनों के भीतर यह बताने को कहा है कि दिसंबर 2023 से अभी तक कितनी स्टाफ नर्सों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं। न्यायाधीश रंजन शर्मा ने प्रार्थी निशा कुमारी और नीतू कुमारी की याचिकाओं की सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। प्रार्थियों का आरोप है कि उन्हें 16 फरवरी को आईजीएमसी से क्रमश: कांगड़ा और मंडी जिला के सिविल अस्पताल में तैनाती के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए गए थे, परंतु अभी तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया है। मामले पर सुनवाई 29 फरवरी को निर्धारित की गई है।

# पेन डाउन स्ट्राइक में शामिल डॉक्टरों का सरकार ने मांगा ब्यौरा

## बड़ी कार्रवाई की तैयारी में सरकार, हो सकते हैं तबादले

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल में पेन डाउन स्ट्राइक पर चल रहे डॉक्टर्स का सरकार ने सभी जिलों से ब्योरा मंगवाया है। उधर, डॉक्टर ने पल्स पोलियो अभियान की वजह से अब सामूहिक अवकाश पर पांच तारीख को जाने के ऐलान को सात मार्च को करने का ऐलान किया है।

इसके अलावा डॉक्टर्स ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के रवैए के खिलाफ मंगलवार से दिन में ही कैंडल मार्च निकलने का अभियान जिला बार शुरू करने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक स्वास्थ्य सचिव ने प्रदेश भर के सभी जिलों के सीएमओ से डिटेल रिपोर्ट भेजने को कहा है। माना जा रहा है कि इसी सप्ताह बड़े स्तर पर उनके तबादले हो सकते हैं। क्योंकि प्रदेश भर के तकरीबन 2900 डॉक्टर्स पेन डाउन हड़ताल पर चल रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने भी इन्हें समर्थन दिया हुआ है। वहीं, हमीरपुर जिले में दो डॉक्टरों का प्रतिनियुक्ति पर तबादला भी किया गया है। इनमें एक डॉक्टर सुजानपुर से है, जो वहां के कार्यकारी बीएमओ भी हैं, उन्हें और बड़सर के एक डॉक्टर को भोटा अस्पताल में राउंड द क्लॉक ड्यूटी देने के लिए प्रति नियुक्ति पर भेजा है। उनके आदेश सोमवार को हो गए हैं। गौर रहे कि प्रदेश भर में प्रतिनियुक्ति को लेकर सरकार ने पिछले सप्ताह ही सारे आदेश रद्द कर दिए थे। (अनंत ज्ञान)

### दि में निकालेंगे कैंडल मार्च

**मेडिकल** ऑफिसर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बताया कि मंगलवार से हमीरपुर जिला के सभी ब्लॉकों में दिन के समय ही कैंडल मार्च आयोजित किए जाएंगे। क्योंकि उनकी मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी अलग-अलग रवैया अपना रहे हैं। कैजुअल लीव पर जाने के लिए अब पल्स पोलियो अभियान के कारण सात मार्च का दिन तय किया गया है, ताकि पांच मार्च को पल्स पोलियो अभियान पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े।

**सौगात** प्रधानमंत्री ने वर्चुअली किया अमृत भारत योजना के अंतर्गत शिलान्यास, राज्यपाल ने की शिरकत

# अब बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन के बहुरेंगे दिन

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 13,168 करोड़ रुपए के रेलवे परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिससे पहाड़ी प्रदेश में रेल नेटवर्क सुदृढ़ होगा और लोगों को और बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी। राज्यपाल सोमवार को कांगड़ा जिले के बैजनाथ पपरोला रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

वह यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल तौर पर अमृत भारत योजना के अंतर्गत देश भर में एक साथ 553 स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1585 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास के लोकार्पण एवं शिलान्यास अवसर पर उपस्थित रहे।

इन परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ पपरोला स्टेशन तथा एक रोड ओवरब्रिज और अंडरपास को भी शामिल किया गया है। उन्होंने प्रदेश के लिए इन परियोजनाओं की आधारशिला के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि बैजनाथ पपरोला स्टेशन का भी अमृत भारत स्टेशन योजना में जीर्णोद्वार होगा और विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप स्टेशन निर्मित होने से शिव भूमि बैजनाथ में पर्यटकों की आमद बढ़ने से यहां लोगों को लाभ होगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में रेलवे द्वारा यात्रियों की सुगम व बेहतर यात्रा के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। वर्ष 2024-25 के बजट में रेल के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश को अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड 2081 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। (अनंत ज्ञान)

### कार्यक्रम में इन्होंने भरी हाजिरी

**इस** अवसर पर सांसद किशन कपूर, सांसद इंदु गोस्वामी ने भी लोगों को संबोधित किया। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल, पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी, सहायक मंडल रेल प्रबंधक आरके कालरा, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, सहित जिला प्रशासन तथा रेलवे के अधिकारी तथा अय गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इससे पूर्व, राज्यपाल तथा लेडी गवर्नर ने ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा अर्चना भी की।



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व अन्य पदाधिकरी।

### इंदौरा अंडरपास पुल जनता के हवाले

**इंदौरा।** इंदौरा के अंतर्गत पठानकोट-जालंधर मार्ग पर मोहटली से इंदौरा मार्ग पर रेलवे फाटक पर कई सालों से जम्मू-दिल्ली रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाई ज्यादा होने के चलते काफी देर तक लोगों को इस फाटक के बंद होने से लंबे समय तक जाम में रहना पड़ता था। यहां पर अंडरपास पुल का उद्घाटन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, महामंत्री हरदीप, मोतीलाल, अश्विनी, बीडीसी चैयरमैन सहदेव तथा रेलवे विभाग की तरफ से पठानकोट से एडीएन सचिन चोपड़ा, एसएसई रवि, इंस्पेक्टर शलेंडर कुमार आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर अभिशाप या वरदान से करवाया अवगत

**शिमला।** शिमला के संजौली कॉलेज में गौरवशाली विज्ञान सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया है। सोमवार को इस समारोह का पांचवा दिन रहा, जिसमे डॉ. अमन शर्मा, प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, एचपीयू शिमला ने साइबर अभिशाप या वरदान पर विद्यार्थिओं को अवगत किया। डॉ. पवन कुमार, वैज्ञानिक एफ और प्रमुख वन संरक्षण प्रभाग आईसीएफआरई ने हिमालय के जंगलों में कीट प्रबंधन के लिए हरित प्रौद्योगिकी चुनौतियां और पर्यावरण अनुकूल शमन रणनीतियां विषय पर विद्यार्थिओं को जानकारी प्रदान की। विभिन्न कॉलेजों के स्टाफ और छात्रों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### शिमला में बदमाशों के हौसले बुलंद : नेगी

**शिमला।** एबीवीपी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने जारी प्रेस बयान में कहा कि जब से व्यवस्था परिवर्तन की सरकार आई है, उस समय से ऐसे ही लगातार हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है प्रदेश में चोरी चकारी, लूट, मर्डर जैसी वारदातें बढ़ती हुई सामने आई हैं, जिसकी वजह से देव भूमि हिमाचल प्रदेश की छवि धूमिल हो रही है। ऐसे ही देखा जाता है कि किस प्रकार से प्रदेश के एक पूर्व विधायक की गाड़ी रोक कर उनपर जानलेवा हमला किया जाता है, जिसके चलते वे गंभीर रूप से चोटिल हो जाते हैं। क्या प्रदेश का आम नागरिक खुद को सुरक्षित कह पाएगा। ऐसे ही हम देखते हैं कि शिमला में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और बेखौफ होकर घूम रहे हैं। माल रोड पर कंट्रोल रूम के सामने एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसे पुलिस अधिकारी उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन सोमवार तड़के सुबह उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

### नॉमिनी को सौंपा प्रधानमंत्री बीमा योजना चेक

**चौपाल/नेरवा।** प्रदेश ग्रामीण बैंक की टिकरी न्योल शाखा की ओर से प्रधानमंत्री बीमा योजना के अंतर्गत चार माह पूर्व एक हादसे में मृत व्यक्ति की पत्नी को दो लाख रुपए की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। शाखा प्रबंधक प्रवीन कुमार ने बताया कि धनत निवासी श्याम सिंह बरसांटा की 14 अक्तूबर को मीनस के समीप एक पिकअप हादसे में मौत हो गई थी। श्याम सिंह की ओर से शाखा से प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत बीमा करवाया गया था। बीमा में नामित श्याम सिंह पत्नी ईला बरसांटा को दो लाख रुपए बीमा राशि का चेक सौंप दिया गया है। भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री बीमा योजना के अंतर्गत महज बीस रुपए वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपए का बीमा किया जाता है।

### रिज पर लकड़ी से बनाई सजावट की चीजें

**शिमला।** राजधानी शिमला के रिज मैदान पर खादी ग्रामोद्योग उत्सव का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में हिमाचल ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के लोगों ने भी प्रदर्शनी लगाई है। यह उत्सव सात दिवसीय है। नाहन व सोलन से भी लोग प्रदर्शनी लगाने के लिए आए हैं। इनके समूह की ओर से सामान को बनाया गया है। सभी सामान को हाथों से तैयार किया गया है। इन दोनों समूह से 100 से ज्यादा लोग काम करते हैं। पहली बार इन दोनों समूह ने शिमला में प्रदर्शनी लगाने का मौका मिला है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ शिमला घूमने आए पर्यटक भी इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं और इसकी खरीददारी कर रहे हैं। नाहन से प्रदर्शनी लगाने आए आरीफ ने बताया कि यहां पर जिन सामान को प्रदर्शनी में लगाया गया है, वो सभी सामान हाथों से तैयार किया गया है।

घनाहट्टी द्वद्बड्ड महिलाओं का ट्रैनिंग कम पर्डक्शन सेंटर द्धस्;द्ब 1द्य;द्बह्यह्लह्ल

### महिलाओं की भागीदारी को देना होगा बढ़ावा

**शिमला।** महिलाओं का ट्रेनिंग कम पर्डक्शन सेंटर में 80 दिन ट्रेनिंग के उपरांत समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्यातिथि अशोक शर्मा प्रबंधक प्रदेश राज्य सहकारी बैंक घनाहट्टी के कर कमलों की ओर से किया गया। ऊषा इंटरनेशनल से आए हरीश कुमार त्रिपाठी स्टेट हेड ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को कहा। इस अवसर पर हेल्पिंगहैंड के अध्यक्ष व संथापक कपिल कुमार ने बताया कि अगर समाज के विकास को सही दिशा देनी है, तो महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना पड़ेगा इस पहल में ऊषा और टाटा पावर के सहयोग की सराहना करते हैं, जिन्होंने दूर-दराज की महिलाओं के लिए ये प्रयास किया, टाटा पावर ऊषा तथा हेल्पिंगहैंड के सोजन्य से 100 महिलाओं की 80 दिन का सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन नौ दिसंबर से 26 फरवरी तक घनाहट्टी में चल रहे ट्रेनिंग कम पर्डक्शन सेंटर में आयोजित किया गया।

### 2016 से मनाया जा रहा वित्तीय साक्षरता दिवस

**शिमला।** शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हर वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जाता है। इसमें वित्तीय विषयों पर जागरूक किया गया, जो वर्ष 2016 से हर वर्ष मनाया जा रहा है। 26 से एक मार्च तक यह वित्तीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। करो सही शुरुआत इसका विषय रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत आरएस अमर द्वारा की गई। कार्यक्रम में आरएस अमर, क्षेत्रीय निदेशक की ओर से युवाओं के लिए वित्तीय साक्षरता पर विशेष महत्व दिया गया। इस कार्यक्रम में एसएलबीसी, राज्य के वरिष्ठ बैंकर्स, आईटीआई और केंद्रीय स्कूल के विद्यार्थीयों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों सहित 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पीऐ केसरी, संयोजक, राज्य बैंकर्स समिति, यूको बैंक केएम यादव, उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, श्रवण मांटा, प्रबंध निदेशक, हिप्र राज्य सहकारी बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह के पोस्टर्स का अनावरण भी किया गया।

### मिड-डे-मील वर्कर्स को 12 महीने का दिया जाए वेतन

**चौपाल/नेरवा।** भारतीय मजदूर संघ नेरवा-चौपल मंडल की बैठक मंडल के अध्यक्ष राय सिंह हिमटा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह नेरवा में आयोजित की गई। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हेत राम शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में संघ की मजबूती को लेकर रणनीति तैयार की गई तथा इस मौके पर कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई एवं प्रस्ताव पारित कर उनकी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सरकार को सौंपा गया। भामसं ने सरकार से मांग की है कि मिड-डे-मील वर्कर्स को दस के बजाय 12 महीने का वेतनमान दिया जाए तथा स्कूलों में 25 छात्रों की शर्त को वापस लिया जाए। सरकार से यह भी मांग की गई कि जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों को वरिष्ठता एवं योग्यता के आधार पर पद्दोन्नित प्रदान की जाए।

### सीटू ने निकाली रैली, किया धरना-प्रदर्शन

**शिमला।** राजधानी शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर सीटू द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। इस धरने में मजदूर किसानों ने अपनी मांगों को रखा। कई घंटों तक मजदूर किसान डीसी कार्यालय के बाहर बैठे रहे। मजदूरों किसानों ने डीसी ऑफिस से लोअर बाजार होते हुए शेर ए पंजाब नाज शिमला तक रैली की। किसानों के बर्बर दमन व विश्व व्यापार संगठन के खिलाफ मजदूरों किसानों ने प्रदेश में कई जगह प्रदर्शन किए। सीटू व किसान सभा ने हरियाणा पुलिस और केंद्रीय बलों द्वारा खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों पर बर्बर और अकारण बल प्रयोग, हत्याओं से नाराज हैं।

# शिक्षण संस्थानों की अनुदान व्यवस्था होगी शुरू

## सीएम ने 15.43 करोड़ से बने जवाहर लाल नेहरू ललित कला राजकीय महाविद्यालय भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरू ललित कला राजकीय महाविद्यालय लौहारब के 15.43 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

उन्होंने टुटू में पांच करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले खंड विकास कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ललित कला कॉलेज में नए पाठ्यक्रम शुरू करने व स्मार्ट कक्षाएं विकसित करने तथा खेल मैदान के लिए 20 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इस



सीएम जवाहर लाल नेहरू ललित कला कॉलेज भवन का लोकार्पण करते हुए।

क्षेत्र के लिए बस सेवा आरंभ की जाएगी और कॉलेज में छात्रावास सुविधा उपलब्ध करवाने के भी प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और गुणात्मक शिक्षा को विशेष अधिमान दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में सभी शिक्षण संस्थानों की वार्षिक रैंकिंग और उनके लिए प्रदर्शन आधारित अनुदान व्यवस्था की शुरुआत का प्रावधान किया गया है। यह व्यवस्था ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विकसित की जाएगी। पढ़ने-लिखने की संस्कृति विकसित करने के लिए बहुआयामी प्रावधान किए गए हैं।

सुक्खू ने कहा कि इस ललित कला कॉलेज की नींव पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने रखी थी। वर्तमान में संस्थान में 17 राज्यों के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। संस्थान में शिक्षा की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों को हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, क्लस्टर प्रणाली, अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा, डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना, मुख्यमंत्री सुख-शिक्षा योजना, मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना, दूध खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, विभिन्न योजनाओं, आपदा राहत पैकेज, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता सहित विभिन्न विषयों के बारे में सरकार के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग और हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित कर रही है।

**विकास कार्यों को गति दी जा रही : विक्रमादित्य**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं और कई प्रभावी कदम इस दिशा में उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तुत बजट में मनरेगा कामगारों की दिहाड़ी वर्तमान 240 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए करने की घोषणा की गई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में एक मॉडल क्षेत्र के रूप में उभर रहा है तथा विकास कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। एक वर्ष के दौरान इस विधानसभा क्षेत्र में 170 करोड़ रुपए के विकास कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक मांगें भी प्रस्तुत कीं। कॉलेज की प्रधानाचार्य कामायनी बिष्ट व स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान जीत सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# घर का इकलौता बेटा था मनीष, मां के नहीं थम रहे आंसू

## रेस्टोरेंट में चोरी करने आया था हत्यारा, चोरी करने से रोका तो गंडासे से किया वार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक माल रोड पर हुई युवक की हत्या मामले ने पूरे हिमाचल को हिलाकर रख दिया है। लोगों की आंखें तब नम हुई, जब मृत युवक की मां के आंसू आईजीएमसी के पास थमते नजर नहीं आए।

अनंत ज्ञान साइड स्टोरी

मां बार-बार यही कहती रही कि मेरे लाल को न्याय दिलाओ, जैसे मेरे लाल को मारा है, वैसे ही हथियारें को भी सजा मिलनी चाहिए, बता दें कि मनीष घर का इकलौता बेटा था और घर की जिम्मेदारी भी उस पर थी। हालांकि 10 मार्च को उसने घर भी जाना था। बताया जा रहा है कि गांव में उसने घर बनाने



माल रोड स्थित पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक पर तेजधार हथियार से हत्या के बाद आईजीएमसी पहुंचे परिजन व अन्य लोग।

का काम शुरू किया है, लेकिन मनीष के घर बनाने का सपना भी अधूरा रह गया। अभी तक जो पुलिस से जानकारी मिली है। मनीष जिस रेस्टोरेंट में काम करता है, उसमें हत्यारा चोरी करने आया था। जब मनीष ने उसे देखा, तो उसके साथ उलझ गया और उसके हाथ में गंडासा था, जिससे उसने मनीष पर वार कर दिया, जब उस पर वार हो चुका था तो वह खून से लहूलुहान होकर पुलिस रिर्पोटिंग रूम पहुंचा और बाहर से उसने रिर्पोटिंग रूम का शिशा तोड़ा। मनीष अपने आपको बचने के लिए रिर्पोटिंग रूम के पास आया था। हालांकि पुलिस ने बचाने की भी कोशिश की, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। (अनंत ज्ञान)

**आरोपी की दोस्त से रात 2:30 बजे हुई थी बात**

बताया जा रहा है कि आरोपी सतेंद्रपाल सिंह की उसके दोस्त सचिन के साथ रात 2:30 बजे बात हुई थी और आरोपी घटना को अंजाम दो बजे दे चुका था। इसी आधार पर पुलिस ने सचिन को हिरासत में लिया है। अब पुलिस के समक्ष सचिन मर्डर मामले के सारे राज खोलेगा।

**हत्या से पुलिस की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल**

जहां पर यह युवक की हत्या हुई है वह रेस्टोरेंट ठीक रिपोर्टिंग रूम के सामने है। अब लोगों के इस मामले को लेकर यह सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस को इसका पता कैसे नहीं चला। क्या पुलिस ने रात्री गश्त बंद कर दी है अगर कर भी दी है, तो रिर्पोटिंग रूम के सामने तो पता चलना चाहिए था।

> पुलिस इस मामले को लेकर गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के लिए टीमों का गठन किया गया है। हमने हथियारे के दोस्त सचिन को हिरासत में लिया है। अभी मामले को लेकर जांच जारी है। शीघ्र ही हथियारे को पकड़ लिया जाएगा। सदर थाने में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।
>
> **धर्म सैन नेगी, एसएचओ सदर थाना शिमला।**

### जुन्गा अस्पताल में पहली को लगेगा विकलांगता शिविर

**जुन्गा।** सिविल अस्पताल जुन्गा में आगामी पहली मार्च को निशुल्क चिकित्सा एवं विकलंगता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आईजीएमसी और अन्य अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

यह जानकारी सिविल अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने दी। इस एक दिवसीय शिविर में जुन्गा क्षेत्र के लोगों की निशुल्क जांच और विभिन्न प्रकार के डायग्नोटिक्स टेस्ट किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त दिव्यांग लोगों की जांच भी विशेषज्ञ चिकित्सकों के बोर्ड में की जाएगी तथा पात्र दिव्यांग लोगों को विकलंगता प्रमाण पत्र भी जारी किए जाएंगे।

## एक फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिमरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हिमरी एक फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा है। अस्पताल में फरवरी 2022 से चिकित्सक का पद रिक्त चल रहा है।

कोटखाई उपमंडल की हिमरी पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तो खोला गया है, लेकिन प्रदेश सरकार स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की तैनाती करना भूल गई है। फरवरी, 2022 से चिकित्सक का पद रिक्त है, जिसे भरने के लिए कोई भी उपयोगी नहीं उठाए जा रहे हैं। पीएचसी से खतरोट, भडेंच, घुंडा

> हिमरी पीएचसी में चिकित्सक का पद रिक्त है। पीएचसी में डेपुटेशन पर चिकित्सक भेजा जाएगा।
>
> **डॉ. सनीश चौहान, खंड स्वास्थ्य अधिकारी कोटखाई**

आदि के ग्रामीण लाभान्वित होते हैं। ग्रामीणों ने कई बार चिकित्सक का पद भरने की मांग उठाई बावजूद इसके चिकित्सक का पद खाली है। ग्रामीणों को इलाज के लिए 25 से 30 किलोमीटर सफर कर गुम्मा या कोटखाई जाना पड़ रहा है। हिमरी पंचायत के पूर्व प्रधान राजीव मैहता ने बताया कि फरवरी 2022 से पीएचसी में चिकित्सक नहीं है।

# अवैध निर्माण करने वालों की अब खैर नहीं

## निगम के शहर में ड्रोन मैपिंग, डोर-टू-डोर सर्वे और निगम आपके द्वार से हो रहा लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर में अब अवैध निर्माण करने वालों की खैर नहीं है। निगम की ओर से शहर में ड्रोन मैपिंग, डोर-टू डोर सर्वे और निगम आपके द्वार से काफी लाभ हो रहा है।

एक तरफ ड्रेनेज सिस्टम सुधरेगा व दूसरी तरफ प्रॉपर्टी का पता लगेगा और साथ ही अवैध निर्माण का भी पता चल रहा है। निगम को जितने भी अवैध निर्माण का पता चलता है, उस पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है। इसके अलावा अवैध निर्माण करने वाले पर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। इनके कारण एंबुलेंस को निकलने में काफी परेशानी आती है। शिमला शहर में लोग अवैध निर्माण करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध निर्माण के मामले सामने आए हैं। शिमला शहर में अवैध निर्माण करने वालों की हिम्मत बढ़ती जा रही है। शहर के कई वार्डों में लोगों द्वारा बेहिसाब अवैध निर्माण किया जा रहा है। हैरानी तो इस बात की है कि निगम को बीते तीन माह में ही अवैध निर्माण की 135 शिकायतें मिल चुकी हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर में किस कदर अवैध निर्माण करने वालों की हिम्मत बढ़ गई है। शहर में कई लोगों ने अवैध निर्माण इस कदर किया है कि संपर्क मार्गों से एंबुलेंस को गुजरने में भी परेशानी होती है।

**कारण बताओ नोटिस किया गया है जारी**

नगर निगम द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। अगर अवैध निर्माण करने वाले समय पर निगम के समक्ष अपना पक्ष नहीं रखते, तो निगम द्वारा उनपर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

> शहर का ड्रोन मैपिंग के साथ डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। इससे निगम को काफी फायदा हो रहा है। प्रॉपर्टी के साथ-साथ अवैध निर्माण करने वालों की जानकारी इससे हो रही है। शहर में अवैध निर्माण करने वालों को जुर्माना लगाया जाएगा।
>
> **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**

# पर्ची काउंटर से गेट तक लगी कतारें

## मरीजों को इलाज के लिए करना पड़ा इंतजार, अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर रहे डॉक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के रिपन अस्पताल में सोमवार को मरीजों को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा। 12 बजे के बाद डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं देना शुरू की।

सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी। पर्ची काउंटर पर महिलाओं की कतारें प्रवेश गेट तक पहुंच गई थी। डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से 12 बजे के बाद ही मरीजों का इलाज हो पाया। ऑर्थो और चिल्ड्रन वार्ड में लोग बाहर बैठकर डॉक्टरों का इंतजार करने को मजबूर थे। कई मरीजों को डॉक्टरों की हड़ताल की जानकारी नहीं थी। इस दौरान कई मरीज सुबह 9: 30 बजे से लेकर 12 बजे तक डॉक्टर के ओपीडी में बैठने का इंतजार करते रहे, जबकि कई मरीज करीब 11 बजे पर्ची बनवाते हुए नजर आए।



शिमला के रिपन अस्पताल में पर्ची काउंटर से गेट तक लगी कतारें।

शिमला के सभी स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर अस्पतालों में सेवाएं दे रहे एचएमओए डॉक्टर अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर रहे। यह डॉक्टर एनपीए बहाल करने, एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन, डीपीसी को रेगुलर करने, प्रोजेक्ट डायरेक्टर का कार्यभार स्वास्थ्य निदेशक को देने, विभिन्न पदों पर पदोन्नति योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर देने की मांग कर रहे हैं।

> सोमवार को भी वह अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर रहे। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी में किसी भी डॉक्टर ने सेवाएं नहीं दी, लेकिन आपातकाल में आने वाले मरीजों का इलाज किया गया। अस्पताल में 12 बजे के बाद ही मरीजों का इलाज किया गया, जब तक सरकार मांगों को पूरा नहीं करती हड़ताल जारी रहेगी।
>
> **डॉक्टर राजेश राणा, एचएमओए अध्यक्ष।**

## तीन तक दर्ज करवाएं सुझाव और आपत्तियां

**शिमला।** राज्य बिजली नियामक आयोग ने साल 2024-25 के लिए बिजली दरें तय करने से पहले जनता की राय आमंत्रित की है। प्रदेश के बिजली उपभोक्ता दरों में बढ़ोतरी नहीं चाहते हैं, तो तीन मार्च तक अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। राज्य बिजली नियामक आयोग ने साल 2024-25 के लिए बिजली दरें तय करने से पहले जनता की राय आमंत्रित की है। इसी कड़ी में 14 मार्च को आयोग के कुसुम्पटी स्थित कार्यालय में जनसुनवाई होगी। लोगों के सुझाव और आपत्तियों का बिजली बोर्ड सात मार्च तक जवाब देकर भेजेगा। जवाब से असंतुष्ट लोग 12 मार्च तक दोबारा अपनी बात रख सकेंगे।

## कैंसर मरीज के पास बनाने में फर्जीवाड़ा या अस्पताल प्रशासन की लापरवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कैंसर मरीजों को सरकार व निगम प्रबंधन एचआरटीसी बसों में फ्री यात्रा की सुविधा प्रदान करती है, लेकिन सोमवार को प्रबंधन के पास कैंसर मरीज के नाम पर बस में फ्री पास बनाने में फर्जीवाड़ा होने के अंदेशे का मामला सामाना आया है।

निगम प्रबंधन ने अंदेशा जताया है कि कैंसर मरीज के नाम पर फ्री में बस यात्रा करने का शातिर प्रयास कर रहे हैं या फिर अस्पताल प्रशासन ने ये गलती की है, जिसका खामियाजा कैंसर मरीज को भुगतना पड़ा है। सोमवार को आईएसबीटी शिमला में पास बनाने वाले कर्मचारी के पास आया। निगम के कर्मचारी नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि सोमवार को दोपहर बाद कैंसर मरीज व तीमारदार फ्री बस पास की सुविधा के लिए बस काउंटर पर आया, लेकिन जब बस फ्री यात्रा पास के लिए आईजीएमसी प्रशासन द्वारा काटी गई स्लीप को चेक किया गया, तो उस पर्ची में अस्पताल में जांच करवाने की तिथि 27 फरवरी लिखी गई है, जबकि सोमवार को 26 तारीख थी। निगम कर्मचारी ने कहा कि जब पर्ची में अस्पताल में जांच करवाने की तिथि 27 तारिख है और जो तारिख अभी आई ही नहीं है, तो कैसे मरीज ने जांच करवाई और कैसे पास बनेगा।

**तिथि में गड़बड़ी होने की मंशा के बाद नहीं बनाया बस पास**

**मुहिम** कुपवी में परंपरागत मोटा पहाड़ी अनाज उगाने की ओर बढ़ने लगा किसानों का रुझान

# रंग दिखाने लगी बीडीओ कुपवी अरविंद की मुहिम

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

बीडीओ कुपवी अरविंद गुलेरिया की क्षेत्र में मोटे परंपरागत पहाड़ी अनाज के संरक्षण के लिए छेड़ी गई मुहिम रंग दिखाने लगी है। बता दें कि कोदा, चैलाई, ओगला, चिनई, बाजरा, कांवणी व जावरी आदि मोटे अनाज की फसलें एक समय शिमला के दूरदराज क्षेत्र कुपवी की पहचान हुआ करती थी, परंतु प्राकृतिक व अन्य कई कारणों से किसान इन फसलों से विमुख हो चुके हैं तथा यह फसलें आज विलुप्त होने की कगार पर हैं।

इन फसलों के संरक्षण के लिए बीडीओ कुपवी अरविंद गुलेरिया की ओर से श्मोटा अनाज उगाओ-मनरेगा पाओ योजना शुरू की गई है। इस योजना ने अपना असर



बीज प्राप्त करते किसान व उनके साथ बीडीओ अरविंद गुलेरिया।

दिखाना शुरू कर दिया है, जो किसान मोटे अनाज की खेती लगभग पूरी तरह छोड़ चुके थे, अब उनका रुझान इन फसलों की तरफ होने लगा है। कुपवी की विभिन्न पंचायतों के अस्सी से अधिक किसान इस योजना से जुड़ कर एक से अढ़ाई बीघा जमीन पर इस वर्ष मोटे अनाज की फसल तैयार करेंगे। गुलेरिया ने कहा कि हिमाचल की 82 प्रतिशत भूमि वर्षा आधारित है और बदलती वैश्विक जलवायु से स्थानीय कृषि और खाद्य सुरक्षा को भी खतरा है। बाजरा सहित अन्य मोटा अनाज ऐसी चुनौतियों का सामना कर सकता है क्योंकि यह अनाज कम पानी की खपत करता है और इसमें पानी और कार्बन फुटप्रिंट भी कम होता है। बाजरा सहित अन्य मोटा अनाज सदियों से हमारे आहार का एक अभिन्न अंग रहा है, बाजरा को पोषक अनाज भी कहा जाता है। क्षेत्र की पहचान मानी जाने वाली इन फसलों के संरक्षण के लिए एक प्रयास शुरू किया गया है, जिसके बहुत ही साकारात्मक नतीजे सामने आने लगे हैं एवं इस वर्ष कुपवी के अस्सी से अधिक किसानों ने परंपरागत की खेती पुनः शुरू करने की हामी भरी है।

**ये किसान इस साल जुड़ेंगे मुहिम से**

दिनेश शर्मा मालत पंचायत, राजेंद्र कुमार जुडु शिलाल पंचायत, सुरेश कुमार पंचायत भालू, अशोक कुमार बांदल कफलाह, जोगिंद्र पंवार जुबली, अरुण शर्मा मझौली, कुलदीप जुबली, मोहन शर्मा झोकड़, कृष्णा मझौली, नारायण सिंह जुडु शिलाल, राम लाल मझौली, राजेंद्र शर्मा जुडु शिलाल, राजेश कुलग, कुलदीप भालू, बेली राम भालू, हिरा सिंह नौरा बौरा, सुरेश कुमार कुलग, मोहन शर्मा झोकड़, मोहर सिंबग चींद पंचायत मालत आदि किसान अपनी एक से अढ़ाई बीघा जमीन में इस वर्ष कोदा, बाजरा, कांवणी, जावरी, ओगला, चिनई आदि मोटे अनाज की फसलें तैयार करेंगे।

# गोदामों का किराया हो कम, राम बाजार के दुकानदारों ने निगम से की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के रामबाजार में दुकानदारों ने गोदामों के किराये को कम करने की मांग की है। निगम महापौर सुरेंद्र चौहान व उपमहापौर ऊमा कौशल ने राम बाजार में बने गोदामों का दौरा किया।

इस दौरान वार्ड पार्षद उंग बांगा भी मौजूद रही। वार्ड के दुकानदारों का कहना है कि गोदामों की ऊंचाई चार फुट है, जो कि बहुत कम है। इसके अलावा गोदाम में सामान भी कम ही रखा जाता है। ऐसे में दुकानदारों ने निगम से गोदामों का किराया कम करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार राम बाजार में स्मार्ट सिटी के तहत एमसी के स्टॉलों के नीचे 10 स्टोरों व गोदामों का अतिरिक्त निर्माण किया गया है।



निगम महापौर सुरेंद्र चौहान व उपमहापौर राम बाजार में बने गोदामों का दौरा करते हुए।

अभी के दुकानदार स्टोरों व गोदामों का 10 हजार रुपए मासिक किराया दे रहे हैं, लेकिन उनकी आमदनी भी ज्यादा नहीं हो पा रही है, जिसको देखते हुए दुकानदारों ने गोदामों व स्टोरों का किराया घटाने की मांग की है। इन दुकानों में इतनी आय नहीं होती, जितना दुकानदारों को किराया देना पड़ रहा है।

> राम बाजार में बने गोदामों व स्टोरों के निरीक्षण के लिए गए थे। दुकानदारों ने स्टोरों का किराया कम करने की मांग की है। इस पर विचार किया जाएगा। निगम की मासिक बैठक में इस मसले को चर्चा के लिए लाया जाएगा।
>
> **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# सोलन जिले में नौ माह में सामने आए अवैध खनन के 411 मामले

## बीबीएन में पंजाब की सीमा पर अवैध खनन के मामलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

बीबीएन क्षेत्र के साथ लगती पंजाब सीमा पर अवैध खनन पर रोक लगाना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। यही कारण है कि सोलन जिले में अवैध खनन के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खनन माफिया बैखोफ होकर खनन कर रहा है। अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए विभाग द्वारा नियमित रूप से कार्रवाई भी की जाती है।

जानकारी के अनुसार अप्रैल, 2023 से लेकर दिसंबर 2023 तक अवैध खनन के 411 मामले पकड़े गए हैं। खनन विभाग ने इन 411 मामलों में करीब 25 लाख 64 हजार रुपए जुर्माना खनन माफिया पर किया है। नौ माह में सामने आए 411 मामलों में 188 मामले जिला खनन विभाग कार्यालय सोलन में पेंडिंग पड़े हुए हैं। विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो सितंबर 2023 में सबसे अधिक 77 मामले सामने आए हैं। वर्ष 2023 में नौ माह में ही अवैध खनन के 411 मामले सामने आ चुके हैं, जबकि पहली अप्रैल 2022 से लेकर 31 मार्च 2023 तक पूरे वर्ष में 494 मामले सामने आए हैं।

इन आंकड़ों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 में अवैध खनन में बढ़ोतरी हुई है। विभाग के अधिकारियों द्वारा बीबीएन क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए नाइट रेड भी शुरू की गई है। माह में तीन से चार बार इस क्षेत्र में नाइट रेड विभाग की ओर से की जाती है।

### विभाग ने किया 25.64 लाख जुर्माना

जिला सोलन में अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। इसके लिए नियमित रूप से कारवाई भी की जाती है। बीबीएन क्षेत्र में विभाग की टीम द्वारा माह में तीन से चार बार नाइट रेड भी डाली जाती है। अप्रैल 2023 से लेकर दिसंबर 2023 तक अवैध खनन के 411 मामले पकड़े गए हैं। खनन विभाग ने इन 411 मामलों में करीब 25 लाख 64 हजार रुपए जुर्माना खनन माफिया पर किया है।

-दिनेश कुमार, जिला खनन अधिकारी सोलन।


अवैध खनन की फाइल फोटो।

### नौ माह में सामने आए खनन के मामले

| माह | मामले | जुर्माना |
|---|---|---|
| अप्रैल 2023 | 41 | 261800 |
| मई 2023 | 38 | 498100 |
| जून 2023 | 42 | 290400 |
| जुलाई | 39 | 168800 |
| अगस्त | 63 | 353800 |
| सितंबर | 77 | 557900 |
| अक्तूबर | 49 | 278000 |
| नवंबर | 33 | 108000 |
| दिसंबर | 29 | 47800 |
| **कुल** | **411** | **2564600** |

## फायरिंग करने वाले आरोपी से पुलिस की पूछताछ

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के भूपनगर में हवाई फायर मामले में गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोपी को पांच दिन का पुलिस रिमांड मिला है, अब पुलिस अवैध असला की रिकवरी के लिए पूछताछ कर रही है।

फायरिंग मामले में बीते शुक्रवार को पंजाब के कुख्यात अपराधी को नालागढ़ में पुलिस ने धर दबोचने में सफलता हासिल की थी। आरोपी ने 23 दिसंबर, 2023 को बद्दी के भूपनगर में दो गुटों में जमीनी विवाद के दौरान हुई मारपीट के दौरान फायरिंग भी हुई थी, जिसमें नामजद ताज मोहम्मद घटना के बाद से फरार था, जिसकी धरपकड़ में पुलिस कई संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी थी, लेकिन आरोपी चकमा देकर फरार हो जा रहा था।

बीते शुक्रवार को नालागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि ताज मोहम्मद न्यू नालागढ़ में लेन-देन के सिलसिले में आया हुआ है, इस पर डीएसपी नालागढ़ की अगुआई में पुलिस टीम ने दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा। इसे बाद में बद्दी पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। डीएसपी बद्दी खजाना राम ने बताया कि आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य मामलों में नामजद बदमाश ताज मोहम्मद उर्फ ताजि को कोर्ट ने पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## सिरमौर की बल्दवा चूना पत्थर खान को लगातार 34वीं बार सर्वश्रेष्ठ खान पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के तत्वावधान में हरियाणा के हिसार में 34वां खान सुरक्षा सप्ताह का पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद क्षेत्र के उपमहानिदेशक खान सुरक्षा एसडी छिद्दरवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति थे।

इसमें अर्ध मशीनीकृत वर्ग में सिरमौर जिले की जय सिंह ठाकुर की बल्दवा लाइम स्टोन खान को लगातार 34वीं बार बेस्ट ओवरऑल परफॉर्मेंस में सर्वश्रेष्ठ खान के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि सिरमौर जिले की सुप्रियांक वालिया की भूतमढ़ी लाइम स्टोन माइन को द्वितीय और मैं. कुश परमार की बागानधार लाइम स्टोन माइन को तृतीय पुरस्कार दिया गया।


पुरस्कार हासिल करते जय सिंह ठाकुर।

इसके अलावा उच्च मशीनीकृत वर्ग में अल्ट्राटेक की बागाबलघ लाइम स्टोन को प्रथम, अंबुजा सीमेंट कशलोग लाइम स्टोन माइन द्वितीय और एसीसी की बरमाना लाइम स्टोन माइन को तृतीय पुरस्कार मिला। उपमहानिदेशक खान सुरक्षा एसडी छिद्दरवार ने कहा कि खान दुर्घटनाओं में पिछले छह वर्षों से स्थिरता आई है, लेकिन सन 2013 में हुई पांच दुर्घटनाओं में गई जान के लिए हमें बहुत खेद है। भविष्य में नई तकनीक से हम लोग दुर्घटनामुक्त कर सकते हैं।

कामगारों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कमी लाई जा सकती है। बड़ी खदानों में ऑटो और डिजिटल होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। आने वाले समय में नियम कानून में आमूल चूल परिवर्तन किया गया है, जिसे शीघ्र ही लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खानों में महिलाओं को रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, जिसे बढ़ावा दिया जाए।

## सेक्टर अधिकारियों की निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न संपन्न करवाने में निभाते हैं अहम भूमिका : यादव

**सोलन।** अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने कहा कि सेक्टर अधिकारी निर्वाचन कार्य के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी तथा मतदान दलों के मध्य संपर्क का कार्य करते हैं और इनके माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न संपन्न करवाने में आशातीत सफलता मिलती है। अजय यादव आज यहां भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सोलन जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों के लिए आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे थे। अजय कुमार यादव ने कहा कि सेक्टर अधिकारी निर्वाचन की घोषणा के दिवस से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक निर्वाचन प्रबंधन कार्य के लिए उत्तरादायी होते हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी चुनाव पूर्व तथा चुनाव दिवस पर अपने कार्य के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने में सहायक बनते हैं। अजय यादव ने सभी सेक्टर अधिकारियों से आग्रह किया कि वे अपना कार्य भय रहित होकर करें और सभी निर्वाचन प्रक्रियाओं में भारत के निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित बनाएं। इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सोलन उषा चौहान, नायब तहसीलदार दीवान सिंह ठाकुर सहित पांचों विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कालाअंब की टीम ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

**नाहन।** शीला फोम कालाअंब की क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए करीब 15 टीमों पर विजय हासिल की है। केयर स्पोर्ट्स, सोशल एंड कल्चरल सोसायटी जिला सिरमौर के वरिष्ठ उपप्रधान मोहम्मद इकबाल ने बताया कि पिछले साल दिसंबर माह में शीला फोम कालाअंब की क्रिकेट टीम का चयन किया गया था। उन्होंने बताया कि संजीव सोलंकी की अध्यक्षता चयनित टीम ने नोएडा, चंडीगढ़, तमिलनाडु, पंचकूला आदि दर्जन भर टीमों पर विजय पाकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसके चलते शीला फोम कालाअंब के पदाधिकारियों ने वी केयर स्पोर्ट्स, सोशल एंड कल्चरल सोसायटी जिला सिरमौर के संजीव सोलंकी, इकराम, नाहिद अली, विक्रांत ठाकुर, शाहनवाज खान व अकरम को सम्मान देकर सम्मानित किया।

### केंद्रीय सहकारी बैंक की वैधानिक इंस्पेक्शन

**सोलन।** जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 47 एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही नाबार्ड की और से बैंक की वैधानिक इंस्पेक्शन की गई थी। बैंक में एनपीए ऋण धारकों के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 31 मार्च 2024 तक जारी है, जिसका अधिक से अधिक ऋण धारकों को लाभ उठाना चाहिए। वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत सभी बैंक मैनेजर को निर्देश दिए गए हैं कि जिन एनपीए खातों में खाता धारकों की मृत्यु हो चुकी है या गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, उनके लिए विशेष राहत देने के लिए आगामी बैठक में ऐसे ऋण धारकों के केसेस को वन टाइम सेटलमेंट में विशेष महत्व दिया जाएगा। इस बैठक में नाबार्ड के डीजीएम संजीव कुमार, बैंक के प्रबंध निदेशक पंकज सूद, डायरेक्टर योगेश कुमार, जितेंद्र ठाकुर, हजूरा सिंह, लाज किशोर, बुध राम ठाकुर और नाबार्ड की ऑडिट टीम आदि मौजूद रहे।


जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक पहुंचे नाबार्ड के अधिकारी।

### कामगारों का स्वास्थ्य जांचा, दी फ्री दवाइयां

**पांवटा साहिब।** हिमाचल बिल्डिंग और अन्य कंस्ट्रक्शन वर्कर कल्याण बोर्ड पांवटा साहिब ने एबीसीआई इंफ्रास्ट्रक्टर पांवटा साहिब में स्वास्थ्य जांच और जागरूकता चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मनिवाल ने बताया कि शिविर में डॉ. राहिला अहमद और टीम ने वर्कर्स के स्वास्थ्य की जांच की, साथ ही मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। हीरा कुमार सिंह सोशल सेफ गार्ड एक्सपर्ट एलवी अमलविया इंफ्रा प्रोजेक्ट और पारितोष तोमर लेबर वेलफेयर अफसर ने शिविर में शिरकत कर कामगारों को विभिन्न विषयों को लेकर जागरूक किया।

### मेडिकल भत्तों का भुगतान न होने पर जताया रोष

**बीबीएन।** एचआरटीसी पेंशनर्स कल्याण संघ की राज्य स्तरीय बैठक सोमवार को नालागढ़ में हुई। बैठक में पेंशनरों के पेंडिंग ड्यूज, मेडिकल भत्ते, वेतन एरियर जारी करने के लिए सरकार व निगम के अधिकारियों से मांग रखी। बैठक में सभी प्रकार के बकाया राशि का भुगतान करने की सरकार से मांग रखी गई। नालागढ़ के एक निजी होटल में प्रदेश अध्यक्ष केसी चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेंशनरों ने कहा डेढ़ साल से मेडिकल बिलों का नहीं भुगतान नहीं हुआ है। सरकार से मांग उठाई गई कि जो भी पेंशनरों का बकाया भत्ते पड़े हैं उन्हें जल्द भुगतान किया जाए। बैठक में उपाध्यक्ष दयाल सिंह कंवर, महासचिव सुरेंद्र गौतम, मुख्य सलाहकार सत प्रकाश, अनूप कपूर, मनोज गौतम, किशौरी लाल, तिरलोक कपूर, रघुबीर सिंह, कुलदीप कुमार, देवराज, जगतार सिंह ने विचार रखे।

### शिव तांडव गुफा में शिव महापुराण कथा शुरू


शिव महापुराण कथा का शुभारंभ के दौरान कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**अर्की।** कुनिहार की प्राचीन शिव तांडव गुफा कुनिहार में गुफा विकास समिति व शंभू परिवार के सौजन्य से आयोजित 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। क्षेत्र के कोठी चौक पर समिति व शंभू परिवार के सदस्यों द्वारा कथा पुराण ग्रंथ व कथा वाचक हेमंत भारती जी का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। गुफा के अंदर प्राकृतिक शिवलिंग की परिक्रमा कर कथा स्थल पर कलश स्थापना की गई। कथा वाचक हेमंत भारती ने प्रथम दिवस की कथा श्रोताओं को सुनाई। समिति अध्यक्ष राम रतन तनवर ने बताया कि प्रतिदिन कथा का समय दोपहर एक से चार बजे तक रहेगा व उसके उपरांत शाम आठ बजे तक भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस मौके पर राम रतन तनवर, रितु ठाकुर, मनोज भारद्वाज, गुमान कंवर, जोगिंद्र कंवर, चमन मल्होत्रा, कृष्ण लाल, अमन, नेक राम, योगेश, राजेश सहित सभी समिति व शंभू परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## कॉपी-किताबों के दाम बढ़ने से पड़ी अभिभावकों पर महंगाई की दोहरी मार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शिक्षा सत्र शुरू होते ही स्टेशनरी का कारोबार कर रहे दुकानदार किताबों-कॉपियों के मनमाने दाम वसूलने को उतारु है। वहीं, स्कूल प्रबंधन ने भी फीस में बढ़ोतरी कर दी है। ऐसे में अभिभावकों पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है। इतना ही नहीं कुछ स्कूलों की पुस्तकें चुनिंदा दुकानों पर ही मिल रही हैं। यहां भी अभिभावकों को एक किताब चाहिए तो नहीं मिलेगी, पूरा सेट ही लेना पड़ रहा है। इसके अलावा कॉपियों में भी परेशान किया जा रहा है।



किताबों के साथ पूरे वर्ष की कॉपियां भी अभिभावकों को चिपकाई जा रही हैं। इसमें बुक सेलरों का कहना है कि उन्हें स्कूल से पूरा सैट देने को कहा है। अधिकतर स्कूलों की ओर से किसी निश्चित दुकान पर पुस्तकें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। अभिभावकों को पुस्तकें उसी दुकान से खरीदना मजबूरी बन गई है। इसका कारण यह है कि अन्य दुकानों पर पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पा रहीं। इसका फायदा पुस्तक विक्रेताओं द्वारा भी उठाया जा रहा है। स्कूल की ओर से चलाई जा रहे प्रकाशक की सभी किताबें एक ही दुकान पर मिल जाएं, ऐसा संभव नहीं होता। स्कूल की जिस पुस्तक विक्रेता से सांठगांठ है, उसी जगह पर सभी किताबें उपलब्ध होती हैं।

ये विक्रेता पूरा सेट तैयार करके रखते हैं। अगर किसी छात्र को एक या दो किताबों की आवश्यकता होती है, तब भी दुकानदार पूरा सेट देने की बात करता है, जबकि शहर की अन्य दुकानों पर वे किताबें मिलना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि अगर हमने किताबों के सेट में कुछ किताबें पुराने विद्यार्थियों से ले ली हैं और कुछ नई खरीदनी हों तो उस पर किताबों का पूरा सेट खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। किताबों का सेट स्कूल का हवाला देकर दुकानदार खरीदने को मजबूर कर रहे हैं। हालांकि कुछ अभिभावक तो इस समस्या से अवगत तो कराते हैं, लेकिन खुलकर कुछ कहने में अपने आपको असहज महसूस करते हैं।

अभिभावकों को स्कूल प्रबंधक द्वारा उनके बच्चे के साथ भेदभाव का भय रहता है। स्कूल प्रबंधन उसके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकता है। इसलिए जेब पर बोझ बढ़ने के बाद भी अभिभावक मजबूर दिखाई दे रहे हैं।

## बेरल गांव में आज लगेगा मेडिकल कैंप

### मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी की जाएंगी वितरित

**अर्की।** बेरल गांव के समाजसेवी हुक्म चंद ने जानकारी दी कि एनटीपीसी कोलडैम में 27 फरवरी को मेडिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कैंप में विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा की जाएगी एवं मुफ्त दवाइयों का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बेरल गांव के आसपास के साथ लगते निवासियों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कैंप से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने किसान आंदोलन के समर्थन में किया प्रदर्शन

### कहा-केंद्र सरकार किसानों के मुद्दों को जल्द सुलझाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

संयुक्त किसान मोर्चा व संयुक्त केंद्रीय ट्रेड यूनियन मंच के द्वारा सांझे तौर पर जिलाधीश कार्यालय सोलन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ-साथ बाशा गांव में भी मजदूरों व किसानों ने इकट्ठा होकर किसान आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन किया।

इस ज्ञापन के माध्यम से किसानों मजदूरों के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पिछले लंबे समय से चल रहे किसान आंदोलन में केंद्र सरकार ने किसानों से वादा किया था कि सभी फसलों का समर्थन मूल्य तय किया जाएगा और समर्थन मूल्य का आधार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश होगी, परंतु दो साल बीत जाने के बाद भी इस मांग को पूरा नहीं किया गया है। जब किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली आ रहे थे तो उसे जगह-जगह रोक दिया गया है। इस वजह से माहौल तनावपूर्ण बन गया है। संयुक्त किसान व मजदूर मोर्चा सरकार से मांग करता है कि किसानों के आंदोलन को गंभीरता पूर्ण सुना जाए और उनकी मांगें पूरी की जाएं। इसके साथ-साथ हम भारत का विश्व व्यापार संगठन में हिस्सा बनने का विरोध करते हैं।

डब्ल्यूटीओ का विरोध इसलिए है कि यह किसानों को समर्थन मूल्य देने के खिलाफ है। हम मांग करते हैं कि किसानों के मुद्दों को जल्द सुलझाया जाए। इसके साथ-साथ पंजाब के एक युवा किसान जिसकी हत्या पुलिस की गोली से हुई है, केंद्र सरकार एक करोड़ का मुआवजा वह उसके परिवार के किसी सदस्य को नौकरी का प्रबंध करे।

## पत्रकार को बंधक बनाकर की मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**अनंत ज्ञान, नाहन**



जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में अवैध खनन के खिलाफ खबर लगाने पर पत्रकार का अपहरण करने व हत्या के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप कांग्रेस के पूर्व विधायक पर हैं।

जानकारी के अनुसार, पत्रकार जसवीर सिंह अपने घर के नजदीक यमुना विहार में सैर कर रहे थे इसी दौरान बाइक और एक यूटिलिटी में छह लोग आए और पत्रकार को जबरन उठाकर यमुना के रास्ते पूर्व विधायक किरनेश जंग के क्रशर पर ले गए, जहां पत्रकार को बंधक बनाया गया, उसके साथ मारपीट की गई। इस दौरान पत्रकार को अवैध खनन के खिलाफ खबर न लगाने की धमकियां दी गईं। इतना ही नहीं पत्रकार की पत्नी को भी फोन कर धमकाया गया कि अगर पत्रकार ने खनन के खिलाफ लिखना नहीं छोड़ा तो जान से मार दिया जाएगा। उसके बाद पुलिस पत्रकार को क्रशर से छुड़वाकर थाने लेकर गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

जसवीर सिंह ने बताया कि यमुना नदी में पाइप डालकर अवैध खनन किया जा रहा था, जिसकी खबर उन्होंने चार दिन पहले लगाई थी। इस खबर से बौखलाए पूर्व विधायक और उनके लोगों ने उन पर हमला किया है। इस बारे में डीएसपी अदिति सिंह ने बताया कि जसवीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का सख्ती से करें पालन : खिमटा

**नाहन।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। सभी राजनीतिक दल आदर्श अचार संहिता के समस्त प्रावधानों की सख्ती से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित बनाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा सोमवार को नाहन में आदर्श अचार संहिता की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस बैठक में आदर्श आचार संहिता की स्टैंडिंग कमेटी के सरकारी सदस्यों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। आदर्श अचार संहिता की अनुपालना के लिए विभिन्न निगरानी टीमों का गठन किया गया है।

## हरिजन समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होने पर दिया जोर


हरिजन कल्याण समिति अर्की की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की ग्राम पंचायत भूमति के गांव सोइली में हरिजन कल्याण समिति क्षेत्र अर्की की मासिक बैठक चेतना शिविर के रूप में समिति के अध्यक्ष चुन्नीलाल बंसल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में हरिजन समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होने पर जोर दिया गया।

इसी के साथ समाज में व्याप्त हो रही नशे जैसी बुरी आदतों को छोड़ने के लिए लोगों को जागृत किया गया। इसी संदर्भ में हरिजन कल्याण समिति शाखा ग्राम पंचायत भूमति की कार्यकारिणी के अध्यक्ष के रूप में लेखराज को सर्वसम्मति से चुना गया।

इस अवसर पर समिति के महासचिव ललित मोहन, सचिव प्रेमचंद धीमान, कोषाध्यक्ष दुनी चंद्र सोहंत्र, खन्नालग पंचायत की कार्यकारिणी के महासचिव प्रेमलाल, साई पंचायत की कार्यकारिणी के महासचिव जियालाल ने लोगों को एक साथ चलने एवं संगठित होने के लिए अपने वक्तव्य दिए।

## ओवरलोडिड ट्रैक्टरों पर लगाया जुर्माना

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में यातायात नियमों को दरकिनार कर सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। सोमवार को ट्रैफिक बद्दी ने रूटीन चेकिंग के दौरान अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालान काटे। इसके अलावा बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाई-वे पर ओवरलोड स्क्रैप से भरे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा, जिन पर 75-75 सौ जुर्माना लगाया गया। ट्रैफिक इंचार्ज बद्दी संदीप ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस रोजाना यातायात नियमों की पालना करवाने के लिए अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि फोरलेन के निर्माण कार्य के चलते एनएच पर जगह कम बची है। इसी के चलते अवैध रूप से सड़क किनारे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**अनदेखी** दाड़लाघाट में लोगों को करना पड़ रहा मुश्किलों का सामना


## अपनी दशा पर आंसू बहा रहा ई-टॉयलेट

**अनंत ज्ञान, अर्की**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बना ई-टॉयलेट अपनी दशा का आंसू बहा रहा है। ई-टॉयलेट में एक तरफ तो ताला लटका है, तो दूसरी तरफ शौचालय का दरवाजा भी टूट गया है, साथ ही अंदर व बाहर गंदगी का अंबार है। वहीं, लाखों रुपए की कीमत से बनाए गए ई-टॉयलेट साफ-सफाई के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया।

ज्ञात रहे कि दाड़लाघाट पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत वर्ष 2017-18 में लाखों की लागत से स्वच्छ ई-टॉयलेट का निर्माण करवाया गया था, लेकिन रखरखाव व देखरेख के अभाव में आज वह शौचालय खंडहर में तब्दील हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह ई-टॉयलेट पर काफी समय से बंद पड़ा है व ताला लटका है। इससे स्थानीय लोगों, दुकानदारों एवं बसों का इंतजार कर रहे यात्रियों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं क्योकि उन्हें शौचालय जाने के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है या खुले में ही शौच करने पड़ रहा है।


दाड़लाघाट में लावारिस पड़ा ई-टॉयलेट।

ज्ञात रहे कि अंबुजा चौक में पीएनबी एटीएम व एसबीआई बैंक भी है तथा शौचालय की सुविधा न होने से यहां आने वाले लोगों को दिक्कतें पेश आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन व पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि शीघ्र ही इस ई-टॉयलेट को खोला जाए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके, साथ ही लोगों ने प्रशासन व पंचायत से अंबुजा चौक व पीएनबी एटीएम के नजदीक शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है।

स्थानीय पंचायत प्रधान बंसी राम भाटिया का कहना है कि शीघ्र ही ई-टॉयलेट को हटाकर इसकी जगह नया टॉयलेट का निर्माण कर दिया जाएगा।

## नेपाली किसानों और कृषि अधिकारियों का कौशल विकास कर रहा नौणी विवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भारत और नेपाल के विदेश मंत्रालयों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों के अंतर्गत नेपाल से 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें किसान और कृषि विभाग के अधिकारी शामिल हैं, नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी पहुंचे। यह समूह 'नेपाल के करनाली क्षेत्र में जैविक हाईलैंड सेब और अखरोट की खेती के लिए सार्वजनिक और निजी हितधारकों की क्षमता निर्माण' पर केंद्रित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहा है।

यह प्रशिक्षण विदेश मंत्रालय, उत्तरी प्रभाग, नेपाल अनुभाग, नई दिल्ली और नेपाल के संघीय और प्रांतीय कृषि मंत्रालय के साथ साझेदारी का हिस्सा है। विश्वविद्यालय को विदेश मंत्रालय द्वारा नेपाली कृषि अधिकारियों और किसानों के कौशल विकास, विशेष रूप से सेब, अखरोट और कीवी की जैविक खेती में योगदान देने के लिए चुना गया है।

उद्घाटन सत्र के दौरान विवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक सहयोग पर बात की और नेपाल और हिमाचल के पहाड़ी क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और भौगोलिक समानता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है कि भारत सरकार ने नेपाल के किसानों और कृषि-अधिकारियों के कौशल विकास में प्रौद्योगिकी और ज्ञान का प्रदर्शन करने के लिए हमें चुना है। उन्होंने कहा कि हिमाचल द्वारा की गई प्रगति विज्ञान के उचित अनुप्रयोग और मेहनतकश कृषक समुदाय के कारण ही संभव हो पाई है। डॉ. चौहान ने प्राकृतिक खेती में हिमाचल के सराहनीय प्रयास और इस पद्धति के प्रसार के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पहले, संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. राजेश कौशल ने बताया कि नेपाल के प्रशिक्षुओं का यह पहला बैच है और इस सहयोग के अंतर्गत विश्वविद्यालय लगभग 300 प्रतिभागियों के कौशल विकास में मदद करेगा। संयुक्त निदेशक अनुसंधान डॉ. अमित विक्रम ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस सत्र में बागवानी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष शर्मा; वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. सीएल ठाकुर, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंद्र देव, डीन छात्र कल्याण डॉ. राजेश भल्ला, लाइब्रेरियन डॉ. केके रैन सहित विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष और वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम पालमपुर कल करेगी बजट पारित

**पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर का आगामी वित्त वर्ष का बजट कल पारित होगा। इसमे समस्त वार्डों के विकास की समग्र योजना बनाई जाएगी। इसके अतिरिक्त नगर निगम को आय बढ़ाने के लिए कर व्यवस्था लागू करने की भी संभावना है।

### यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की बैठक परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम भवन सकोह में संपन्न हुई। इसमें आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय के जिन भी लोगों ने अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना हो वह परिषद के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर बिहारी लाल, देशराज शर्मा, कमलेश शर्मा, सोमदत, रमेश कुमार, खुशीराम शर्मा, शत्रुघ्न शुक्ला, बाबूराम, अनिल शर्मा, मनु शर्मा, पृथ्वी राज शर्मा, मनोज शर्मा व रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


### शिव वालिया को देवभूमि अचीवर अवॉर्ड

**बैजनाथ।** उपमंडल जोगिंदनगर के ऐहजू से संबंध रखने वाले युवा शिव वालिया रविवार को शिमला के कालीबाड़ी हाल में देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित हुए। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में शिमला लोकसभा से सांसद सुरेश कश्यप ने शिरकत की। यह कार्यक्रम विशाल ईवेंट गुरु प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विशाल शर्मा द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद सुरेश कश्यप द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाओं और उत्कृष्ट हस्तियों को देवभूमि अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। युवा शिव वालिया पिछले चार वर्षों से पत्रकारिता और समाज सेवा क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा सभी शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### अनीश शर्मा ने किया प्रदेश का नाम रोशन

**देहरा।** रविवार को शिमला के काली बाड़ी हॉल में संपन्न हुए एक विशेष कार्यक्रम में उपमंडल देहरा के गांव भटोली फकोरियां के अनीश शर्मा को देवभूमि हिमाचल अवॉर्ड-2024 मिला है। यह पुरस्कार उन्हें शिमला लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप की उपस्थिति में मिला है। बता दें कि अनीश ने अपने सफर की शुरआत कॉमेडी से की थी तथा वर्तमान समय में वह गायकी के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। उनके पहले गाने छैल लगदी को यू-ट्यूब पर 20 लाख लोगों ने पसंद किया था। यह कार्यक्रम विशाल इवेंट गुरु के बैनर तले हुआ तथा इसमें प्रदेश की अन्य हस्तियों को भी सम्मानित किया गया।

### गाने मंडी वालिए में नजर आएंगे अमनदीप शर्मा




**डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत पड़ते गुलेर गांव के युवा अमनदीप जो की मिस्टर आइकोनिक हिमाचल 2023 भी रह चुके है और साथ में कई मॉडलिंग में खिताब भी जीत चुके है। साथ में कई गानों में मॉडल की भूमिका भी अदा कर चुके है। अब मंडी निवासी हरीश मंडियाल के मंडी आलिया ठकुरानिये पहाड़ी गीत में मॉडल के रूप में नजर आएंगे। 26 फरवरी को यह नया पहाड़ी गीत लांच हो रहा है। बता दें कि गाने की शूटिंग इस माह के शुरू में ही सुंदरनगर की वादियों में पूरा कर लिया गया था। युवा एक्टर अमनदीप ने आज दिन तक बहुत से खिताब जीते है। इसमें मिस्टर बेस्ट परफॉर्मर हिमाचल टॉप-पांच, जलसा कांगड़ा शो विनर और मिस्टर आइकोनिक हिमाचल 2023 के खिताब शुमार है।

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**पंचरुखी।** बिजली बोर्ड द्वारा 33 केवी उपकेंद्र लडभड़ोल में मरम्मत कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढियार ओम प्रकाश राणा ने बताया कि 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से कार्य समाप्ति तक चढियार के अंतर्गत सभी अनुभागों सन्साई, सरी, दगोह, व भुआणा के तहत पड़ने वाले गांव भुलाना, तिनबड़, मुगल, मैला, मोलग, आशापुरी, मकोल, मझेड़ा आदि गांव में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढियार ने सभी उपभोगताओं से सहयोग की अपील की है।

### मृदुला शर्मा विश्व युवा महोत्सव में लेंगी भाग



**बैजनाथ।** बैजनाथ के लंघू गांव की मृदुला शर्मा मार्च में रूस में होने वाले विश्व युवा महोत्सव में भाग लेंगी। उन्हें इसके लिए योग के क्षेत्र में चयनित किया गया है। बैजनाथ क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मृदुला मूल रूप से महाकाल की रहने वाली हैं और यू-ट्यूब ब्लॉगर भी है। इस महोत्सव में जाने के लिए धर्मशाला से रोबिन कुमार को कम्युनिकेशन इंचार्ज बनाया गया है।

### आज गगल बाजार रहेगा बंद

**गगल।** एयरपोर्ट विस्तारीकरण के चलते इसके विरोध में 27 फरवरी को गगल बाजार के दुकानदार अपनी तमाम दुकानें बंद रखेंगे और इलाके में मौन जुलूस निकालेंगे। ग्राम पंचायत गगल की प्रधान रेनु पठानिया व उपप्रधान भुवनेश चड्ढा ने कहां के उन्हें हवाई अड्डे का विस्तार किसी भी सूरत में मंजूर नहीं और अगर सरकार हवाई अड्डे का विस्तार करना ही चाहती है तो पहले इसके उजाड़ने वाले लोगों के लिए पुना रोजगार और पुनः स्थापन की पूर्ण व्यवस्था करें। वहीं, फैक्टर दो के तहत चार गुना मुआवजा दे तथा एक प्रोजेक्ट एक रेट निर्धारित करें और पुनर्वास के लिए कम से कम 15 मरले भूमि प्रति परिवार प्रदान की जाए तथा अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए, ताकि विस्थापित परिवार पुण अपने पांव पर खड़े हो सके। इस विरोध-प्रदर्शन में गगल, सनौरा, रछयालु और नदेहड़ के गांव भी शामिल है। इनके प्रतिनिधि और ग्रामीण भी इस विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे।

### अशोका पैलेस में त्रैवार्षिक चुनाव 28 को

**डाडासीबा।** कांगड़ा पेंशनर्स संघ ब्लॉक परागपुर का त्रैवार्षिक चुनाव बुधवार 28 फरवरी को आरा चौक (नंगल चौक) के अशोका पैलेस में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रधान जगजीत सिंह पाल ने सभी पेंशनर्स से अधिक से अधिक संख्या में चुनाव में भाग लेने की अपील की है।

### नौ मार्च को आयोजित होगी लोक अदालत

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सभी न्यायालयों में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा । यह जानकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा अजय मेहता ने दी। उन्होंने बताया की लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौतों के आधार पर किया जाएगा । इस दौरान आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाउंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामलों आदि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा । इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना में क्लेम, घरेलू हिंसा विवाद व वैवाहिक विवाद आदि के मामलों का भी निपटारा किया जाएगा ।

## स्प्रिंग कार्निवल फेस्टिवल की पहली सांस्कृतिक संध्या में बोले पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली

# पर्यटन विकास पर खर्च होंगे 2500 करोड़: बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि हिमाचल की समृद्व लोक संस्कृति से पर्यटकों को अवगत करवाया जाएगा इस के लिए राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटन विभाग की ओर से मेगा इवेंट आयोजित किए जाएंगे, ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। पर्यटन विभाग की ओर से दाड़ी में आयोजित स्प्रिंग कार्निवल फेस्टिवल की पहली सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि राज्य सरकार हिमाचल में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कारगर कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एशियन विकास बैंक की मदद से हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए 2500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, प्रारंभिक तौर पर 1300 करोड़ की राशि स्वीकृत भी हो चुकी है। पर्यटन विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्यटन निगम के अधिकारियों को तीव्र गति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके। आरएस बाली ने कहा कि पर्यटन सूचना केंद्रों को और भी सुदृढ़ किया जाएगा।

### नगरोटा में स्थापित किया जाएगा म्यूजिक फाउंटेन

**पर्यटन** निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने के मुख्यमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पालमपुर के मैंझा में वैडिंग रिसॉर्ट, हेलीपोर्ट निर्माण, जिले में धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन सेंटर, बनखंडी में जूलॉजिकल पार्क, नगरोटा बगवां में ओल्ड एज वेलनेस रिजॉर्ट एवं हाई एंड फाउंटेन,, परागपुर में गोल्फ कोर्स मैदान, धर्मशाला में धौलाधार बायोडायवर्सिटी पार्क, जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही नगरोटा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर म्यूजिक फाउंटेन भी स्थापित किया जाएगा जो कि पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। इस अवसर पर महापौर नीनू शर्मा, ईको टूरिज्म सोसायटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर संजीव गांधी, उपनिदेशक पर्यटन विभाग विनय धीमान, कमांडेंट खुशहाल शर्मा, एसपी शालिनी अग्निहोत्री, एसडीएम धर्मेश रामोत्रा सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 137 लोगों की हड्डियां जांचीं

**धर्मशाला।** सकोह में इन्नर व्हील क्लब सिविल लाइन धर्मशाला और एसडीएच अमृतसर के साथ मिलकर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया । इस शिविर में लोगों की हड्डियों की जांच की गई। डॉक्टर बनिता गौतम ने इस शिविर में 137 लोगों की हड्डियों की जांच की। उन्होंने कुछ लोगों को सलाह दी की दवाई की अपेक्षा अपनी दिनचर्या में छोटे-मोटे व्यायामों को शामिल करके हड्डियों की। कुछ बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। इस कैंप में अपना इलाज करवाने आए मरीजों को इन्नर व्हील धर्मशाला की ओर से मुफ्त में दवाइयां भी दी गई।

# बिना मंजूरी काट डाले देसी आम के सात पेड़

## वन विभाग की टीम पहुंची मौके पर, जांच के बाद लकड़ी ली कब्जे में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला वन क्षेत्र के बंडी तथा कियोड़ियां गांव के तहत फलदार आम के पेड़ काटने का मामला सामने आया है।

इसकी शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर काटे गए पेड़ों की जांच के बाद लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। निजी बाग में कटान की परमिशन के नाम पर यहां सात पेड़ों के काटे के मामले में वन विभाग जुर्माना लगाएगा। जानकारी के अनुसार यहां वन विभाग ने करीब 41 पेड़ काटने की मंजूरी दी थी तो वहीं ठेकेदार ने दर्जन के करीब आम के पुराने पेड़ों को भी काट डाला। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार काटे गए पेड़ों में सात दशहरी आम के थे। जानकारी के अनुसार कटान के दौरान वन विभाग को मिली शिकायत के बाद वन विभाग की टीम आनन-फानन में पहुंची तथा काटे गए पेड़ों का मौका किया। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने इस दौरान काटे गए पेड़ों की गिनती की तथा नुकसान का आकलन किया। उन्होंने कहा कि आम की प्रजाति कलमी है तथा देसी तथा कलमी पेड़ होने की सूरत में बराबर ही जुर्माना वसूल किया जाता है।



अवैध कटान के बाद पड़ा हुआ आम का पेड़।

### नियम के तहत किया जाएगा जुर्माना

**इस** बारे में जानकारी देते हुए वन विभाग के बीओ नितिन ने बताया कि विभाग को बिना मंजूरी के नीजी भूमि से 41 पेड़ काटे जाने की शिकायत मिलने के बाद विभाग की टीम मौके पर गई। वहीं, आम के सात पेड़ काटे जाने की बात सामने आई। उन्होंने बताया कि इस मामले में भू-संरक्षण अधिनियम 1978 के तहत कारवाई करते हुए लकड़ी कब्जे में लेकर जुर्माना किया जाएगा।

## बस-स्कूटी की टक्कर में युवक की मौत

**कांगड़ा।** शाहपुर थाना के अंतर्गत रविवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहपुर के रेहलू रोड के पास बस के साथ टक्कर होने से एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार स्कूटी सवार युवक अतुल (35) पुत्र पप्पू राम निवासी द्रम्मण रेहलू रोड की तरफ से द्रम्मण की ओर जा रहा था तो चंबा से परमाणू जा रही एचआरटीसी की बस से टक्कर हो गई। घायल युवक को शाहपुर अस्पताल ले जाया गया प्राथमिक उपचार के बाद राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच अधिकारी थाना शाहपुर एएसआई पवन कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है ।

# केंद्रीय विवि निर्माण पर चर्चा तक नहीं कर रही सरकार: अतुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में सोमवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता करके समाजसेवी अतुल भारद्वाज ने वर्तमान सरकार को लताड़ लगाते हुए कहा कि विधानसभा में भी सरकार जान बूझकर केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के संदर्भ में होने वाली चर्चा का समय कम करने का प्रयास कर रही है, ताकि यह चर्चा मात्र औपचारिकता तक ही सीमित रहे।

उन्होंने कहा कि जनता नेताओं की ओर टक टकी लगा कर सब कुछ देख रही है और उचित समय पर सबका हिसाब चुकता करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री की दयनीय स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रदेश में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्हें जनता की सही व जायज मांगों का समाधान करने का प्रयास करने के बजाए विवश होकर अपने रास्ते बदल-बदल कर आंदोलन पर बैठे संघर्ष कर्ताओं से मुंह छिपाकर भागना पड रहा है। लेकिन अब हिमाचल की जनता भी ऐसे नेताओं को आने वाले समय में मुंह नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के निर्माण की जिम्मेदारी भाजपा से ज्यादा कांग्रेस पार्टी की थी लेकिन आज कांग्रेस पार्टी की ही सरकार उसमें सबसे बड़ी बाधा बन गई है। अतुल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के सन्दर्भ में विधानसभा में चर्चा से भागने का प्रयास कर रही है।

### शेरलुहार पंचायत में नियुक्त किया जाए स्थायी सचिव

**देहरा।** ग्राम पंचायत शेरलुहार में पिछले कई महीनों से स्थायी पंचायत सचिव न होने पर समाजसेवी सरदारी लाल ने प्रशासन से शीघ्र स्थायी सचिव नियुक्त करने की मांग की है। सरदारी लाल ने बताया कि पंचायत में पिछले कई महीनों से एडिशनल चार्ज पर दो से तीन दिनों के लिए दूसरी पंचायतों के सचिव की ड्यूटी लगती है पहले बनखंडी पंचायत के सचिव की ड्यूटी लगी थी। उसके बाद खबली और अब झकलेड़ के सचिव की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आदि अन्य सर्टिफिकेट लेने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### विश्व चक्षु बोले- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दे रहे हिमाचल को लगातार सौगातें



**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गुजरात के राजकोट से हिमाचल प्रदेश के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का ऑनलाइन शिलान्यास किया। जिला ऊना, कांगड़ा के टांडा और मंडी के नेरचैक मेडिकल कालेज में बनने वाले इन तीन ब्लॉक पर 17.36 करोड़ प्रत्येक पर खर्च होंगे। एक ब्लॉक में छह फ्लोर का भवन बनेगा। इसमें 50 बेड की सुविधा होगी। इसके अलावा उन्होंने शिमला, हमीरपुर और मंडी के लिए तीन खाद्य सुरक्षा परीक्षण मोबाइल प्रयोगशाला वैन भी सौंपी। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस सौगात के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से आज पहाड़ी प्रदेश हिमाचल में तेजी से उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। केंद्र सरकार लगातार बिना किसी भेदभाव के उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए हिमाचल को करोड़ों की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। चक्षु ने कहा कि एक छोटे से पहाड़ी प्रदेश में आज छह मेडिकल कालेज कार्यरत हैं जबकि एक बहुत बड़ी सौगात एम्स बिलासपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ही दी है जो रिकार्ड समय में तैयार हुआ और आज हमें खुशी है कि विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं घर द्वार ही हमें मिल रही हैं।

# घनश्याम शर्मा ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

## कहा-लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जल्द होगा त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

सोमवार को भाजपा पंचरुखी जॉन की बैठक होटल पीक बॉड में जॉन प्रभारी अजय कबीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों को मध्य नजर रखते हुए प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की।

लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित विधानसभा क्षेत्र स्तरीय त्रिदेव सम्मेलन होना निश्चित हुआ। त्रिदेव सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से पार्टी द्वारा भाजपा प्रदेश सदस्य घनश्याम शर्मा का प्रभारी के तौर पर विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। घनश्याम शर्मा ने कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने के लिए बूथ स्तरीय प्रवास करेंगे वह सभी कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। शर्मा ने कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत पक्की है लेकिन हर बूथ पर पिछले लोकसभा चुनावों में प्राप्त वोटो से 10 प्रतिशत अधिक वोट प्राप्त करने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा बैठक में विशेष तौर पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ अश्वनी शर्मा, जॉन के सभी दायित्व वान कार्यकर्ता जिसमें बूथ अध्यक्ष,जॉन प्रभारी, जॉन सह प्रभारी, ग्राम केंद्र प्रमुख महिला मोर्चा अध्यक्षा मनीषा शर्मा सहित मातृशक्ति व मंडल महामंत्री स्वरूप डोगरा उपस्थित रहें।



बैठक से पहले कार्यकर्ताओं के साथ घनश्याम शर्मा।

# बच्चों को 30 चिन्हित बीमारियों का निशुल्क उपचार का प्रावधान: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने स्वास्थ्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेशन नियमित तौर पर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में हर महीने इस प्रकार के कम से कम दो सेशन होने चाहिए तथा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार करना चाहिए, ताकि जिन बच्चों में प्रारंभिक तौर पर किसी बीमारी के लक्षण पाए जाएं। उनका सही समय पर उपचार भी संभव हो सके। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम 30 चिन्हित बीमारियों के लिए 0 से 19 साल तक बच्चों का इस प्रोग्राम के अंतर्गत मुफ्त निदान एवं उपचार किया जाता है अत: यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा बिना उपचार के ना रहे।

### सभी स्कूलों में लगाई जाए सुझाव पेटी



**उन्होंने** कहा कि छठी से 12वीं कक्षा तक के सभी बच्चों के लिए प्रत्येक स्कूल में सुझाव पेटी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों के मन में किसी भी प्रकार की शंका या सुझाव हो तो वह कागज में लिख कर सुझाव पेटी में डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुझाव पर अगले सेशन में उस विषय के पर चर्चा हो सके, ऐसी प्रथा स्कूलों में विकसित हो। इससे पहले जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा ने कहा कि हर महीने खंड स्तर पर स्कूलों में एक हेल्थ एंड वेलनेस डे मनाया जाता है। इसके अंतर्गत बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों के ऊपर जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है।



धर्मशाला : सोमवार को होटल एसोसिएशन धर्मशाला के सदस्यों ने नव निर्वाचित धर्मशाला की मेयर नीनू शर्मा को हिमाचली टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य में जनरल सेक्रेटरी विवेक महाजन, वाइस प्रेसिडेंट राजेश शंघारी, ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपक जौड़ा दीक्षित भारद्वाज, एडवाइजर विजय भारद्वाज, संयुक्त सचिव आकाश नैहरिया उपस्थित रहे।

### देहरा में ब्यास संध्या आरती कल से



**गरली।** गंगा नगरी हरिद्वार की तर्ज पर अब देहरा ब्यास नदी पर भी हर रोज भव्य संध्या आरती होगी। इसके लिए एसडीएम देहरा मेडम शिल्पी बेक्टा ने सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर ब्यास नदी पर पूजा-अर्चना की। वहीं, इस दौरान एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि यहां बह रही ब्यास नदी का भी अपना विशेष महत्व माना गया है। लिहाज़ा दूर-दूर के लोग अपने मृत परिजनों का अतिंम संस्कार भी यहां नदी किनारे करते है। अर्थात इसी के साथ ब्यास नदी के तट पर विश्व विख्यात सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक शक्तिपीठ शिव तपोभूमि कालेश्वर महादेव मंदिर विराजमान है और इस स्थल से बहने बाली ब्यास नदी का महत्व हरिद्वार जैसा ऊंचा माना जाता है। उपरोक्त ब्यास नदी का अपना विशेष महत्व होने पर यहा हिमाचल के कोने-कोने के सैकड़ों लोग अपने मृत परिजनों की अस्थियां भी यहां जलविसर्जन करने आते है।

### कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव आज

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे। सभी सभा सदस्यों से निवेदन है कि वह चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग ले।

# युवाओं को फैशन की दुनिया दिखाएगा इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड स्टाइलिंग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

फैशन की दुनिया से युवाओं को अवगत करवाने के लिए 29 फरवरी को इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड स्टाइलिंग धर्मशाला के टंग नरवाणा में खुलने जा रहा है।

प्रेस को संबोधित करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन एंड स्टाइलिंग के संचालक दिनेश शर्मा ने बताया कि इंस्टीट्यूट की लॉचिंग पर मिस और मिसेज डैशिंग डिवास प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसमें युवतियां एवं विवाहित महिलाएं भाग ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की पंजीकरण फीस 799 रुपए है। इसमें प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से पूर्व प्रशिक्षित किया जाएगा। दिनेश शर्मा ने बताया कि फैशन की दुनिया का जब भी नाम आता है तो लोग इसे अच्छा नहीं मानते लेकिन इस प्रतियोगिता में हिमाचली संस्कृति की झलक रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली युवतियों एवं महिलाओं को दिल्ली और पड़ोसी देश बांग्लादेश के ढाका में आगामी प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।


## टेस्ट मैच... जिला प्रशासन और एचपीसीए के बीच तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# तीन मार्च को धर्मशाला पहुंचेंगी दोनों टीमें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भारत-इंग्लैंड के बीच सात से 11 मार्च तक टेस्ट मैच खेला जाएगा इस के लिए जिला प्रशासन तथा एचपीसीए के अधिकारियों के बीच सोमवार को क्रिकेट स्टेडियम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसीटूडीसी सुभाष गौतम ने बताया कि टेस्ट मैच के लिए दोनों की टीमें तीन मार्च को धर्मशाला पहुंच जाएंगी तथा चार मार्च से छह मार्च दोनों की टीमें अभ्यास करेंगी। उन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों तथा दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, शहर की साफ-सफाई तथा अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को टेस्ट मैच के दौरान कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को धर्मशाला के आस-पास के क्षेत्र में मुरम्मत योग्य सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा।

### सड़कें और लाइट्स होंगी चकाचक



**उन्होंने** कहा कि आयोजन से पहले धर्मशाला तथा इसके आसपास के क्षेत्रों की सड़कें तथा लाइट व्यवस्था चकाचक होगी। पेयजल, पार्किंग की बेहतर व्यवस्था के लिए भी प्लान तैयार किया गया है। एसीटूडीसी ने कहा कि मैच के आयोजन के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों की नंबरिंग करके दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने तथा आवश्यक अग्निशमन सेवाएं सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

# आरएस बाली ने बलिदानी हैप्पी चौधरी के पारिवारिक सदस्यों को बंधाया ढांढस

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने पंचायत लिल्ली में जाकर बलिदानी हैप्पी चौधरी के पारिवारिक सदस्यों को ढांढस बधवाया। बलिदानी हैप्पी चौधरी के पिता विनीत कुमार, माता शमा देवी तथा बेटी काजल को हर संभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

आरएस बाली ने कहा कि हैप्पी चौधरी केवल मात्र इस गांव का ही बेटा नहीं था बल्कि देश की सेवा करते हुए कुर्बान हुआ है, जिसे ताउम्र याद रखा जाएगा। हैप्पी चौधरी ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए जो बलिदान दिया है उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती। हैप्पी चौधरी का नाम विधानसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार पर सुनहरी अक्षरों से अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हैप्पी चौधरी ने देश की सेवा करते हुए एक और जहां बलिदान दे दिया। वहीं, कुछ एक लोग इस पर राजनीति कर रहे हैं जो की शर्मनाक है।

हैप्पी चौधरी के अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने के पश्चात लगातार वे भारतीय सेना के उच्च अधिकारियों के संपर्क में थे एवं हैप्पी चौधरी के पार्थिव देह को घर तक पहुंचाने के लिए सभी इंतजाम करवाए। उन्होंने कहा कि हैप्पी चौधरी के नाम पर जो पारिवारिक सदस्यों द्वारा मांग रखी गई है उसे प्रदेश सरकार से पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### हार्दिक पंड्या ने चोट के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में की वापसी



**नवी मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने चोट के कारण लंबे ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करते हुए डीवाई पाटिल टी-20 कप में दो विकेट चटकाए। डीवाई पाटिल क्रिकेट अकादमी में भारत पेट्रोलियम निगम के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में रिलायंस वन की दो विकेट से जीत में हार्दिक ने तीन ओवर में 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। अक्तूबर में पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय विश्व कप मैच के दौरान टखने में चोट लगने के बाद से पंड्या प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर थे।

### सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप को भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।** मुख्य कोच बीबी थॉमस मुत्ताथ ने पहली से 10 मार्च तक नेपाल के ललितपुर में होने वाली सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। चयन ट्रायल में चुने जाने के बाद संभावित खिलाड़ी गोवा में प्रशिक्षण ले रहे थे, जिसमें से अंतिम 23 खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम मंगलवार 27 फरवरी को नेपाल के लिए प्रस्थान करेगी। यह पहली बार है जब टूर्नामेंट अंडर-16 के लिए आयोजित किया जा रहा है।

### लियोनेल मेस्सी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित



**मैड्रिड।** सुपरस्टार फुटबालर और पिछले साल के विजेता लियोनेल मेस्सी को एक बार फिर लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेंटीना के कप्तान मेस्सी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था। उन्होंने लीग कप में मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी को रिकॉर्ड 44वां खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई।

### दक्षिण अफ्रीका दौरे से टीम इंडिया हुई मजबूत : हरमनप्रीत



**राउरकेला।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया है। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था, जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा, जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था।

### सुभाष चंद बने सलाह जंद्राह पंचायत समिति के सदस्य

**नगरोटा बगवां।** पंचायत समिति सलाह जंद्राह के हुए पंचायत समिति सदस्य के उपचुनाव में सुभाष चंद ने बाजी मार ली है । सुभाष चंद पंचायत समिति के सदस्य निर्वाचित हुए हैं । उन्होंने अपने विरोधी विजय कुमार को 132 वोटों से शिकस्त दी । सुभाष चंद को 562, जबकि विजय कुमार को 430 वोट मिले । चुनाव रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि कुल 1006 वोट पोल हुए। इनमें से 992 वोट वैध रहे। इस जीत पर सुभाष चंद काफी खुश दिखे । उन्होंने कहा कि लोगों ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है वह उस पर खरा उतरने की भरपूर कोशिश करेंगे।

### डाढ पंचायत में लगा वित्तीय साक्षरता शिविर, लोगों को किया जागरूक

**चामुंडा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा श्री चामुंडा मंदिर के सौजन्य से ग्राम पंचायत डाढ़ में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक ओम राज ने बैंक के उपभोक्ताओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसमें विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर की बैठक, लगेंगे भंडारे

**शाहपुरकंडी।** महाशिवरात्रि के पर्व के संबंध में आज शाहपुरकंडी के साथ लगते गांव डूंग स्थित (5500 सो साल) प्राचीन बाबा मुक्तेश्वर धाम परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन बाबा मुक्तेश्वर धाम प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन ठाकुर भीम सिंह की देखरेख में किया गया। इसमें बाबा मुक्तेश्वर धाम प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के अलावा इलाके की कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर महाशिवरात्रि के उपलक्ष में बाबा मुक्तेश्वर धाम में करवाए जाने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा अटूट भंडारे लगाए जाने के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

# भारत ने इंग्लैंड को पांच विकेट से हराया

## रांची टेस्ट : सीरीज पर किया कब्जा, रोहित और शुभमन गिल ने लगाए अर्धशतक

**एजेंसी, रांची**

**इंडिया** टीम ने रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हरा दिया। सोमवार को चौथे दिन टीम ने 192 रन के टारगेट को पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया सीरीज में 3-1 से आगे है यानी पांच मैचों की सीरीज भी अपने नाम कर ली है।

ध्रुव जुरेल ने टॉम हार्टले की बॉल पर दो रन लेकर टीम इंडिया को जीत दिला दी। भारत की तरफ से कप्तान रोहित शर्मा (55) और शुभमन गिल (52*) ने दूसरी इनिंग में अर्धशतक लगाए। इनके अलावा ध्रुव जुरेल ने नाबाद 39 रन की पारी खेली। गिल और जुरेल के बीच नाबाद 72 रन की पार्टनरशिप हुई।

इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। टॉम हार्टले और जो रूट को 1-1 विकेट मिला। टीम इंडिया ने 40/0 के स्कोर से चौथे दिन अपनी दूसरी इनिंग आगे बढ़ाई। इससे पहले इंग्लिश टीम तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। जुरेल (पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39) को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच बने।




### लगातार तीसरी सीरीज कब्जाई

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था। इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है। इस दौरान टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को भी अपने घर में लगातार तीन बार मात दी है। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ लगातार 2-2 सीरीज जीत मिली हैं। एक सीरीज जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मिली है।

### भारत आखिरी बार 2012 में हारा था घरेलू टेस्ट सीरीज

**भारत** को आखिरी बार होम कंडीशन्स में किसी टेस्ट सीरीज में हार का सामना 2012 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से हराया था। इसके बाद से टीम इंडिया अपने घर में कोई भी सीरीज नहीं हारी है और लगातार 17 बार प्रतिद्वंद्वी टीम को ढेर किया है।

### इंग्लैंड के खिलाफ 34वीं जीत

**रांची** में मिली जीत टेस्ट क्रिकेट में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है। हालांकि, भारत को अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है। दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली है।

### विदेशों में भी दबदबा

12 साल में टीम इंडिया का विदेश में भी प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने घर से बाहर सबसे ज्यादा सीरीज जीती हैं। भारतीय टीम ने पहली जनवरी 2013 के बाद से घर से बाहर 19 सीरीज खेली हैं, इनमें 8 में जीत हासिल की है, जबकि आठ में टीम को पराजय का सामना करना पड़ा है।

### घरेलू सीरीज में जायसवाल ने की विराट के सर्वाधिक रनों के रिकॉर्ड की बराबरी

**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल घरेलू टेस्ट सीरीज में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के दौरान विराट कोहली के 655 रनों की बराबरी कर ली है। जायसवाल ने सोमवार को भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट के चौथे दिन कोहली की बराबरी की। सुनील गावस्कर 1978/79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह मैचों में 732 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। 22 वर्षीय यशस्वी जायसवाल भारत के लिए अपनी तीसरी टेस्ट श्रृंखला खेल रहे हैं। जायसवाल ने राजकोट में एक और दोहरा शतक (नाबाद 214) बनाया। इससे मेजबान टीम को श्रृंखला में बढ़त हासिल करने का मौका मिला। कोहली ने 2016 में रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने आठ पारियों में दो शतक बनाए, इसमें 235 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी शामिल था।

### घर में सबसे ज्यादा सीरीज जीतीं

| टीम | सीरीज जीत | कब से कब तक |
|---|---|---|
| भारत | 17 | 2023-24 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | 1994 -2001 |
| ऑस्ट्रेलिया | 10 | 2004-2008 |
| वेस्टइंडीज | 8 | 1976-1986 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 2017-2021 |

### पूर्व खिलाड़ियों ने की जुरेल की सराहना

**भारत** के रांची टेस्ट जीतने में विकेटकीपर बल्लेबाजी ध्रुव जुरेल का सराहनीय योगदान रहा। जुरेल ने विपरीत परिस्थितियों में अहम पारियां खेलकर भारत को जीत दिलाई। उन्होंने पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाए। इस पर पूर्व क्रिकेटर्स ने जुरेल की सराहना की है। पूर्व दिग्गज ओपनर सुनील गावस्कर ने इस युवा विकेटकीपर की तुलना पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से की, तो विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने जुरेल की टेक्नीक को सराहा। सुरेश रैना ने कहा कि सेना के बैकग्राउंड ने जुरेल को निर्भीक बनाया। माइकल वान ने कहा कि इंडिया ने जुरेल में बहुत अच्छा खिलाड़ी पाया है। उनके क्लास दिखता है।

# खेलो इंडिया शीतकालीन स्पर्धा में हिमाचल टीम ने 15 पदक जीत झटका दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**श्रीनगर** के गुलमर्ग में आयोजित खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने 15 पदक लेकर देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन एलविन कंवर ने कांस्य पदक पदक जीता। आर्मी की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। प्रदेश की टीम ने दूसरे दिन तीन, तीसरे दिन पांच, चौथे दिन छह, पांचवें व अंतिम दिन एक पदक जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया। हिमाचल प्रदेश विंटर विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि 15 पदक के साथ हिमाचल की टीम दूसरे स्थान पर रही है।



खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली मनाली की आंचल ठाकुर।

### इन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

| नाम | पदक | संख्या |
|---|---|---|
| आंचल ठाकुर | स्वर्ण | दो |
| प्रति ठाकुर | स्वर्ण | दो |
| स्की मॉन्टनरिंग टीम | स्वर्ण | एक |
| प्रणव | रजत | एक |
| दीक्षा | रजत | एक |
| तुनजा | रजत | एक |
| प्रकृति | रजत | एक |
| एलविन | कांस्य | एक |
| दीपिका | कांस्य | दो |
| प्रोमिला | कांस्य | एक |
| दीया | कांस्य | एक |
| कमलजीत | कांस्य | एक |

### नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में तीन दिवसीय मैच

# ऊना ने चंबा को आठ विकेट से हराया

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में ऊना और चंबा टीम के बीच में तीन दिवसीय क्रिकेट मैच खेला गया। चंबा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 224 रन बनाए। नरेंद्र चंचल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 70 रन, जबकि अभिषेक ठाकुर ने 24 , सुकृति शर्मा ने 44 रन बनाए।

ऊना टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित कलसी ने तीन विकेट, राघव बाली, महेश ठाकुर ऋतिक कालिया ने दो-दो विकेट हासिल किए। अंकुश बेदी ने एक विकेट अपने नाम किया। ऊना की टीम ने पहली पारी में 240 रन बनाए, गौरव ने 40, पंकज जसवाल ने 41, अमनप्रीत ने 29 रन बनाए। चंबा टीम के गेंदबाजी रिमपक ने चार खिलाड़ियों को आउट किया। रोहित नारंग ने तीन, ऋषभ चरक ने दो विकेट हासिल किए।



### ऊना टीम ने दो विकेट खोकर हासिल किया लक्ष्य

**ऊना** की टीम ने दो विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। अमनप्रीत ने नाबाद 62, पृथ्वीराज ने 10, और अमित कुमार ने नाबाद 12 रन बनाए। इस मैच में ऊना की टीम ने चंबा को आठ विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

### दूसरी पारी चंबा टीम का निराशाजनक प्रदर्शन

**चंबा** की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 110 रन बनाए। ऋषि महाजन ने 35 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। राघव बाली ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अंकित कलसी और अंकुश बेदी ने दो-दो विकेट चटकाए। महेश ठाकुर और रितिक कालिया ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

# लोकसभा चुनावों से पहले अधीर हुए पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

लोकसभा चुनावों से ऐन पहले कांग्रेस के नाराज खेमे के विधायक तथा पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा जहां अपने विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला में खासे एक्टिव मोड में नजर आ रहे हैं, तो वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपनी पोस्ट के जरिए अपने तेवर दिखाए हैं। विधायक सुधीर शर्मा ने फेसबुक पेज पर लिखा है कि आत्ममानस्य, सम्मति, स्वभावस्यन्ता यानी स्वाभिमान से समझौता, पहचान का अंत है। यहां बताते चलें कि कांग्रेस के नाराज नेताओं में शामिल सुधीर तथा हमीरपुर जिला के सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा के भाजपा में जाने की चर्चाएं नई नहीं हैं। हालांकि मामला लोकसभा चुनावों का होने के कारण ये तेवर कांग्रेस पार्टी के लिए भी मायने रखते हैं।

कांग्रेस हाईकमान में पहाड़ी राज्य में अपनी पार्टी की सरकार होने के नाते यहां से कम से कम दो सीट की उम्मीद जरूर रखेगा। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली केंद्र की भाजपा यहां क्लीन स्वीप के दावे कर रही है। अतीत के लोकसभा नतीजे इस बाद के द्योतक हैं कि यहां भाजपा प्रत्याशियों की जीत की संभावना कहीं ज्यादा है तथा ऐसे में प्रदेश की सत्ता पर काबिज कांग्रेस तथा सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के लिए यहां से एक से दो सीटों पर जीत उनको हाईकमान की नजरों में भी मजबूत रखेगा। ऐसे में जाहिर है कि सीएम के लिए भी ये बगावती तेवर चुनौती बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



### कनाडा से आई थी धमकी

**दो** दिन पहले ही विधायक सुधीर शर्मा के स्टाफ के दो लोगों को कनाडा से आई कॉल के जरिए विधायक को धमकी दी गई है। इसके बाद विधायक की सुरक्षा को कड़ा किया गया है। इसके पीछे कांग्रेस के ही किसी नेता का हाथ होने की चर्चाओं पर उन्होंने कहा कि ऐसा होता है। राजनीति का इससे गिरा हुआ स्तर क्या हो सकता है।

### लोकसभा का इशारा, मंत्री पद से किया इंकार

**इससे** पहले उन्हें मंत्री बनाए जाने के संकेत पर सुधीर शर्मा कह चुके है कि सरकार बने 14 माह पूरे होने के बाद अब वो मंत्री नहीं बनना चाहते तथा उनकी जगह सीएम किसी ओर को एडजस्ट कर सकते हैं। वहीं, उन्होंने कहा कि अब लोकसभा चुनावों के बाद देखेंगे। ऐसे में उन्होंने कांग्रेस सरकार को लोकसभा चुनावों में उनकी भूमिका की अहमियत भी जता दी है। इसके अलावा अकसर बगावती बयान देने वाले सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा भी लंबे समय में कांग्रेस सरकार को घेरते आए हैं। ऐसे में देखना होगा कि लोकसभा चुनावों को देखते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू सेफ गेम खेलते हैं या फिर फ्रंटफुट पर डटे रहते हैं।

### संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति की

**नूरपुर।** पंचायतीराज प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक सिकंदर राणा ने आज जिला पार्टी कार्यालय में बैठक की। बैठक में जहां भविष्य में लोकसभा चुनावों के तहत कार्यप्रणाली पर मंथन किया गया। वहीं, जिला कार्यकारिणी और मंडल स्तर पर संयोजक और सहसंयोजकों की भी नियुक्ति की। सिकंदर राणा ने उनकी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अमर ठाकुर और शिशु धर्मा का आभार जताया।

# शांतिपूर्ण संपन्न हुए पंचायतीराज उपचुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनाव संपन्न हो गए। शांतिपूर्ण तरीके से पूरे हुए चुनावों में जिले में इस उपचुनाव में 21 रिक्त पदों पर नतीजे घोषित किए जिसमें से 12 पदों पर नवनिर्विरोध ताजपोशी हुई। उपचुनाव में 59. 27 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसमें 2787 पुरुषों 4.3114 महिलाओं ने मतदान किया। रविवार को हुए उपचुनाव में तीन प्रधान, दो उपप्रधान और तीन वार्ड सदस्यों के उपचुनाव हुए। परागपुर ब्लॉक में प्रधान पद के लिए हुए चुनाव में डाडासीबा पंचायत में प्रधान पद पर सुचिता कंवर ने 663 मत से कनुप्रिया को हराया। पंचरुखी ब्लॉक की गदियाड़ा पंचायत में प्रधान पद पर 659 मत प्राप्त कर राजेश्वरी व्यास विजयी घोषित हुई तथा भरवाना पंचायत की अनीता देवी ने 257 मत प्राप्त कर जीत हासिल की है। पंचरुखी ब्लॉक की भिरड़ी पंचायत में अक्षय राणा को 148 और उनके प्रतिद्वंद्वी राजेश कुमार को 146 मत मिले। संदू पंचायत के वार्ड नंबर-तीन से लता रानी ने जीत हासिल की लंबागांव की टंबर पंचायत के वार्ड नंबर-पांच से रामदित्ता ने जीत हासिल की। विकास खंड सुलह की रखूं गदियाड़ा पंचायत में उपप्रधान पद पर हुए उपचुनाव में 197 मत लेकर मंजीत कुमार विजयी हुए। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अशोक कुमार को 183, कमल नयन को 107 और श्रवण कुमार को 105 मत हासिल हुए।

# राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में आठवीं में दाखिले को आवेदन किए आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी) देहरादून में जनवरी 2025 के सत्र के लिए आठवीं कक्षा में दाखिले को आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक पात्र उम्मीदवार 15 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा पहली जून को देश के चुनिंदा केंद्रों पर होगी।

यह जानकारी आरआईएमसी के पदाधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक राणा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रवेश पाने के लिए छात्र और छात्राएं दोनों ही आवेदन करने के पात्र हैं। उम्मीदवार की आयु पहली जनवरी 2025 को साढ़े 11 साल से 13 साल के बीच होनी चाहिए अर्थात उम्मीदवार का जन्म दो जनवरी 2012 अथवा उसके बाद तथा पहली जुलाई 2013 अथवा उससे पूर्व हुआ हो। उन्होंने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा 400 अंकों की होगी। अंग्रेजी की परीक्षा 125 अंक, गणित 200, सामान्य ज्ञान का पेपर 75 अंक का होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवारों का 50 अंक का साक्षात्कार रखा गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में तय की जाएगी। लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक राणा ने बताया कि आवेदन पत्र और विवरण पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, गढ़ी कैंट, देहरादून से प्राप्त किए जा सकते हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू आरआइएमसी डॉट जीओवी डॉट आइएन पर ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं।

### सड़क हादसे के घायल ने तोड़ा दम

**धर्मशाला।** जिला के पुलिस थाना कांगड़ा की खोली पंचायत के तहत एक कार तथा कैंटर की भिडंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि कार के ड्राइवर हरप्रीत के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। हादसे में बुरी तरह घायल हुए सुखदेव सिंह की सोमवार को मौत हो गई। जबकि इस हादसे में चार लोग घायल हो गए। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

**व अदालत अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

मिसल न. 543/NT/2024
ता0 दा0 08.02.2024
तारीख पेशी 21-03-2024

**मुकदमा इंद्राज जन्म**
श्री मोहिंदर सिंह पुत्र टिडू राम निवासी वार्ड न. 7 जसौर डाकघर रोंखर तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा **प्रार्थी पक्ष**

**बनाम**
**आम जनता**

**विषय** प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र(

**अखबारी इश्तेहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेरधारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम के तहत गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी का जन्म दिनांक 15-04-1965 को ग्राम पंचायत जसौर में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसके जन्म को ग्राम पंचायत जसौर में दर्ज नहीं करवा सके। प्रार्थी उक्त जन्म को ग्राम पंचायत जसौर में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथि को ग्राम पंचायत जसौर के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 21-03-2024 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज समायत न होगा। आज दिनांक 21-02-2024 मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

हस्ता./-
अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार
नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि. प्र.

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 फरवरी 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :**तृतीया (01:56): **नक्षत्र :** हस्त पूर्ण रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, योग शूल (04:24) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11)-(12:57), राहुकाल 03:26 - 04:53 ।

### विशेष दिन

27 फरवरी 2002 को गुजरात के अहमदाबाद जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस को भीड़ ने गोधरा स्टेशन पर आग के हवाले किया। इस घटना में 59 कार सेवकों की मौत हुई।

**मेष :** अपने विचारों पर अंकुश रखें। संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। कुसंगति से बचें। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।

**वृषभ :** आप के किए कार्य से लोग प्रभावित होंगे । भय, चिंता व तनाव का कारण रहेगा। हनुमान जी महाराज को चोला अर्पण करें।

**मिथुन :** कार्यस्थल पर अकारण तनाव संभव है। यात्रा सफल रहेगी, शुभ समाचार मिलेंगे। मेहनत का फल मिलेगा।

**कर्क :** लंबे समय से चले आ रहे विवाद आज शांत होंगे। गृहस्थ सुख मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** अपनी आदतों को बदलें। परिजनों का साथ मन को आनंद देगा। हानि से बचें, जोखिम न उठाएं।

**कन्या :** अनजाने में हुई गलती परेशान करेगी। व्यवसाय में जोखिम न लें। व्यय वृद्धि होगी। चोरी-चोट विवाद से हानि संभव ।

**तुला :** आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। अटका हुआ रुपया वापस मिलेगा। यात्रा सफल रहेगी।

**वृश्चिक:** व्यवसाय में विरोधी सक्रिय रहेंगे। दिनचर्या में बदलाव रहेगा। नई योजना बनेगी। कार्यशैली में बदलाव से लाभ बढ़ेगा।

**धनु :**गृह क्लेश को टालें। अपने आप को बदलें। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

**मकर :** प्रेम-प्रसंग में सफलता के योग है। अग्नि-वाहन-मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें, कुसंगति हानि पहुंचाएगी।

**कुंभ :** मानसिक शांति मिलेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। अस्वस्थता रहेगी।

**मीन :** धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। संपत्ति के कार्यों से लाभ होगा। उन्नति होगी।

### गुड न्यूज

### केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदान किया पुरस्कार

# 'नेक्सट स्टॉप म्यूजिक' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के नव-मीडिया विभाग के छात्र अश्विनी रंजन और अनुभव कुमार दूबे की ओर से बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म नेक्सट स्टॉप म्यूजिक' को कैंपस प्रोफेशनल कैटेगरी में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। 'भारतीय चित्र साधना' की ओर से 23 से 25 फरवरी 2024 को 'चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल' (सीबीएफएफ) का पांचवां संस्करण पंचकूला, हरियाणा में आयोजित किया गया।

अश्विनी रंजन को यह पुरस्कार केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और स्टेट हायर एजुकेशन कौंसिल, हरियाणा के चेयरमैन प्रो. बीके कुठियाला ने प्रदान किया। इस फिल्म फेस्टिवल में देश के सिनेमा जगत के विवेक अग्निहोत्री, दलेर मेहंदी, अमिताभ वर्मा, ईशा गुप्ता सहित तमाम दिग्गज सहित सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी शामिल हुए। तीन दिन तक चलने वाले इस फिल्म महोत्सव में 19 राज्यों की 25 भाषाओं में बनी 133 फिल्में प्रदर्शित की गई। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के नव-मीडिया विभाग के छात्र अश्विनी रंजन और अनुभव कुमार दूबे के अनुसार फिल्म लोक संगीत पर आधारित एक फिल्म है। इसमें भारत के तीन अलग-अलग राज्यों (राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और बिहार) की संस्कृतियों में लोक संगीत का स्थान और स्तर को दिखाया गया है। फिल्म में इन राज्यों के अलग-अलग भाषाओं के लोक संगीत में समानता और विभिन्न पारिवारिक और सांस्कृतिक अवसरों पर संगीत में एकात्मता को भी चित्रित किया गया है। इस फिल्म में सहायक निर्देशक की भूमिका नव मीडिया विभाग की छात्रा काजल कपूर और अनुभूति मेहता ने निभाई है। यह पुरस्कार प्रदान करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि जिस यूनिवर्सिटी को बनाने के लिए वो पिछले 11 साल से लड़ाई लड़ रहे हैं। वहां के विद्यार्थी को पुरस्कार देते हुए मुझे आनंद की अनुभूति हो रही है।


पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

खुशी कुछ तैयार नहीं होती, यह आपकी खुद की क्रियाओं से आती है।
–दलाई लामा



## हिमाचल में बढ़ता अपराध का ग्राफ चिंता का विषय

**रेस्टोरेंट** में काम करने वाले शिमला जिले के चौपाल के कुपवी के 21 वर्षीय युवक मनीष की हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के मालरोड पर स्थित पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने रविवार देर रात हत्या हो जाना अपने आप में कई सवाल छोड़ गया। जब राजधानी में ही लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो बाकी जगहों का क्या होगा? दिल दहला देने वाली इस वारदात ने सबको झकझोकर कर रख दिया है। रेस्टोरेंट में घुसकर युवक की बेरहमी से हत्या के बाद आरोपी का चंडीगढ़ फरार हो जाना भी कानून व्यवस्था पर कई प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। रेस्टोरेंट में युवक की हत्या करना वाकई संगीन मामला है। मालरोड जैसी पॉश जगह पर जहां पर रात के समय में भी पेट्रोलिंग होती है, वहां इतनी बड़ी वारदात हो जाए तो यह मामला गंभीर खुद ही बन जाता है। आखिर पुलिस कंट्रोल रूम के सामने इतनी बड़ी वारदात कैसे हो गई? यह मामला बजट सत्र में भी खूब गूंजा।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाए हैं। विपक्ष इस मसले पर प्रदेश की सुक्खू सरकार को खूब घेर रहा है। विपक्ष सवाल उठा रहा है कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। चूंकि शिमला एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है और वहां ऐसी वारदात की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। ऐसी वारदातों की वजह से पर्यटक अपने आपको असुरक्षित महसूस करेंगे और शिमला आने से हिचकिचाएंगे। सतापक्ष के विधायक सुधीर शर्मा के घर पर धमकियां मिल रही हैं। बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के साथ दिनदहाड़े मारपीट हुई है। पिछले तीन-चार दिनों में हुए इन घटनाक्रमों ने सबको यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि पुलिस प्रशासन अपनी ड्यूटी या तो ठीक से नहीं निभा रहा है या फिर उसके पास घटनाओं को लेकर पूर्व में कोई सूचना नहीं पहुंच पा रही है, जिससे कि वह समय रहते इन वारदातों को होने से बचा ले। सरकार को इस दिशा में पुलिस प्रशासन को और कड़े निर्देश देने होंगे, तभी लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास कायम रहेगा, वरना विपक्ष ने इस समय अब जबकि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तो इन मामलों को जनता के साथ मिलकर सार्वजनिक रूप से उठा दिया तो उससे कांग्रेस को बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है। हालांकि सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में सब ठीक है और हर व्यक्ति सुरक्षित है, लेकिन लोगों का विश्वास अगर सरकार से उठ जाएगा तो उसे दोबारा बनाना आसान नहीं होगा। हिमाचल में अपराध की प्रवृत्ति दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। हिमाचल की वादियां अब पहले जैसी शांत नहीं रही हैं।

हिमाचल में पहले चोरी की घटनाएं बहुत कम होती थीं, लेकिन पिछले कुछ समय से इनमें इजाफा हुआ है। बुद्धिजीवी इसके पीछे प्रदेश में बढ़ते जा रहे नशे की प्रवृत्ति को भी मुख्य कारण मान रहे हैं। जो युवा नशे में पड़ जाते हैं, वे चोरी करके ही अपने नशे का इंतजाम कर रहे हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की संगत में पड़कर भी हिमाचल की नौजवान पीढ़ी गलत रास्ते पर निकल पड़ी है।

# संदेशखाली : ममता बनर्जी की नफरत का प्रतीक



प्रवीण गुगनानी
विदेश मंत्रालय में सलाहकार (राजभाषा)

**बांग्ला** की दो लोकोक्तियां हैं, थेलाई ना पोरले बेरल गाछे ओथे ना अर्थात आपकी समस्याओं से पार पाने के लिए आपको उस समस्या का सामना करना ही होगा। दूसरी बांग्ला कहावत है, किछुतेई किछु न फेसतेई पोइसा, कुछ प्राप्त करने हेतु आलस्य छोड़कर कर्म करना ही होगा। आज की परिस्थिति में बंगाल में ममता व उनकी तृणमूल एक समस्या है और सोनार बांग्ला के बंधुओं को कुछ कर्म करके इन्हें सत्ता से बाहर का मार्ग दिखाना ही होगा।

संदेशखाली, पश्चिम बंगाल में हाल ही के महिला यौन उत्पीड़न को लेकर जो समाचार आ रहे हैं, उन सबके अतिरिक्त सच और भी है। सच यह है कि संदेशखाली के आसपास की चौदह में से आठ विस क्षेत्र अनुसूचित व जनजातीय वर्ग हेतु आरक्षित हैं। सच यह भी है कि इन चौदह संवेदनशील विधानसभाओं की सीमा बांग्लादेश से सटी हुई है। सच यह भी है कि यह मानव तस्करी अर्थात ह्यूमन ट्रेफिकिंग के धंधे का गढ़ बना हुआ है। सच यह भी है कि तृणमूल ने भारत भर में रोहिंग्याओं, आतंकियों, घुसपैठियों, तस्करों को प्रवेश देने के लिए इस क्षेत्र को सुरक्षित द्वार बनाया हुआ है।

संदेशखाली की इस घटना की पृष्ठभूमि में यह संदेश भी है कि पश्चिम बंगाल किस प्रकार मानव तस्करी व हिंदू कन्याओं के अपहरण व उन्हें सीमापार पहुंचा देने का गढ़ बना हुआ है। हिंदू कन्याओं को पहले यौन उत्पीड़न के जाल में फंसाना और फिर वीडियो आदि के माध्यम से उन्हें ब्लैकमेल कर सीमा पार बेच देने में तृणमूल कार्यकर्ता लगे हुए हैं। हाल ही की घटना में ममता बनर्जी के प्रिय शेख शाहजहां की प्रत्यक्ष संलिप्तता इसका ज्वलंत व प्रामाणिक उदाहरण है।

मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस से होड़ लगाती हुई पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी ममता को शेख शाहजहां की जेब में रेहन रख छोड़ा है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते ममता बनर्जी से महिला तस्करी, उत्पीड़न, बलात्कार संबंधित मामलों में जो सक्रियता दिखनी चाहिए थी, उसका सहस्त्रांश भी उनकी कार्यशैली में देखने को नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में आज महिलाएं सर्वाधिक असुरक्षित आभास कर रही हैं। एक सर्वे में यही बात देखने में आई है। 19 राज्यों के 18,267 परिवारों के मध्य कराए गए एक सर्वे में निष्कर्ष आया कि पश्चिम बंगाल के 72.9 फीसदी लोग बंगाल में असुरक्षित आभास करते हैं। सर्वे में लोगों ने कहा कि रात्रि में तो बंगाल घोर असुरक्षित हो जाता है।

इस भयंकर व बर्बर सांख्यिकी को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा दी गई सांख्यिकी पुष्ट-संपुष्ट करती है। महिलाओं के लापता होने की दृष्टि से भी पश्चिम बंगाल अव्वल बना हुआ है। दुखद तथ्य है कि पश्चिम बंगाल से वर्ष 2016-17-18 में क्रमशः पच्चीस हजार, अट्ठाइस हजार व इकत्तीस हजार महिलाएं लापता हुई हैं। ये सांख्यिकी चीख-चीख कर हमारे सभ्य समाज से कुछ कह रही है। एक महिला मुख्यमंत्री का राज्य महिलाओं के विरुद्ध अनाचरण अपराध मामले में अव्वल बना हुआ है। एनसीआरबी के अनुसार, प. बंगाल में वर्ष 2020 में महिलाओं के विरुद्ध छत्तीस हजार मामले दर्ज हुए थे। डर, भय, दबाव के कारण हजारों मामले समाज व पुलिस में दर्ज नहीं हो पाए, उनकी गिनती भी भयंकर जान पड़ती है। गो तस्करी, हिंदू कन्या तस्करी, लूटपाट, हत्या, फिरौती, अड्डीबाजी के इन अपराधों में लगभग सभी मुस्लिम अपराधी ही संलिप्त रहते हैं।

पश्चिम बंगाल में अपराध व अपराधी दोनों सिर चढ़कर बोलते दिखाई पड़ते हैं। तुर्रा यह रहा कि संदेशखाली मामले के मुख्य आरोपी, ममता बनर्जी के खासमखास समर्थक शेख शाहजहां ने मामले की जांच करने हेतु बंगाल पहुंची ईडी की टीम पर ही प्राणघातक हमला करवा दिया। ममता के खास शेख शाहजहां का ईडी पर हमला इतना प्रहारक था कि कड़ी सुरक्षा के मध्य गई हुई ईडी की टीम को चोटिल व लहूलुहान होकर वापस लौटना पड़ा। सदा की तरह टीम ममता ईडी के जांच दल को घायल करके बिना जांच के वापस भेजने में सफल रही है।

जनता नाराज है, अपराधी स्वतंत्र और सीनाजोर हैं और ममता सरकार लजाने-शर्माने के स्थान पर मुस्लिम तुष्टिकरण व अपराध संरक्षण पर तुली हुई है। संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं जो कह रही हैं, वे हमारे शासन तंत्र को शर्मिंदा कर देने के लिए पर्याप्त हैं। इस क्षेत्र की महिलाएं बताती हैं कि तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं और सुंदर महिलाओं को उठाकर पार्टी ऑफिस ले आते हैं और फिर महीनों रखकर इनका शोषण करते हैं। आश्चर्यजनक रूप से पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से यह लज्जाजनक वक्तव्य आता है कि उन्हें संदेशखाली क्षेत्र में महिला बलात्कार, यौन उत्पीड़न आदि की कोई भी शिकायत नहीं मिली है। शासकीय तंत्र के आतंक का यह भीषण जलजला देखिए।

जांच में तथ्य सामने आ रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता व शेख शाहजहां के गुंडे नौकरी देने के नाम पर, भयभीत करके, आर्थिक लालच देकर यहां की लड़कियों को ले जाते हैं। महिलाओं को पार्टी में ऊंचा पद देने आदि के लोभ देकर भी उन्हें फुसला ले जाते हैं और फिर उनके शोषण, ब्लैकमेल आदि का अनवरत क्रम प्रारंभ हो जाता है। पश्चिम बंगाल की महिला मुख्यमंत्री वाली सरकार की संवेदनशीलता व निर्लजता की स्थिति यह है कि बशीर हाट के एसपी मेहंदी हुसैन जैसे अधिकारियों को आगे करके समूचे मामले को शासकीय व पुलिसिया आतंक से समाप्त कराने का प्रयास किया जाता है।

सबसे दुर्भाग्यजनक व लज्जाजनक बात यह है कि नारी मुख्यमंत्री वाले इस राज्य में इन मुस्लिम पीड़ित महिलाओं की शिकायत थाने में लिखी ही नहीं जा रही है, उन्हें चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है। हां, अपराधियों पर कार्रवाई करने के स्थान पर आरएसएस के स्वयंसेवकों व भाजपा कार्यकर्ताओं पर सतत-निरंतर मुकदमे लादे जा रहे हैं। बंगाल के चौबीस परगना, दक्षिण चौबीस परगना, उत्तरी दिनाजपुर, दक्षिणी दिनाजपुर, मुर्शिदाबाद, मालदा, नादिया, हुगली आदि मुस्लिम बहुल क्षेत्र तो जैसे मुस्लिम आतंक के गढ़ बन गए हैं। यहां हिंदू धर्मावलंबियों का सांस लेना दूभर हो चुका है।

सबसे बड़ी बात यह है कि चोरी ऊपर से सीना चोरी करते हुए ममता के गुंडे कार्यकर्ता टीवी चैनलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने पर देख लेने की खुली चुनौती दे रहे हैं। यह चुनौती भद्दी, अमर्यादित व असंसदीय भाषा में दी जा रही है। गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर के सोनार बांग्ला से ऐसे आसुरी सुर निकलना किसी बड़े खतरे की आशंकाएं उपजाता है।

## नजरिया — 'सन-सैंड-सी' संग राष्ट्रवाद भी जुड़ा गोवा के साथ



लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

**गोवा** अपनी छवि का विस्तार करने का संकल्प ले चुका है। उसकी चाहत है कि उसे उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा भी उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक ऐसी धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। चूंकि गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाली शासन रहा है, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्चर को देखकर समझ आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया। पुर्तगालियों ने यहां की संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के बहुत प्रयास किए, लेकिन यहां की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी कि धर्मांतरण के बाद भी वह मिट नहीं पाई।

गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री खुद कई बार यह कह चुके हैं कि गोवा को लेकर एक खास तरह की इमेज बना दी गई है। यह संत सोहिरोबनाथ आंबिये, आद्य नाटककार कृष्णभट्ट बांदकर, सुरश्री केसरबाई केरकर, आचार्य धर्मानंद कोसंबी और पद्म विभूषण रघुनाथ माशेलकर जैसी विभूतियों की धरती है। गोवा का जुझारूपन, संघर्ष इतिहास की किताबों में भी परिलक्षित होता है। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। इसकी वजह से यह कहा जाए कि सबसे बड़ा कन्वर्जन गोवा में हुआ तो गलत नहीं होगा। इतना सब कुछ होने के बावजूद गोवा वह राज्य है, जिसने मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया।

आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की यह कवायद गोवा की सूर्य, रेत और समुद्र या 'सन, सेंड और सी' की पहचान को नया आयाम देने वाली साबित होगी। गोवा के लोग सरकार के इस कदम से कितने उत्साहित हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय निवासी खुद मंदिरों की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। आज आर्थिक मोर्चे पर जिस तरह गोवा की राज्य सरकार काम कर रही है, उससे साफ है कि वह अपने पितृ पुरुष की परिकल्पना को यर्थार्थ के धरातल पर शिद्दत से साकार करने की कोशिश कर रही है।

## अंदाज-ए-बयां — जीवन के दिन



*कितने हैं किसी के जीवन के दिन*
*यह जीवन मिला है सबको उधार*
*न किसी को पता है न कोई है जानता*
*कोई चुका देगा कोई नहीं पाएगा उतार*
*चार दिन की जिंदगी यूं ही गुजर जाएगी*
*पाप की यह गठरी भरती ही जाएगी*
*हिसाब तेरे कर्मों का है रखा जा रहा*
*छुपा न पाएगा कुछ भी हकीकत सामने आएगी*
*फुर्सत में सोचना अकेले में बैठकर जरा*
*पैसे से भी भला किसी का कभी पेट है भरा*
*करता रहा उम्र भर इकट्ठी पाप की दौलत*
*दिखावा दिलेरी का मगर अंदर से रहता है डरा*
*लॉकर तेरी दौलत के सब रह जाएंगे बंद पड़े*
*मौत जब आएगी तब पहरेदार सो जाएंगे खड़े-खड़े*
*कितना जोर लगा ले कोई बच नहीं पाएगा*
*जब भर जाएंगे तब टूट जाएंगे तेरे पाप के घड़े।*

रवींद्र कुमार शर्मा
घुमारवीं (बिलासपुर)

## स्वातंत्र्यवीर सावरकर : जीवन तिहरे संघर्ष में बीता, दोहरा आजीवन कारावास



लेखक : रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**स्वातंत्र्यवीर** विनायक दामोदर सावरकर अकेले ऐसे क्रांतिकारी हैं, जिन्हें दो बार आजीवन कारावास हुआ। उनका पूरा जीवन तिहरे संघर्ष में बीता। एक संघर्ष राष्ट्र की संस्कृति और परंपरा की पुनर्स्थापना के लिए किया। दूसरा संघर्ष देश को अंग्रेजों से मुक्ति के लिए। तीसरा संघर्ष भारत के अपने ही बंधुओं के लांछन झेलने का। उनका संघर्ष सत्ता के लिए या राजनीति के लिए नहीं अपितु भारत राष्ट्र की अस्मिता और हिंदू समाज के जागरण के लिए था। उनका और उनके परिवार का पूरा जीवन भारत के स्वत्व की प्रतिष्ठापना के लिए समर्पित रहा।

उनका जन्म महाराष्ट्र प्रांत के पुणे जिला अंतर्गत भागुर गांव में 28 मई 1883 को हुआ था। उनकी माता का नाम राधाबाई और पिता का नाम दामोदर पंत सावरकर था। इनके दो भाई और और एक बहन थी। जब विनायक केवल नौ वर्ष के थे, तब ही हैजा महामारी ने माताजी को छीन लिया था। सात वर्ष बाद 1899 में इसी महामारी के चलते उनके पिता भी स्वर्ग सिधार गए। बड़े भाई गणेश ने परिवार के पालन-पोषण का कार्य संभाला। दुख और कठिनाई की इस घड़ी में अग्रज गणेश सावरकर के व्यक्तित्व का विनायक पर गहरा प्रभाव पड़ा। उन्हें लगा कि जिस प्रकार बड़े भाई न केवल अपने पैरों पर स्वयं खड़े हैं और परिवार संभाल रहे हैं, क्यों न वे भी अपने पैरों पर खड़े हों और समाज की सेवा करें।

कुछ विभूतियां साधारण नहीं होतीं, वे प्रकृति की अतिरिक्त ऊर्जा के साथ संसार में आती हैं। ऐसी विशिष्ट विभूतियां अपने आसपास की एक एक घटना से सीखतीं हैं और समाज को सिखाने का प्रयास करती हैं। विनायक सावरकर ऐसे ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने एक साथ विभिन्न दिशाओं में चिंतन आरंभ किया। महामारी ने केवल उनके माता-पिता को ही नहीं छीना था, बल्कि देश के लाखों करोड़ों लोगों के भी प्राण लिए थे। भारतीय समाज जीवन इस विभीषिका को झेल रहा था। विनायकजी ने भारतीय समाज को जागृत करने का संकल्प लिया। उन्होंने अपनी पढ़ाई के साथ नवयुवकों की टोली बनाई और समाज संस्कृति का जागरण का कार्य आरंभ किया। इसके साथ शिवाजी हाई स्कूल नासिक से 1901 में हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की। पढ़ने में उनकी रुचि तो बहुत थी, वे लेखन कार्य भी करते थे। सामयिक विषयों पर टिप्पणियां और कविताएं लिखने का अद्भुत कौशल था। उन्होंने मित्र मेलों का आयोजन करना आरंभ किया। इन मेलों में राष्ट्र और संस्कृति की बात होती और यह भी कि भारत माता पर कितना संकट है, कैसे वह संकट दूर होगा। इन मेलों के माध्यम से नवयुवकों में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होने लगी।

पुणे में ही उन्होंने 1904 में एक संस्था का गठन किया जिसका नाम 'अभिनव भारत' रखा। यह एक क्रांतिकारी संगठन था, जिस पर बाद में अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा दिया था। विनायक सावरकर और अभिनव भारत के कार्यकर्ता घूम-घूम कर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देते थे। महाविद्यालयीन पढ़ाई के बाद वकालत पढ़ने लंदन चले गए वहां संग्रहालय में वे विवरण भी पढ़े कि कैसे 1857 की क्रांति की शुरुआत हुई और कैसे अंग्रेजों ने उसका दमन किया गया। इन्हे पढ़ने के बाद सावरकर जी ने 10 मई, 1907 को लंदन के इंडिया हाउस में प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्ण जयन्ती का आयोजन किया और अपने ओजस्वी भाषण में प्रमाणों सहित 1857 के संघर्ष को भारत का प्रथम संग्राम सिद्ध किया।

# सहकारी सभाओं को सशक्त बनाने की जरूरत



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**हिमाचल** प्रदेश की सरकारों ने सौ राशन कार्ड धारकों के लिए नए डिपो खोलने पर ही ज्यादा फोकस किया है। आज हालत इस कदर नाजुक बन चुके हैं कि डिपो विक्रेताओं को मूलभूत सुविधाओं की दरकार है। डिपो विक्रेता कांग्रेस सरकार से उन्हें वेतन पर रखे जाने की मांग उठा रहे हैं। विक्रेताओं को न तो वेतन मिल रहा और विभाग का सर्वर हमेशा डाउन रहने का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ रहा है। महीने के अंत में जब डिपो विक्रेताओं को खाद्यान्न राशन कार्डधारकों को वितरित किए जाने की बारी आती तो पॉश मशीनें काम करना बिलकुल बंद कर देती हैं।

राशन कार्डधारक पूरा दिन डिपुओं समक्ष खड़े रहने को मजबूर हैं। विक्रेता उक्त समस्याओं बारे विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा रहे, मगर बावजूद इसके समस्या का समाधान पिछले एक वर्ष से नहीं हो पा रहा है। गनीमत यह है कि उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को आज भी कमीशन पर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। विक्रेताओं को खाद्यान्न वितरित किए जाने समय काम का बोझ इस कदर अतिरिक्त बढ़ जाता है कि उन्हें दिहाड़ी पर मजदूर रखकर भी जनता की सेवा करनी पड़ती है। उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को मिलने वाली कमीशन का पैसा ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली कहावत पर चरितार्थ होता है। हिमाचल के उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं ने अपनी तमाम मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी किया था।

विक्रेताओं को उम्मीद बंधी थी कि बजट सत्र में उनकी तमाम समस्याओं का समाधान किया जाएगा। डिपो संचालकों की मांग उन्हें 20 हजार रुपए मासिक वेतन पर रखा जाए। उचित मूल्य दुकानों में 4जी नेटवर्क की सुविधा से जोड़ा जाए, जिससे राशन कार्डधारकों को घंटों लंबी कतारों में लगने से निजात मिल सके। सुख की सरकार द्वारा पारित किए गए दूसरे बजट सत्र में भी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं की तकदीर का फैसला नहीं हो पाया है। सहकारिता विभाग को सशक्त बनाए जाने का सजवाग नेताओं द्वारा जनता को दिखाया गया है। उचित मूल्य दुकान विक्रेताओं को वेतनमान पर न रखना न्यायसंगत नहीं है। हिमाचल प्रदेश में वर्तनमान समय में 4925 सहकारी सभाएं, 69 खाद्य आपूर्ति निगम के अधीन जो घाटे में चल रही बताई हैं, डिपो धारकों को सिवाये कमीशन के कोई लाभ नहीं मिलता है। वे खाद्यान्न का वारदाना तक भी नहीं बेच सकते हैं। सहकारी सभाएं जनता के आर्थिक सहयोग द्वारा चलाई जा रही हैं। शेयर होल्डर सहकारी सभाओं में पैसा यह सोचकर लगाते हैं कि उन्हें भविष्य में आर्थिक लाभ मिलेगा।

अधिकतर सहकारी सभाएं आजकल घाटे में चल रही हैं, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। कुछेक सहकारी सभाओं की कमेटियां राजनीतिक संरक्षण के आधार पर चलाई जा रही हैं। ऐसी कमेटियों की चुनावी प्रक्रिया क्या आम जनता कुछ नहीं जानती है? कई वर्षों से सहकारी सभाओं में सिर्फ एक ही कमेटियों का आधीपत्य और खाद्य आपूर्ति विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। सहकारी सभाओं को खोलने के पीछे क्या उद्देश्य कमेटियों को सजग करने की अधिक जरूरत है। सहकारी सभाओं की कमेटियों की दखलअंदाजी के चलते कई डिपुओं में सचिव ही विक्रेताओं की कुर्सी पर विराजमान हैं। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि सचिव और विक्रेता को कमीशन दिए जाना भी सहकारी सभाओं की कमेटियों के लिए आर्थिक चुनौती है। सहकारी सभाओं की ऐसी नकारात्मक कार्यप्रणाली के चलते वह कभी मुनाफे में आ सकती है, आज यह बड़ा सवाल है। सहकारी सभाएं सिर्फ खाद्यान्न बेचने तक ही सिमित हैं। सहकारी सभाओं की दयनीय हालत के पीछे कुशल कमेटियों का अभाव, सचिव और विक्रेताओं की कार्यप्रणाली गरीब विरोधी रहने की सुर्खियां अकसर पढ़ने को मिलती हैं।

कुछेक सहकारी सभाएं राजनीति का ऐसा अखाड़ा बन गई हैं जिनको दो कमेटियां इसे चलाने का दावा करती रही हैं। सहकारी सभाओं की कमेटियों द्वारा बेतरतीव ढंग से बांटे गए ऋण की बसूली नहीं हो पा रही है। विक्रेताओं द्वारा जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किए जाने कारण भी डिपुओं की हालत खस्ता हुई है। केंद्र सरकार राज्य सरकारों को खाद्यान्न पर सब्सिडी देती रही, जिससे हिमाचल प्रदेश के राशन कार्ड धारकों को इसका लाभ मिलता था। पूर्व भाजपा सरकार के समय केंद्र सरकार ने उक्त सब्सिडी को बंद कर दिया था। पूर्व सरकार अपने बलबूते पर 17 लाख से अधिक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न मुहैया करवाती रही है। सुख की सरकार समय भी राशन कार्डधारकों को डिपुओं में खाद्यान्न मिल रहा है। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि आए दिन खाद्यान्न वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे हैं, जिससे राशन कार्ड धारकों को खास लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार की मजबूरी कि वह इस खाद्यान्न को बंद नहीं करवा सकती है। ठीक इसी कारण ही राशन कार्ड धारकों को कई बार डिपुओं से पर्याप्त खाद्यान्न नहीं मिल पाता है। उचित मूल्य दुकान विक्रेता राशन कार्डधारकों को समझाने की पूरी कोशिश करते हैं कि कुछेक वस्तुओं की टेंडर प्रक्रिया लंबित रहने कारण ऐसा हो रहा है।

राशनकार्ड धारक इसी बात को लेकर कई बार विक्रेताओं के साथ उलझ जाते हैं और उन पर कई आरोप लगाने से बाज नहीं आते हैं। प्रदेश सरकार को सहकारी सभाओं को सुपर मार्केट की तरह बनाना होगा, जिससे उसकी आय में वृद्धि होकर जनता सदैव उन पर आश्रित रह सके। सहकारी सभाओं में कम ब्याज पर ऋण मुहैया करवाया जाए तो प्रदेश की जनता को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। सरकारों द्वारा चलाई गई तमाम योजनाओं का लाभ गरीब लोगों को मिले इसलिए जरूरी बन जाता की डिपो विक्रेताओं को वेतनमान सहित तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं।

# दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते



ब्लॉगर

नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**दुनिया** में सब कुछ मिल जाता है, मगर मां-बाप नहीं मिलते। विडंबना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा हैं। उन्हें महीनों में बांटा जा रहा है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महीने दूसरे बेटे के घर खाना है। जिन मां-बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया, आंच तक नहीं आने दी, कांटा तक चुभने नहीं दिया, आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक हैं, जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिंदगी दे रहे हैं, लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है।

आज देश में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं, बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं। शायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन-पोषण किया, आज वही बेटे उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। देश में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं तथा दूसरों पर मोहताज हैं। मां-बाप ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को महंगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खड़ा किया, आज उन्हीं के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गडा रहे हैं। मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुशियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुशी प्रदान की, मगर आज वही चिराग माता-पिता के दुश्मन बन गए हैं। बुजुर्ग परिवार का स्तंभ होते हैं।

आज देश में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है, उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। प्रत्येक वर्ष एक अक्तूबर को विश्व वृद्ध दिवस मनाया जाता है, मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जाते हैं, बाकी 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता। वृद्धों के नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन एक दिन उन्हें भी बुढ़ापा आएगा, तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवश्य मिलेगा। कहते हैं बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं। बुजुर्ग वटवृक्ष के समान होते हैं, जिनकी शीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते हैं, मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारू हो गए हैं। आज बुजुर्गों को स्टोर रूम में रखा जाता है, मगर एक दिन स्टोर रूम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है, जब तुम्हें भी ऐसा ही नसीब होगा क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे।

अकसर देखा गया है कि अधिकांश लोग वृद्ध आश्रमों की शरण ले रहे हैं क्योंकि जब ये लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता है। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं। बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बनें। हमें घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योंकि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं। ऐसी परिर्स्थितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं। बुजुर्गों के साथ बेटों द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं।

मारपीट के कारण कई मारे भी जा चुके हैं। समय बहुत बलवान होता है, एक दिन सजा जरूर मिलेगी। गरीब लोग तो माता-पिता व बुजुर्गों की अच्छी सेवा करते हैं, मगर साधन संपन्न लोगों द्वारा आज बुजुर्गों को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है। आज वृद्धों को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोड़ते थे, आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उडाते हैं। कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं, वे गुमनामी के अंधरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहे हैं।

सरकारों ने बुजुर्गों को पेंशन की सुविधा दी है, पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है केंद्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोणण के लिए कानून बनाए हैं, मगर वे फाइलों की धूल चाट रहे हैं, नजीजतन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिएं, ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके। सरकार व प्रशासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालो को दंडित किया जाए।

## अपनी बात

डिजिटल इंडिया और अन्य हर क्षेत्र के लिए इंटरनेट का बहुत उपयोग है। इंटरनेट के जरिए घर बैठे हर तरह के बिलों की अदायगी की जा सकती है। युवा घर बैठे ही अपने भविष्य को उज्वल बनाने की तैयारी कर सकते हैं। आजकल मोबाइल दूरसंचार कंपनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण इंटरनेट उपभोक्ता कम दाम पर नेट पैक उपलब्ध हो रहे हैं, जिसने खासतौर युवा पीढ़ी को बहुत प्रभावित किया है।

युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे इसका प्रयोग अपने भविष्य को उज्वल और अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए प्रयोग करे, ताकि उनके लिए यह वरदान साबित हो। सोशल मीडिया को कुछ लोग मात्र टाइम पास का जरिया मानते हैं और शरारती तत्व इसका दुरुपयोग करते हैं, लेकिन इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार भी ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। कुछ लोग फेक न्यूज या मनगढ़ंत तथ्यों को भी सोशल साइट्स पर शेयर कर देते हैं, जो गलत है। जो लोग अफवाहों या भ्रांतिया सोशल मीडिया पर फैलाते हैं, उन पर शिकंजा कसने के लिए भी सरकार को प्रयास करने चाहिए। यही सच है कि टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए, तो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक।

– रोनित कुमार, बिलासपुर।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चंबा में सियासत का सिकंदर कौन, जो संभाल सके जिले की सियासत का जोन

कद्दावर नेताओं के हारने के बाद अभी तक कोई अपने आप को नहीं कर पाया साबित, भाजपा व कांग्रेस दोनों पार्टियों का दिख रहा है एक ही आलम

**एमएम डैनियल, चंबा**



हर्ष महाजन।



आशा कुमारी।



नीरज नैय्यर।

अनंत ज्ञान स्पैशल

जिला चंबा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सियासत की गाथा लिखने वाले कांग्रेस व भाजपा दोनों दिग्गज पार्टियों के नेताओं की पारी बीत जाने के बाद मौजूद समय में कोई नेता ऐसा नहीं नजर आ रहा है, जिसकी कमान जिलाभर में नजर आती हो। दोनों ही पार्टियों के कद्दावर नेताओं के निधन से लेकर चुनावों में पराजय होने के बाद चंबा की जिला स्तरीय राजनीति ठंडी पड़ती नजर आ रही है। जिसमें कांग्रेस और भाजपा में वर्तमान में मौजूद नेताओं का लगभग एक जैसा ही आलम नजर आ रहा है। गौर हो कि चंबा में सियासत का सिकंदर कौन अभी सवाल आम लोगों के ध्यान में आने लग पड़ा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष महाजन द्वारा कांग्रेस छोड़ भाजपा में गत वर्ष पलटी करने के बाद यहां की राजनीति में एक बड़ी हलचल देखने को मिली। जो कि भाजपा की ओर से कांग्रेस खेमे को टक्कर देने के लिए राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में कई वर्षों के पश्चात सक्रिय राजनीति में उतरे है। जिसका फैसला आज होगा कि हर्ष महाजन अपने अनुभव से सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी में सेंधमारी कर अपना वर्चस्व एक बार कायम कर पाएंगे या नहीं। बरहाल हर्ष महाजन द्वारा अपने कार्यकाल में लोगों से जो मिलन सार रवैया बनाया था वह वर्तमान में जिला के पांचों विस क्षेत्रों में मौजूद किसी भी विजेता विधायकों में देखने को नहीं मिल रहा है। कुछ हद तक इस दिशा में भटियात विस क्षेत्र विधायक एवं विस अध्यक्ष पठानिया इस दिशा में प्रयास करते हुए नजर आ रहे है, लेकिन जिला स्तर पर बात की जाएं तो कद बड़ा होने के बावजूद वे अभी उस मुकाम को नहीं छू पाए है। (अनंत ज्ञान)

### पिता की भांति पुत्र की नहीं बढ़ी लोकप्रियता

वहीं बात करें कांग्रेस के वरिष्ठ एवं वर्चस्व कायम करने वाले नेताओं में पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, पूर्व मंत्री आशा कुमारी जैसे कद्दावर नेताओं की तो चुनाव हार जाने के बाद लोगों में इनकी लोकप्रियता में कमी जरूर देखने को मिल रही है। जबकि 15 वर्षों के बाद सदर विस क्षेत्र की सीट पर कांग्रेस की वापसी करवाने वाले नए विधायक नीरज नैय्यर की तो अपने पिता पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. सागर चंद नैय्यर की भांति वह भी लोकप्रियता हासिल नहीं कर पाए है। हालांकि विधायक से पूर्व वह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर विराजमान हो चुके है। जबकि अपनी लोकप्रियता सिद्ध करने में वह दिन-रात डटे हुए है।

### लोकप्रियता में भाजपा नेता भी पिछड़े

ऐसा ही आलम भाजपा का भी है। भाजपा द्वारा चंबा सदर में पूर्व विधायक बीके चौहान के दो बार लगातार जीतने के बाद भी उनका टिकट काट कर पूर्व विधायक पवन नैय्यर को दे दिया था। जिसमें पवन नैय्यर ने जीत तो हासिल की, लेकिन गत वर्ष विस चुनाव में भाजपा ने वह पुराना फार्मूला अपनाते हुए सदर टिकट पहले इंद्रा कपूर की झोली में डाल दी और बाद में पवन नैय्यर के विरोध एवं सियासत लीला रचने पर यह टिकट उनकी पत्नी नीलम नैय्यर को प्रदान कर दी। जिससे भाजपा को इस सीट पर मुंह की खानी पड़ी। विधानसभा चुनाव की रणनीति पर गौर करें तो भाजपा द्वारा हर्ष महाजन से विधानसभा क्षेत्र डलहौजी और चुनाव में ज्यादातर चुनाव प्रचार करवा कर डलहौजी सीट पर जीत हासिल की। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से भी नए विधायक डीएस ठाकुर चुनाव जीत कर आए हैं। वहीं बात करें चुराह विधानसभा क्षेत्र की तो पूर्व में विधानसभा उपाध्यक्ष रहे व तीन बार लगातार जीत दर्ज करने वाले विधायक डॉ. हंसराज का नाता भी लगातार विवादों से ही रहा है। विवादों में रहने के कारण वह भी लोकप्रियता में कहीं न कहीं पिछड़े नजर आते हैं। हालांकि इससे पहले पूर्व उद्योग मंत्री किशोरी लाल वैद्य, पूर्व राज्य आयुर्वेदिक मंत्री मोहन लाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष महाजन के पिता देसराज महाजन एक समय में जिला चंबा से मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार माने जाते थे। इनका युग खत्म होने के बाद इस युग में अभी तक कोई भी नेता अपने आप को पूरे जिले में साबित नहीं कर पाया है। पूर्व में बात करें तो चंबा से स्व. देसराज महाजन, स्व. पंडित शिव कुमार अभिमन्यु, स्व. किशोरी लाल वैद्य, स्व. सागर चंद नैय्यर, हर्ष महाजन, आशा कुमारी व रेणु चड्ढा आदि नेता पूरे जिले की टीम की नुमाइंदगी कर चुके हैं।

## बघेईगढ़ में टावर लगाने की मांग

**तीसा।** पंचायत बघेईगढ़ में बीएसएनएल का मोबाइल टावर लगाने के लिए वर्षों से स्थानीय लोग मांग उठा रहे है। बीएसएनएल टावर न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस कारण लोगों के मोबाइल फोन शोपीस बने हुए हैं। बघेईगढ़ पंचायत वासियों में देसराज, असलम खान, जलालद्दीन खान, सलीम, निधो, प्यार चंद, किशोरी ने कहा कि बीएसएनएल मोबाइल सिग्नल की सुविधा के लिए टावर की मांग ग्रामसभा में कई बार उठा चुके है, लेकिन आज दिन तक यह मांग पूर्ण नहीं हो सकी है। जबकि आज के समय में जहां जिला मुख्यालय में हर कंपनी का नेटवर्क का 4जी चल रहा है, लेकिन चांजू व देहरा पंचायत के लोगों को बात करने के लिए ऊंचे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। लोगों ने मांग की है कि बघेईगढ़ में बीएसएनएल मोबाइल टावर लगाया जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा की बेटी निशा को जसपाल भट्टी अवॉर्ड



चंबा की बेटी निशा जसपाल भट्टी अवॉर्ड प्राप्त करती हुई।

**चंबा।** 12वां जसपाल भट्टी अवॉर्ड शो अमृतसर के नटशाला में आयोजित किया गया। बता दें कि जसपाल भट्टी अवॉर्ड अलग-अलग फील्ड में बेहतरीन काम करने वाले लोगों को दिया जाता है। इस अवॉर्ड शो में डलहौजी की निशा कटोच को जसपाल भट्टी अवॉर्ड व पंजाबी फुलकारी से सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष राजिंद्र रिखी और उपाध्यक्ष ध्वनि मेहरा ने कहा कि निशा कटोच मॉडलिंग की फील्ड में काफी अच्छा काम कर रही हैं। उनके कई सुपरहिट गाने आ रहे हैं। दुनिया की नंबर 1 कंपनी टी सीरीज म्यूजिक उनके काफी मशहूर गाने हैं। उनकी मेहनत और उनके अच्छे काम के लिए उन्हें यह अवॉर्ड दिया गया है। इस अवॉर्ड शो में पंजाब के सीनियर एक्टर शमिंदर महल, पंजाबी कॉमेडियन गुल्ले शाह, कलर्स चैनल के सीरियल उडारियां की एक्ट्रेस अमनदीप कौर, पंजाबी गायक व अन्य कलाकार मौजूद रहे।

### चंबा में जल्द दौड़ेगी इलेक्ट्रिक बसें

**चंबा।** जिला चंबा में इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाने की कवायद शुरू हो गई है। निगम प्रबंधन की ओर से न्यू बस स्टैंड चंबा में तीन और चुवाड़ी बस स्टैंड में एक चार्जिंग स्टेशन बनाया जाएगा। इसके लिए बिजली बोर्ड ने एस्टीमेट तैयार कर लिया है। अब इसे स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा जाएगा। गौर हो कि निगम की ओर से इलेक्ट्रिक बसों को लेकर डिमांड निदेशालय भेजी गई है। सरकार ने इस बारे में पूरे राज्य से बसों की डिमांड के लिए पत्र मांगा था। जिला चंबा से 16 बसों की डिमांड निदेशालय भेजी गई है। हालांकि, अभी तक इस मामले को लेकर स्वीकृति नहीं मिली है मगर चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने को लेकर अब प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। सरकार की ओर से अब बसों को दौड़ाने की तैयारी की जा रही है। पिछले माह विभाग की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के तहत ऐसी व्यवस्था है। निगम की ओर से इन बसों को शहर से तीस से 70 किलोमीटर की दूरी पर चलाए जाने की योजना है। बहरहाल, इलेक्ट्रिक बसें चलने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित नहीं होगा। शुगल सिंह क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी डिपो चंबा का कहना है कि बस स्टैंड चंबा में तीन और चुवाड़ी में एक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसके लिए निगम प्रबंधन की ओर से विद्युत बोर्ड के जरिए एस्टीमेट तैयार कर लिया है। अब इसे स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला से 16 इलेक्ट्रिक बसों की डिमांड की गई है। उम्मीद है कि सरकार जल्द ही इस बारे स्वीकृति प्रदान करेगी।

### कुरांह मार्ग पर बैरिकेड्स की उठाई मांग

**चंबा।** चंबा-भरमौर मार्ग पर कुरांह की हालात खस्ता है। वहीं मार्ग पर पैरापिट अभाव हर पल दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। जिसके चलते राहगीरों व वाहन धारकों को रोजना परेशानी एवं डर-डर के उक्त मार्ग पर आवागमन करना पड़ रहा है। भरमौर, होली सहित राह में पड़ने वाले स्थलों पर इस मार्ग से रोजाना सफर करने वाले वाहन चालकों व राहगीरों में रोशन सिंह, प्रभुदयाल, मनोज, परसो, मुकेश, राज सिंह, राजेंद्र कुमार, हंस कुमार, मनोज, प्रदीप, संजू, प्रभश, रमेश, मनीष, दीपक, बुद्धि सिंह, विशाल, अमित कुमार, राजीव व कमलेश आदि का कहना है मसरूढ़ मार्ग के जीर्णोद्धार करने के लिए लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा कई कदम उठाए है, लेकिन न मार्ग सुविधाजनक रूप से निर्मित करवाने में विभाग लोगों की कसौटी में अभी तक खरा नहीं उतर पाया है। जिसके चलते मार्ग दिन-प्रतिदिन खस्ता हो गया है। मार्ग पर रजेरा से लेकर कुरांह तक पैरापिट के अभाव से कई स्थलों पर दो वाहनों के आपस में पास लेते दौरान दुर्घटना घटित होने की अधिक संभावना बनी रहती है। जिसका मुख्य कारण बिन पैरापिट के साथ लगती करीब दो फीट खाई है। उन्होंने लोनिवि से गुहार की है कि रजेरा-कुरांह मार्ग के संवदेनशील स्थलों पर क्रैश बैरिकेड्स लगाने सहित मार्ग की खस्ता हालत की सुध ली जाए।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत योजना पर की चर्चा

**चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने की। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है, जिसके तहत पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन प्रदर्शित करते हुए सभी स्वास्थ्य खंडों का क्रमवार चल रहे कार्यक्रम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत, एसएन सर्वे, निक्षय मित्र योजना पर चर्चा की गई। इस बैठक में टीबी जन भागीदारी अभियान जो कि 25 फरवरी 2024 से 12 मार्च 2024 तक चलना है पर चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा, डॉ. पद्मा, डॉ. विवेक, डॉ. मनोज भी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद पार्षदों में गहमागहमी

## नौवें दिन धरना स्थल पर समर्थकों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंची उपाध्यक्ष से उलझे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



खफा पार्षदों से बातचीत करती नगर परिषद की उपाध्यक्ष।

नगर परिषद चंबा कार्यालय के बाहर नौवें दिन भी सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों द्वारा जहां हाउस के खिलाफ मांगों को लेकर नारेबाजी की। धरना स्थल पर बातचीत को पहुंची नप हाउस चंबा की उपाध्यक्ष सीमा कश्यप और उनके साथ आएं हाउस समर्थक पार्षदों में खूब गहमागहमी का माहौल उत्पन्न हो गया।

गौर हो कि गत नौ दिनों से चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनीत पार्षदों में भावना गुलाटी, जीवन सलारिया व महिला कांग्रेस नेता रंजनी शर्मा अपने समर्थकों के साथ धरना स्थल पर नारेबाजी करते हुए नगर परिषद चंबा अध्यक्ष नीलम नैय्यर की प्रतिक्षा कर रहे थे ताकि उनके द्वारा उठाई गई विकास कार्यों के विलंब और उन्हें टेंडर प्रक्रिया माध्यम जल्द शुरू किया जाएं। इसी तरह जो हाऊस की ओर से स्ट्रीट लाइटों की जारी सूची है वह गलत होने सहित उन पर पार्षदों के स्वीकृति हस्ताक्षर सार्वजनिक रखें जाएं। इस दौरान नप चंबा अध्यक्ष के स्थान पर वार्तालाप के माध्यम से धरने को विराम लगाने के तहत नप उपाध्यक्ष सीमा कश्यप अपने अन्य सहयोगी पार्षदों के संग धरने स्थल पर पहुंची। कुछ देर दोनों पक्षों में शांतिपूर्वक बातचीत जारी रही। जैसे ही दोनों ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ वैसे माहौल बिगड़ गया। जिसमें हाउस समर्थक कसाकड़ा वार्ड पार्षद देवेंद्र कुमार आ पहुंचे।

जिन्होंने काउंटर अटैक करते हुए खफा पार्षदों पर नगर परिषद चंबा में भाजपा व कांग्रेस पार्टी का माहौल उत्पन्न करने का जहां आरोप लगाया वहीं उन्होंने कांग्रेस समर्थक पार्षदों को उनकी सरकार व प्रशासन सत्ता में होने पर जांच करवाने की चुनौती दें डाली। उसके बाद दोनों ओर से गहमागहमी शुरू हो गई। जिसे कैसे न कैसे वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर शांत करवाते दोपहर के समय ईओ चंबा, प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में हाउस बैठक सुलझाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे दोनों पक्षों ने स्वीकार कर लिया।

### पार्षदों को बातचीत के लिए किया था आमंत्रित

नप चंबा उपाध्यक्ष सीमा कश्यप ने बताया कि खफा पार्षदों को मनाने के लिए बातचीत की संभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि मगर खेद का विषय है कि वे सिर्फ अपनी मांग मनवाने को अटल है। जबकि विकास कार्य आवंटन और उनके रद्द करने जैसा विषय कोई भेदभाव नहीं किया गया है। नप चंबा के लिए सभी वार्डों के विकास कार्य एक सामान है।

### बेनतीजा रही बैठक

ईओ चंबा, प्रशासनिक अधिकारी व नप उपाध्यक्ष सीमा कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित हाउस बैठक में खफा पार्षदों और हाउस पदाधिकारियों में घंटों तक चली बैठक का कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया। जहां हाउस द्वारा जारी बयान और कार्य की प्रक्रिया को पहले की तरह रखने की बात कहीं गई। तीन वर्षों से विकास कार्य न करने व वार्ड में कार्य को लेकर भेदभाव नीति मांगों के संतोषजनक जवाब प्राप्ति न होने से पार्षदों ने धरना जारी रखने का निर्णय बरकरार रखा।

### हाउस नहीं चाहता है समझौता

चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी ने कहा कि हाउस द्वारा उनकी किसी मांग का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। जिसके चलते उन्होंने धरना जारी रखने का फैसला लिया है।

## बिजली की आंख-मिचौनी से उपभोक्ता परेशान

दिन को घोषित व रात को लग रहे अघोषित कट

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यालय के विद्युत उपभोक्ताओं में बिजली की आंख-मिचौनी की समस्या एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। उपभोक्ताओं का बिजली बोर्ड चंबा पर आरोप है कि दिन के समय बोर्ड द्वारा घोषित कट लगाने का नया सिलसिला पिछले कुछ दिनों से आरंभ कर रखा है।

हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस दिशा में बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठाए हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है। शहर के विद्युत उपभोक्ताओं में अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविंद्र कुमार, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा आदि का कहना है कि महीनें में गिने-चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की बिजली गुल हो जाती है।

वहीं कुछ दिनों से उचित विद्युत व्यवस्था देने के नाम पर बोर्ड द्वारा जहां सारा-सारा दिन विद्युत कट लगाए जा रहे है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई है, लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन ही प्राप्त हुए है, जबकि समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठाए गए हैं।

## भडियां पंचायत मार्ग क्षतिग्रस्त

**चंबा।** पंचायत भडियां मार्ग क्षतिग्रस्त होने के चलते स्थानीय लोगों को मुश्किलों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। मार्ग की खस्ता हालत के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही बंद पड़ गई है। जिसके चलते ग्रामीणों को टैक्सी के भारी भरकम किरायों को अदा कर आवागमन करना पड़ रहा है। इस दिशा में ग्रामीणों द्वारा लोक निर्माण विभाग व जिला प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जिसके चलते ग्रामीणों में जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग के प्रति गहरा रोष पनप गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व लोक निर्माण विभाग को दो टूक में चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द इस मार्ग निर्माण कार्य को शुरू नहीं किया गया तो ग्रामीण इस दिशा में उग्र कदम उठाने पर विवश हो जाएंगे। ग्रामीणों में अजय राणा, बिंदु, नरेश, पवन, शम्मी, छोटू, धीरज, प्रकाश, किरण, राजकुमार, कमलेश और पप्पू ने प्रशासन से मार्ग की मरम्मत की गुहार लगाई है।

## मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षकों को टिप्स

### अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला चंबा के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए जिला स्तरीय व निर्वाचन क्षेत्रवार स्तरीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षकों के लिए सोमवार को बचत भवन चंबा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान ने की। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अपने-अपने कार्य की स्पष्ट एवं गहन जानकारी होना आवश्यक है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दक्ष बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से चंबा जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। यह मास्टर ट्रेनर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे।

राहुल चौहान ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी नोडल अधिकारियों को अग्रणी और महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना होता है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी तैयारियां पूर्ण करें ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को भारत के निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशों के अध्ययन का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दिशा-निर्देशों के पालन के लिए नियमों की स्टीक जानकारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भारत के निर्वाचन आयोग की वेबसाइट निरंतर देखते रहें। इस दौरान उपमंडल अधिकारी भटियात पारस अग्रवाल और नोडल अधिकारी कार्यक्रम में एसडीएम अरुण शर्मा, तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा मौजूद रहे।

# बग्गा और धरवाला में बने श्मशानघाट व रास्ते क्षतिग्रस्त

## अतिरिक्त कमिश्नर चंबा को ज्ञापन सौंप मरम्मत मांगी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



अतिरिक्त कमिश्नर को ज्ञापन सौंपते संजय राजपूत।

अतिरिक्त कमिश्नर चंबा पीपी सिंह को सोमवार को पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए पर बग्गा नाला व लोथल नाला स्थान पर पुलों का निर्माण कर रही निजी कंपनी व ठेकेदार द्वारा उक्त स्थान पर बने श्मशानघाटों व श्मशानघाट तक बने रास्तों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त करने पर पूर्व वार्ड मेंबर संजय राजपूत की अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलों का निर्माण कर रही निजी कंपनियों, ठेकेदारों द्वारा श्मशानघाट और श्मशानघाट तक बने रास्तों का पुनः नवनिर्माण करवाने की गुहार लगाई गई है। पूर्व वार्ड मेंबर संजय राजपूत व अध्यक्ष ग्राम सभा सुधार समिति चूड़ी का कहना है कि इन दोनों जगह पूलों के निर्माण के दौरान यहां पर बने श्मशानघाट व रास्तों को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया गया है। बता दें कि बग्गा नाला और लोथल नाला नामक स्थान पर पुलों का निर्माण कर रही निजी कंपनियों व ठेकेदारों द्वारा उक्त स्थान पर बने श्मशानघाट और श्मशानघाट तक बने रास्तों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस कारण ग्राम पंचायत लोथल और ग्राम पंचायत सुनारा के कम से कम 3000 परिवारों के यह श्मशानघाट हैं इसका सीधा असर उन पर पड़ रहा है। संजय राजपूत ने कहा है दोनों पंचायतों में जब भी कोई दुःखद घटना होती है तो इन्ही श्मशानघाट का प्रयोग किया जाता है, इस दौरान श्मशानघाट तक पहुंचने मे काफी परेशानी होती है। संजय राजपूत ने यहां पर पुलों का निर्माण कर रही कंपनी व ठेकेदार से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इन क्षतिग्रस्त हुए रास्तों व श्मशानघाट का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण किया जाए ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त कमिश्नर चंबा पीपी सिंह ने संबंधित विभागों को इस पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**आक्रोश** जिला मुख्यालय चंबा में सीटू ने जिला संयोजक सुदेश कुमारी की अगुआई में खोला मोर्चा

# किसानों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन किया

**आरके रांगड़ा, चंबा**



उपायुक्त कार्यालय के बाहर किसानों के समर्थन में धरना देते सीटू के पदाधिकारी व सदस्य।

किसान आंदोलन को अपना सर्मथन देते हूए सीटू ने शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रर्दशन किया। उक्त प्रर्दशन सीटू की जिला संयोजक सुदेश कुमारी की अगुआई में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को कुचलने के लिए केंद्र सरकार जो हमले किसानों पर करवा रही है उसके बाद भी यह आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जाना चाहते थे मगर हरियाणा की खट्टर सरकार ने किसानों को दिल्ली की सीमा पर रोक दिया। उन्होंने कहा कि आंदोलन का केंद्र व हरियाणा सरकार ने जिस तरह से दमन किया है वह निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आंदोलन के दौरान किसानों की हत्या कर दी गई मगर सरकार अभी भी संवेदनशील नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ उल्टा प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन सरकार की नाकामयाबी है। सरकार ने किसानों की बात को गंभीरता से नहीं लिया।

सुदेश ने कहा कि किसानों की हत्याएं हो रही हैं जिसके भारत सरकार का गृह मंत्रालय व हरियाणा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री व खट्टर के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नियत में खोट है। सरकार तानाशाह बताना चाहती है जिसका नतीजा आज हम देख रहे हैं। देश के किसानों पर सरकार किस प्रकार अपनी तानाशाही नीतियों का दुरूपयोग कर रही है। इसका जवाब सरकार को लोकसभा के चुनाव में मिलेगा। आंदोलन का सामना केंद्र सरकार को करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के ट्रैक्टरों को तोड़ा गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के साथ युद्ध छेड़ दिया है। आंदोलन हमारा डेमोक्रेटिक राइट है। एक तरह से यह संविधान पर भी हमला है जिसका किसान मजदूर संगठन विरोध करता है। उन्होंने कहा कि मिनिमम समर्थन मूल्य की गारंटी सरकार नहीं दे रही है पीडीएस जो अनाज स्थलों को मिलता है यह भी जो है धीरे-धीरे कम किया जा रहा है। यह सरकार किसानों की विरोधी है व देश की उन्नति के खिलाफ है। (अनंत ज्ञान)

# प्रवासी व्यापारियों से दुकानदार हो रहे प्रभावित

## फेरी वाले घर द्वार जाकर बेच रहे गद्दे, बर्तन, कुर्सियां आदि सामान दुकानदारों को दिनभर खाली हाथ पड़ रहा बैठना

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

घुमारवीं उपमंडल के तहत डंगार क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन फेरी लगाने वाले प्रवासियों ने व्यापारियों का व्यापार ठप कर दिया है। दुकानदारों को दिनभर खाली हाथ बैठना पड़ रहा है। डंगार क्षेत्र के तहत लगभग पांच पंचायतों के लोग खरीददारी करने के लिए आते हैं।

फेरी वाले अन्य राज्यों के व्यापारी घरद्वार जाकर गद्दे, बर्तन, कुर्सियां आदि बेच आते हैं, जिससे व्यापारियों को घाटा उठाना पड़ रहा है। फेरी वालों ने स्थानीय दुकानदारों के नाक में दम कर रखा है। इन्हें न तो कोई जीएसटी लगता है और न ही कोई टैक्स लगता है,


स्थानीय व्यापार मंडल व पुलिस प्रवासी व्यापारियों का पंजीकरण चैक करते हुए।

जबकि व्यापारियों को टैक्स चुकता करना पड़ता है। यह सामान का कोई बिल नहीं देते हैं। इससे सरकार के राजस्व में भी घाटा हो रहा है। वहीं, इन फेरीवालों के पास पंजीकरण भी नहीं होता है। व्यापारियों ने कहा कि यदि फेरीवाले बिना परमिशन के गांव में घूमते हैं, तो उस पर व्यापार मंडल हस्तक्षेप करेगा तथा उन्हें गांव में सामान बेचने से रोकेगा। फेरी वालों ने स्थानीय व्यापार को समाप्त कर दिया है, लेकिन सरकार इनके ऊपर अंकुश लगाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। यह प्रवासी पंजीकृत भी नहीं हैं, जिस कारण चोरी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

क्षेत्र में बाहरी राज्यों से आकर फेरी लगाने वाले प्रवासी व्यापारी सरेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। इन पर किसी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कुछ दिन पहले ही जगह-जगह सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का पाठ पढ़ाया गया था। सभी की आंखों के सामने यह लोग सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने में लगे हैं। बाहरी राज्यों से आकर यहां फेरी लगाकर सामान बेचने वाले यह प्रवासी व्यापारी बिना नंबर की बाइक के साथ चलते हैं। ऐसे में यदि यह किसी घटना को अंजाम भी देते हैं, तो उन्हें पकड़ना या उनके बारे में जानकारी लेना मुश्किल हो जाता है। ऐसे ही मामले लगातार सामने आ रहे थे, जिस पर सोमवार को स्थानीय व्यापार मंडल प्रधान, उपप्रधान व दुकानदारों ने इन पर कार्रवाई करते हुए पंजीकरण चैक किए, लेकिन वह यहां के नहीं होने पर पुलिस की ओर से आगामी कार्रवाई की जा रही है व भविष्य में बाहरी राज्यों के फेरीवालों पर भी पंचायत व पुलिस विभाग द्वारा इन पर रोक लगाई जाए। (अनंत ज्ञान)

### लोगों से अपील, यातायात नियमों का पालन करें

उधर, देवानंद शर्मा थाना प्रभारी ने कहा की पुलिस समय-समय पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करती है। यदि कोई भी वाहन चालक नियमों के विरुद्ध वाहन चलाता है व बिना पंजीकरण के फेरी लगाते नजर आएगा, तो उस पर कार्रवाई होगी। सभी लोगों से अपील है कि वह यातायात नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके व बिना पंजीकरण के फेरीवालों को अपने घर गांव में न आने दें। डंगार चौक व्यापार मंडल प्रधान संदीप जसवाल ने सभी दुकानदारों व स्थानीय लोगों से बाहरी राज्य के बिना पंजीकरण के लोगों को न अपने घरों व गांवों में न आने देने के लिए सहयोग की मांग की है।

# पुलिस ने दो ट्रैक्टरों से अवैध खनन पर 10,200 का वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

पुलिस थाना झंडूता क्षेत्र के सभी क्षेत्रों में पुलिस ने अपनी गश्त तेज कर दी है। पुलिस टीम अवैध खनन, नशा करने वाले लोगों, तेज रफ्तार वाहन चालकों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों, बिना सीट बेल्ट, बिना इंश्योरेंस, बिना कागजात वाहन चालकों पर शिकंजा कस रही है।

पुलिस ने बीते दिन दो ट्रैक्टरों से अवैध खनन पर 10,200 रुपए जुर्माना वसूला है। थाना प्रभारी जगदीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लोगों को यातायात नियमों के बारे में पहले जागरूक किया जा रहा है। ऐसे में जो लोग कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का प्रयास करेंगे, उनके खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह कानून का पालन करें। कुछ असामाजिक तत्वों के कारण लोगों को मुश्किल झेलनी पड़ती है। ऐसे लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, झंडूता बस अड्डा पर पहले वाहन चालकों को वाहन पार्किंग स्थल पर ही खड़े करने के लिए कहा जाएगा, जो लोग इस बात को नहीं मानेंगे, उनके साथ मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना वसूला जाएगा।

उन्होंने अवैध खनन माफिया को सचेत किया कि वह अवैध रूप से कोई भी कार्य न करें। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग पुलिस का सहयोग करें, तो क्षेत्र में कानून व्यवस्था में कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं हो सकती है। नशे का कारोबार करने वाले सौदागरों की पहचान बताने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## सेवानिवृत्त परिवहन कर्मियों ने कहा-अगर 31 मार्च तक देय लाभों का भुगतान न हुआ तो होगा संघर्ष

# सरकार को एक माह का दिया समय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार ने अगर एक माह तक सेवानिवृत्त परिवहन कर्मचारियों के लंबित पड़े लाखों रुपए के देय लाभों का भुगतान नहीं किया, तो मंच के सदस्य अप्रैल माह में प्रदेश भर में मंडल व उपमंडल कार्यालय तथा बस पड़ावों पर दो दो घंटे तक शांतिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार व एचआरटीसी प्रबंधन पर होगी।

यह बात बिलासपुर में सोमवार को हिमाचल प्रदेश परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक के उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंच के कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल ठाकुर ने कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन इसके प्रदेशाध्यक्ष बलराम पुरी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें काफी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि मंच अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से भी कई बार मिल चुका है, लेकिन उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। एचआरटीसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अभी तक बकाया देय राशि का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार न्यायालय द्वारा निर्णय पारित होने के बाद व एचआरटीसी के प्रबंधन निदेशक द्वारा जारी आदेशों के बावजूद लंबित पड़े देय वित्तीय लाभों का भुगतान नहीं कर रही है।


बिलासपुर में परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक में मौजूद लोग।

# सुरक्षा के पंचशील सिद्धांत की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

खान सुरक्षा महानिदेशालय श्रीनगर के तत्वाधान में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह 2024 के अंतर्गत शुक्रवार को बागा भलग लाइमस्टोन माइंस का निरीक्षण हुआ। खान सुरक्षा महानिदेशालय के द्वारा गठित निरीक्षण टीम ने माइंस का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने माइंस तथा माइंस में उपयोग होने वाले उपकरणों, एंबुलेंस तथा फायर टेंडर का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम सदस्यों में संयोजक सुचित कुमार के अलावा अनुज शुक्ला तथा राहुल कुमार थे।

कार्यक्रम के दौरान माइंस सर्वेयर अतुल तिवारी द्वारा सभी कामगारों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। माइंस विभाग के अजनेश कुमार ने सुरक्षा के पंचशील सिद्धांत की जानकारी दी। राजदीप सिंह ने मशीनों में प्रयुक्त सुरक्षा उपकरणों तथा विधियों की जानकारी दी। माइंस विभाग के राम सिंह ने सुरक्षित कार्य विधि पर एक गीत प्रस्तुत किया। माइंस विभाग के शोवल ऑपरेटर रतनलाल, डंपर ऑपरेटर दयाराम शर्मा, ड्रिल ऑपरेटर जगदीश कुमार, लोडर ऑपरेटर अनिल कुमार, ब्लास्टिंग हेल्पर मस्तराम तथा इलेक्ट्रीशियन विक्रम कुंकल को बतौर सुरक्षित कामगार पुरस्कृत किया गया।

सुरक्षा विभाग के अधिकारी हरप्रीत सिंह ने अल्ट्राटेक सीमेंट के सुरक्षा मापदंड तथा सुरक्षा निरीक्षण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बागा भलग लाइमस्टोन माइंस के माइंस प्रमुख नगेंद्र सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों से शून्य क्षति के साथ कार्य करने तथा समाज एवं देश की प्रगति में अपना योगदान देने की बात कही। निरीक्षण टीम के संयोजक सुचित कुमार ने सुरक्षित कार्य करने के तरीकों को महत्व देने तथा सुरक्षा को प्राथमिकता देने की बात कही।


खान सुरक्षा महानिदेशालय श्रीनगर के तत्वावधान में आयोजित खान सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत बागा भलग लाइमस्टोन माइंस का निरीक्षण करते हुए।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर से मारपीट का मामला .....

# घटना में शामिल नहीं ठेकेदार: राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश महासचिव तथा इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन शर्मा ने सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह बिना सोचे समझे बयान दे रहे हैं। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के साथ जो भी घटना घटी है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इसे ठेकेदारों की लड़ाई कहा जा रहा है जो कि उचित नहीं है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से पुलिस ने कार्रवाई करके आरोपियों को हिरासत में लिया है उसके लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने विधायक से प्रश्न किया कि अगर वह इसे ठेकेदारों की लड़ाई बता रहे हैं, तो जो आरोपी हैं उनके खिलाफ 21 से लेकर 28 तक मामले दर्ज हैं, जो कि विभिन्न धाराओं के तहत बनाए गए हैं। अगर कोई ठेकेदार किसी भी तरह के किसी मामले में संलिप्त पाया जाता है, तो उसका ठेकेदारी का लाइसेंस बन ही नहीं सकता। अगर बना भी हो तो वह रद्द हो जाता है। ऐसे में यह लड़ाई ठेकेदारों की नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगी कंपनी के मुख्य अधिकारी ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर को 11 बजे का समय देकर वार्ता के लिए बुलाया था। अगर इस दौरान पूर्व विधायक पर हमला हुआ तो क्या हमलावर उक्त कंपनी के मुख्य अधिकारी से मिले हुए थे या उन्हें मालूम नहीं था कि हमलावर इस परिसर में छिपे हुए हैं। बंबर ठाकुर आम लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए ही उक्त कंपनी के साथ वार्ता करने गए थे, लेकिन उनके साथ इस तरह की घटना घट गई। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी एम्स के परिसर में हुई है।


राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश महासचिव रामरतन शर्मा जानकारी देते हुए।

# एबीवीपी ने कॉलेज प्रशासन और सरकार के खिलाफ की नारेबाजी


एबीवीपी के कार्यकर्ता कॉलेज प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

एबीवीपी इकाई बिलासपुर ने मांगों को लेकर कॉलेज परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इकाई अध्यक्ष निखिल ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद ने जो मांगें रखी थीं, उन पर अभी तक कोई काम नहीं किया गया, जिसके चलते एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का सरकार के खिलाफ काफी रोष है, जिसके बाद कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांगों को रखते हुए कहा कि यूजीपीजी के परीक्षा परिणामों को समय पर निकला जाए। इकाई अध्यक्ष निखिल ने बताया एबीवीपी समय-समय पर छात्रों की मांगों को उठाने का काम करता है। कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए पार्किंग न होना काफी लंबे समय से दिक्कत आ रही है, लेकिन प्रशासन को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद स्टूडेंट्स के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं है।

# कांग्रेस का कोई भी नेता प्रधानमंत्री को नहीं दे रहा गालियां : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन आरोपों को निराधार और सच्चाई से कोसो दूर बताया है, जिसमें वे संसदीय चुनाव निकट पाकर हर रोज हर राज्य में हर रैली में यह प्रचार करते घूम रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी को उन्हें (मोदी को) गालियां देने के सिवा और कोई काम नहीं रह गया है।

प्रधानमंत्री यह भी कहते हैं कि कांग्रेस के नेता उन्हें जितनी अधिक गालियां देंगे, उतने ही देश के लोग मोदी को और भाजपा को समर्थन देंगे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामलाल ठाकुर ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस पार्टी का कोई भी नेता प्रधानमंत्री को गालियां नहीं दे रहा है और यदि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत व जन-विरोधी नीतियों का विरोध करने को प्रधानमंत्री गालियां मानते हैं, तो मोदी को कोई नहीं रोक सकता है क्योंकि जनविरोधी नीतियों का विरोध करना विपक्ष का संवेधानिक अधिकार है।

### एकतंत्रात्मक सत्ता स्थापित करने को हो रहे विवश

वास्तव में इसमें प्रधानमंत्री का भी कोई दोष नहीं है क्योंकि उनके जैसे सत्ता को अपने हाथ में लेने वाले व्यक्ति की मानसिक स्थिति कभी भिन्न नहीं हो सकती, जिससे वे इस समय गुजर रहे हैं क्योंकि भाजपा व केंद्र सरकार ने इतनी शक्तियां प्रधानमंत्री के हाथ में दे दी हैं कि वे अपने आप को लोकतंत्रीय परंपराओं को भूलने व विरोध करने व एकतंत्रात्मक सत्ता स्थापित करने को विवश हो रहे हैं। राम लाल ने कहा कि इसीलिए तो विरोध पक्ष को एक होकर ऐसी प्रवृत्तियों का विरोध करना अत्यंत आवश्यक है। यह अच्छा ही है कि अब कुछ प्राथमिक कठिनाइयों के बाद कितने ही विरोध पक्षीय नेता इस सच्चाई को भांपने में सफल हो रहे हैं और एक मंच पर आने को दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। राम लाल का मानना है कि अन्य नेता भी धरातल की सच्चाई के प्रति सजग व सचेत होंगे और देश को एकतंत्र वाद से बचाने के लिए आपसी हितों का बलिदान करने की भावना से प्रजातंत्र की रक्षा के लिए आगे आएंगे।



# गांवों में आयोजित होने वाले कैंपों पर किया विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रगतिशील कृषक संघ बिलासपुर की बैठक संघ के प्रधान बीएल लखनपाल की अध्यक्षता में घुमारवीं उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव दधोल में संपन्न हुई, जिसमें संघ के दिवंगत पदाधिकारियों के निधन पर दो मिनट का शोक व्यक्त किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की गई।

इसके पश्चात कार्यकारिणी के सदस्यों ने सुझाव दिया कि कार्यकारिणी की बैठक त्रैमासिक आवश्यक रूप से की जाए तथा स्वयं सहायता समूहों के कैंपों का भी नियमित रूप से आयोजन किया जाए, ताकि किसानों को नई-नई जानकारियां मिल सकें व स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाई गई गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जा सके। इसके लिए कृषि विभाग, बागवानी विभाग तथा डीआरडीए से भी कार्यकारिणी संपर्क करेगी और जो समूह निष्क्रिय हो चुके हैं कार्यकारिणी उन्हें भी एक्टिवेट करवाएगी।

इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया की जल्द ही पडयालग तथा पट्टा गांव में कैंपों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न ग्रुपों के सदस्य भी भाग लेंगे । कार्यकारिणी की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी के द्वारा प्रगतिशील किसानों तथा उनके बच्चों को पढ़ाई व खेलों में अग्रणी स्थान प्राप्त करने तथा कमजोर आर्थिक साधन वालों के लिए भी आर्थिक सहायता तथा पुरस्कार देगी।

# आरोग्य भारती का सम्मेलन अप्रैल में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

आरोग्य भारती हिमाचल प्रांत कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को घुमारवीं में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि आरोग्य भारती का प्रांतीय सम्मेलन घुमारवीं में अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।

आरोग्य भारती की प्रांतीय बैठक आरोग्य भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश पंडित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आरोग्य भारती प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अनिल मैहता, प्रांत सचिव डॉ. हेमराज शर्मा एवं कोषाध्यक्ष डॉ. कुलदीप कुमार सहित अन्य प्रांत कार्यकारिणी सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक में धन्वंतरि वंदना डॉ. अभिषेक ठाकुर, सचिव आरोग्य भारती जिला बिलासपुर द्वारा किया गया। डॉ. प्रमोद पारिख प्रांतीय पर्यावरण आयाम प्रमुख द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रबोदन प्रस्तुत किया गया। प्रांत सचिव डॉ. हेमराज शर्मा द्वारा बैठक का संचालन किया गया। डॉ. हेमराज शर्मा द्वारा संगठनात्मक विषयों पर विचार रखे। आगामी प्रांत सम्मेलन 21 से 28 अप्रैल को घुमारवीं में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस उपलक्ष्य में एक स्मारिका प्रकाशन का भी निर्णय लिया गया। प्रांत कार्यकारिणी में नए सदस्य जोड़ने तथा पुनर्गठन पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि इसकी घोषणा आगामी बैठक में की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष आरोग्य भारती डॉ. राकेश पंडित की ओर से अध्यक्षीय उद्बोधन में आरोग्य भारती के कार्य विस्तार एवं आरोग्य सेवा में प्रतिभागियों के समर्पण भाव को ओर अधिक बढ़ाने का आग्रह किया।


आरोग्य भारती की प्रांतीय बैठक की अध्यक्षता करते डॉ. राकेश पंडित।

# स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को करियर से संबंधित जानकारियां दीं


बिलासपुर कॉलेज में करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल व अर्थशास्त्र विभाग ने मिलजुल कर स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातक अर्थशास्त्र, बी कॉम, बीबीए, बी वॉक के लगभग 100 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

इस कार्यशाला में निजी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर किरण कुरवाड़े ने विद्यार्थियों को भविष्य में विभिन्न करियर अवसर से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी। करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने भी विद्यार्थियों के समक्ष अपने विचार रखे और बताया कि किस तरह विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. रंजीत, प्रो. रजनी, प्रो. राजीव, प्रो. पुर्वेश पंडित, प्रो. प्रेम व अन्य उपस्थित रहे।

# नसवाल में 10 को होगा दंगल

**घुमारवीं।** लखदाता छिंज कमेटी नसवाल ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि गांव में 10 मार्च को दंगल का आयोजन किया जाएगा।

इस छिंज में बड़ी माली के विजेता पहलवान को गुर्ज व 7,100 रुपए, उपविजेता को गागर व 6,500 रुपए इनाम दिया जाएगा। इसी तरह छोटी माली के विजेता पहलवान को गुर्ज, 3,100 रुपए, उपविजेता को 2,500 रुपए व गागर देने का प्रावधान किया गया। यह जानकारी कमेटी के प्रधान आरके बिंद्रा ने दी। उन्होंने पहलवानों व आम जनता से अनुरोध किया है कि 10 मार्च को हर साल की तरह होने वाली छिंज में बढ़-चढ़कर भाग लें। पहलवानों से आग्रह किया कि छिंज कमेटी का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा।

## परेशानी — केवाईसी के लिए लोगों को पूरा दिन कतारों में खड़ा होकर लगना पड़ रहा है, फिर भी उनकी नहीं हो रहा काम

# गैस एजेंसी घुमारवीं में केवाईसी के लिए लोगों की लगी भीड़

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

गैस एजेंसी घुमारवीं में इन दोनों केवाईसी के लिए लोगों को भारी जदोजहद उठानी पड़ रही है। केवाईसी के लिए लोगों को पूरा दिन कतारों में खड़ा होकर लगना पड़ रहा है, लेकिन लोगों की शिकायत है कि फिर भी उनकी केवाईसी नहीं हो पा रही है।

लोगों का कहना है कि वह सारा काम छोड़कर सुबह 10 बजे से लाइन में लग जाते हैं, लेकिन शाम होने तक भी उनकी केवाईसी नहीं हो पा रही है, जबकि कई बार ऐसा हो रहा है कि लोग सुबह से ही अपना कीमती समय निकालकर लाइन में खड़े होते हैं, लेकिन उनकी बारी आने तक कई बार सर्वर डाउन हो जाता है और फिर सर्वर कब आएगा इसका भी कोई भरोसा नहीं रहता है। लोगों की शिकायत है कि जिस तरह से गैस एजेंसी के बाहर लोगों की भीड़ लग रही है उस से लगता है कि केवल गैस एजेंसी के अधिकृत कार्यालय के भरोसे यहां काम आसानी से होने वाला नहीं है। उपभोक्ताओं की मांग है कि केवाईसी के लिए लोकमित्र केंद्रों को भी अधिकृत किया जाए, ताकि इस समय पर तथा बिना किसी परेशानी की उपभोक्ताओं की केवाईसी हो सके। उपभोक्ताओं का कहना है कि केवाईसी सत्यापन करने को लेकर पूरा दिन गैस एजेंसी के कार्यालय के बाहर खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि गैस एजेंसी अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने केवल उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को ही केवाईसी के लिए कहा गया है क्योंकि इस योजना के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को 28 फरवरी तक का केवाईसी करना जरूरी है, जबकि उपभोक्ताओं का आरोप है कि जो एजेंसी के लोग गांव में गैस सप्लाई करने आते हैं वह उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दे रहे हैं उनका कहना है कि जब तक केवाईसी नहीं होती है, तब तक आपको गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। यही कारण है कि केवाईसी के लिए गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं में मारामारी शुरू हो गई है।


गैस एजेंसी घुमारवीं में केवाईसी के लिए लगी लोगों की भीड़।

### अधिकारियों ने किसी भी तरह का नहीं लगाया नोटिस

लोगों में रोष है कि एजेंसी के अधिकारियों की ओर से किसी भी तरह का कोई नोटिस नहीं लगाया गया है, जिसमें इस प्रकार की कोई जानकारी दी गई हो कि आम उपभोक्ताओं की केवाईसी कब तक हो सकती है। वहीं, गैस एजेंसी घुमारवीं के इंचार्ज उमेश कुमार ने बताया कि उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं की केवाईसी करवाने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है। इसलिए उन लोगों को केवाईसी के लिए बुलाया जा रहा है, जबकि आम उपभोक्ताओं की केवाईसी के लिए अभी छह माह तक का समय है, लेकिन सभी तरह के उपभोक्ता केवाईसी करवाने कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिस वजह से भीड़ एकत्रित हो रही है।

# कृषि विभाग के बृजेश ने मोटे अनाज के महत्व पर दी जानकारी


घुमारवीं कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर में मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में योग प्रशिक्षक भूमेष ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की।

विद्यार्थियों को योग के अनुसार दिनचर्या, अष्टांग योग, स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका पर जानकारी दी और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। एनएसएस के प्रभारी प्रोफेसर रमेश और प्रोफेसर पूजा ने बताया कि 22 से 28 फरवरी तक एनएसएस शिविर लगाया गया है, जिसमें विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, क्यारियां बनवाना जैसे कई कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। सोमवार को उन्होंने परिसर में स्थित बावड़ी की सफाई की। शिविर के दौरान दिन में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत डॉ. पारीख ने आयुर्वेद के अनुसार जीवनशैली कैसी हो, कृषि विभाग से बृजेश ने मोटे अनाज के महत्व पर जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### हरोली में मिला बांग्लादेश का टैग लगा पक्षी

**हरोली।** उपमंडल हरोली की ग्राम पंचायत धर्मपुर में एक बड़ा पक्षी दक्ष कुमार पुत्र शाम लाल के आंगन में आ गिरा। दक्ष कुमार ने जोरदार आवाज सुनी तो वह और उसका परिवार उस और गया तो देखा की एक बड़ा गिद्ध बुरी तरह से तड़प रहा है दक्ष ने उसे पानी पिलाया लेकिन कुछ देर बाद गिद्ध की मौत हो गई दक्ष कुमार ने देखा की गिद्ध के पंजों में एक टैग लगा हुआ है जो की बांग्लादेश का टैग है जिस पर जी पी ओ बॉक्स 2624 ढाका लिखा है दक्ष कुमार ने तुरंत इसकी सूचना ग्राम पंचायत उपप्रधान राजीव शर्मा पुलिस तथा वन विभाग को दी। वन रक्षक शहनाज कौर एएसआई प्रकाश चंद मौके पर पहुंचे तथा दक्ष कुमार सहित अन्य मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए पुलिस वनरक्षक तथा पंचायत प्रतिनिधि के सामने गिद्ध को जमीन में दवा दिया।

### 28 फरवरी को होने वाली काउंसलिंग स्थगित

**ऊना।** भूतपूर्व सैनिकों के अश्रितों से शास्त्री अध्यापकों के 6 पदों के लिए 28 फरवरी को आयोजित होने वाली काउंसलिंग किहीं प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी सोमवार को यहां उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा देवेंद्र चंदेल ने दी।

### बैंक योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**बंगाणा।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के तहत कागंडा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा लठियाणी ने नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वितिय साक्षरता कैंप का आयोजन सोमवार को ग्राम पंचायत तनोह के गांव सासन में किया गया। प्रबंधक राकेश ठाकुर ने बैंक की सभी स्कीमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने लोगों से यह आग्रह किया कि जिन ग्राहकों के बैंक में खाते हैं वह अपना एटीएम बैंक से प्राप्त करें। इस शिविर म ऑनलाइन फ्राड से बचने की जानकारी विशेष रूप से दी गई। उन्होंने बताया कि बैंक की ओर से कभी भी किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फॉर्म या ओटीपी नहीं मांगा जाता है। इस मौके पर 60 से अधिक लोगों ने भाग लिया और केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से प्रबंधक राकेश ठाकुर, डेलिगेट बालक राम शर्मा, संजीव कुमार व विनय कुमार उपस्थित रहे।

### आईटीआई ऊना में वार्षिक समारोह आयोजित

**ऊना।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बाबा अमरजोत सिंह बेदी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि बाबा अमरजोत सिंह बेदी ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को उजागर करने का उचित मंच मिलता है और खेलकूद, शैक्षणिक सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए उन्हें सम्मानित किया जाता है। आईटीआई प्रधानाचार्य बीएस ढिल्लों ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि ने सिलाई कला के व्यवसाय में पहला स्थान हासिल करने वाली तनीछा जिसे हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा गोल्ड मेडल और 21 हज़ार रुपए प्राप्त हुए हैं, को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें रामदेई ने ट्रिपल जंप में प्रदेश में पहला स्थान और नाजल कुमारी ने जैवलिन थ्रो में प्रदेश में पहला रैंक हासिल किया है। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत भी किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में की 60 लोगों की जांच

**हरोली।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में सोमवार को गांव व ग्राम पंचायत भदसाली में स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें 60 लोगों की स्वास्थ जांच की गई तथा 20 लोगों के विभिन्न टेस्ट किए गए। इस दौरान उच्च रक्तचाप के 07 शुगर के 08 जोड़ों के दर्द के 12 लोग पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्ग, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्त जांच निः:शुल्क की गई। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निःशुल्क किया गया।

# गगरेट-मुबारिकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेगा अंबोटा गांव, कार्य युद्धस्तर पर

## लोक निर्माण विभाग 4.9 करोड़ की लागत से करवा रहा सड़क मार्ग का कार्य

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गगरेट-मुबारिकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को गगरेट-दौलतपुर चौक मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड से जोड़ने वाले शिवबाड़ी-अंबोटा सड़क मार्ग का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। करीब साढ़े चार किलोमीटर लंबे इस सड़क मार्ग के लिए नाबार्ड द्वारा करीब छह करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है, लेकिन लोक निर्माण विभाग इस सड़क मार्ग का निर्माण चार करोड़ नौ लाख रुपए में करवा रहा है। इस सड़क मार्ग को शिवबाड़ी जंगल से होकर मुख्य मार्ग से जोड़ा जाएगा।

इस सड़क मार्ग के बन जाने से अंबोटा गांव व इसके साथ लगते कई गांव भी पक्के सड़क मार्ग से सीधे गगरेट-मुबारिकपुर सड़क मार्ग से तो जुड़ेंगे ही बल्कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल द्रोण महादेव शिव मंदिर भी इस सड़क मार्ग के माध्यम से सीधा अंबोटा व साथ लगते गांवों से जुड़ेगा।



अंबोटा में चल रहा सड़क का कार्य।

लोक निर्माण विभाग ने पहले ही गांववासियों की सहमति से इस सड़क मार्ग के लिए सात मीटर चौड़ी पट्टी पर काम शुरू किया है। इसमें तीन मीटर चौड़ी सड़क की मैटलिंग होगी तो दो-दो मीटर के सड़क के आसपास वर्म विकसित होंगे। इस सड़क मार्ग के निर्माण में अंबोटा गांव के लोगों के भरपूर सहयोग दिया है। यही नहीं बल्कि शिवबाड़ी जंगल भी इस सड़क मार्ग के निर्माण में आड़े नहीं आया है, क्योंकि शिवबाड़ी जंगल राजस्व रिकार्ड के अनुसार सरकारी जंगल न होकर जुमला मुस्तरका मालकान की कैफियत में आता है। यानी यह जंगल पूरे गांव की संपत्ति है और ग्राम पंचायत ने बकायदा यहां से रोड निकालने के लिए लोक निर्माण विभाग को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किया है। हालांकि इससे पहले शिवबाड़ी मैदान को जाने वाला रास्ता भी कच्चा था और महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेले व बैसाखी के बाद लगने वाले मेले के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को कच्चे मार्ग से होकर ही गुजरना पड़ता था लेकिन पक्का सड़क मार्ग बन जाने के बाद शिवबाड़ी मैदान भी पक्के सड़क मार्ग से जुड़ जाएगा और इससे मंदिर प्रशासन को भी मेले के सफल संचालन में काफी सहायता मिलेगी।

अंबोटा गांव से शिवबाड़ी को जाने वाले इस रास्ते का महत्व इसलिए भी गांववासियों के लिए ज्यादा था क्योंकि इसी रास्ते के अंतिम शवयात्रा अंतिम सफर पर निकलती थी लेकिन बरसात के दिनों में इस रास्ते के गुजरना खतरे से खाली नहीं था।

# चाय स्टॉल के नाम पर जिस्मफरोशी का अड्डा, दो महिलाओं का रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय से करीब पीर निगाह का बसोली गांव के एक चाय नाश्ता स्टॉल पर छापेमारी करके पुलिस ने दो महिलाओं का रेस्क्यू किया है। पुलिस को इस स्थान पर जिस्मफरोशी का अवैध अड्डा चलाए जाने की जानकारी मिली थी। रेस्क्यू की गई महिलाएं बाहरी राज्यों की हैं।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने दो फर्जी ग्राहक तैयार कर इस ठिकाने पर भेज दिए। रविवार देर शाम को छापेमारी के दौरान फर्जी ग्राहकों को जो करेंसी नोट नंबर दिए गए थे वे आरोपी के गल्ले से बरामद किए गए। यह डील दोनों की 1000-1000 रुपए में फाइनल हुई थी। रेड के दौरान दो महिलाएं अलग-अलग कमरे में फर्जी ग्राहकों के साथ पाई गईं। जब उनसे महिला आरक्षी द्वारा पूछताछ की गई तो उन्होंने खुद को मजबूरी में धंधा करने की बात स्वीकार की।

पुलिस को दिए बयान में एक महिला ने अपना परिचय 27 वर्षीय पूजा पांडे पत्नी हनुमान पांडे गोरखपुर उत्तर प्रदेश व दूसरी ने 25 वर्षीय सोनिया पत्नी स्व. विनोद कुमार निवासी लखनऊ उत्तर प्रदेश के तौर पर दी। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## अंबोटा गांव में अफीम की खेती का भंडाफोड़, आरोपी पर केस दर्ज

**गगरेट।** गगरेट पुलिस ने अंबोटा गांव में अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस को सूचना मिली कि पेशे से ड्राइवर अंबोटा गांव के मेहर अली ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर अफीम की खेती की है। सूचना के आधार पर गगरेट पुलिस ने जब अंबोटा गांव में जंगल के साथ सटी जमीन पर जाकर जांच की तो वहां अफीम की खेती को लहलहाते देखा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस सौ पौधों को गिनती कर चुकी थी और गिनती जारी थी। डीएसपी डा वसुधा सूद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अंबोटा गांव के मेहर अली के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**अनंत ज्ञान, अंब**



चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की सोमवार को अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते उन्हें उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लाया गया। यहां डॉक्टर ने उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद होशियापुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सुदर्शन बबलू सोमवार सुबह ही अपने घर से शिमला के लिए निकले थे इसी दौरान वह नंदपुर के पास एक अधिकारी के साथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा कर रहे थे कि तभी एक झटके के साथ ही वे बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें सिविल हॉस्पिटल अंब लाया गया। यहां पर डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार व ईसीजी किया। उन्हें बेहोशी की हालत में ही अंब अस्पताल से अमन हॉस्पिटल होशियारपुर के लिए रेफर कर दिया गया। होशियारपुर के अमन अस्पताल में बबलू के पूरे शरीर की जांच की गई। इस जांच में सभी टेस्ट सही पाए गए हैं। डॉक्टर ने उनकी बिगड़ी तबीयत का कारण अत्यधिक व्यस्तता व आराम की कमी बताया है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने फोन पर जाना हाल

**विधायक** सुदर्शन सिंह बबलू की तबियत बिगड़ने की खबर मिलने पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कई विधायकों और मंत्रियों ने फोन कॉल करके बबलू का हाल चाल जाना और बबलू के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# नंबरदार यूनियन का गठन, संजीव दत्ता बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हरोली**

सोमवार को विधानसभा हरोली की उपतहसील ईसपुर के तहत आने वाले गांव के नंबरदारों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें महासंघ के जिलाध्यक्ष ठाकुर बृजपाल सिंह ने वर्चुअली बैठक की अध्यक्षता की तथा बैठक में सबसे पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी ने 2 मिनट का मौन रखा। इस उपरांत सभी सदस्यों ने उपतहसील के तहत नंबरदार यूनियन बनाने बारे विचार-विमर्श करते हुए चर्चा की। जिसके लिए सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। जिसकी प्रक्रिया के तहत जिलाध्यक्ष बृजपाल सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए संजीव दत्ता के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की। उसके बाद संजीव दत्ता ने महासचिव पद के लिए रमेश जसवाल के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर भी सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई।



हरोली में नंबरदारों की बैठक में हिस्सा लेने वाले सदस्य सामूहिक चित्र में।

वहीं रमेश जसवाल ने कोषाध्यक्ष के लिए सुरजीत सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा। जिस पर भी सभी सदस्यों ने अपनी मुहर लगा दी। इसी तरह बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसहमति से ही चितविलास पाठक को महासंघ के मुख्य सरंक्षक का कार्यभार प्रदान किया। वही देसराज को उपाध्यक्ष, विक्रम सिंह दत्त को प्रवक्ता व धर्मपाल, सुभाष तथा सर्वजीत कुमार को बतौर कार्यकरणी सदस्य का कार्यभार प्रदान किया गया। नवगठित कार्यकरणी के प्रवक्ता विक्रम सिंह दत्त ने बताया कि कार्यकरणी का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा। बैठक में रामकिशन व हरदीप कुमार सहित ईसपुर उपतहसील के तहत क्षेत्र से संबंधित नंबरदार सदस्य मौजूद रहे। बैठक के उपरांत नवगठित कार्यकरणी सदस्य उपतहसील के नायब तहसीलदार विजय कुमार शर्मा से मिले। नायब तहसीलदार ने नवगठित कार्यकरणी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सदस्यों को अश्वस्त किया कि नंबरदार महासंघ से जुड़े सभी मसलों को लेकर सदस्य उनके पास बिना झिझक आ सकते हैं। उनकी उचित मांगों को प्रशासन तक पहुंचाने में वह उनकी हरसंभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि नंबरदार वर्ग समाज का एक अभिन्न अंग है। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव दत्ता ने कहा कि वह नंबरदार महासंघ की समस्याओं के लिए सभी सदस्यों को साथ लेकर प्रशासन व सरकार के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि महासंघ की आगामी बैठक 6 मार्च को ईसपुर में सुबह 11 बजे होगी।

# युवा स्वयंसेवकों को टास्क फोर्स ने बताए आग से बचने के तरीके

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बेहतर आपदा प्रबंधन और प्रतिक्रिया के लिए युवा स्वयंसेवकों की टास्क फोर्स का निर्माण योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खण्ड विकास कार्यालय बंगाणा में किया गया। यह कार्यक्रम 22 फरवरी से 26 फरवरी तक चला।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री जी की अध्यक्षता में हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत छपरोह, रायपुर, मलांगड़, हटली केसरी, पिपलू, डोहगी, कठोह, बोहरु, करमाली, दोबड़ ब सोहारी से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सुमन चाहल जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा प्रतिभागियों को आपदा एवं आपदा प्रबंधन के मूल विषयों, आपदा प्रबंधन में स्वयंसेवियों की भूमिका, ग्राम आपदा प्रबंधन योजना के बारे में जानकारी दी। अग्नि शमन बिभाग से आये अग्निशमन अधिकारी कुलदीप कुमार ने आग एवं उससे बचाव के तरीके और अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग के बारे में बताया सभी को जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिन में प्राथमिक स्वास्थय केंद्र बंगाणा से आए डॉक्टर मनीष कुमार ने आपदा के दौरान प्राथमिक उपचार, विशेष रूप से सीपीआर, सांप का काटना इत्यादि के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन उपमंडल अधिकारी बंगाणा मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी सुभाष अत्री भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से आपातकालीन सम्पर्क नंबर पर आपदा की सही एवं सटीक जानकारी भी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इस मौके पर डाटा एंट्री ऑपरेटर मनीषा कुमारी, बंगाणा उपमंडल के आपदा मित्र, कार्तिक एवं मनु कुमारी उपस्थित रही।




प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सामूहिक चित्र।

# दलबीर सिंह बने गोंदपुर बुल्लां पंचायत के प्रधान

## जिले में प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य व पंचायत समिति सदस्य उपचुनावों के परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व उपायुक्त जतिन लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनावों में पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विकास खंड अंब के तहत ग्राम पंचायत मंधोली के वार्ड 1 में रमेश चंद पुत्र दितू राम ने ग्राम पंचायत सदस्य के चुनाव में विजय घोषित हुए हैं। विकास खंड बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत तनोह के वार्ड 2 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए रेखा देवी पत्नी निर्मल कुमार को निर्विरोध चुना गया है।

हरोली विकास खंड के तहत ग्राम पंचायत गोंदपुर बुल्ला में प्रधान पद के लिए दलबीर सिंह सुपुत्र मूला सिंह, हरोली के वार्ड 5 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए अजीत सिंह पुत्र महां सिंह व हरोली के वार्ड 6 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए संतोष कुमारी पत्नी जैमल सिंह ने चुनाव जीता है। विकास खंड गगरेट के तहत ग्राम पंचायत सलोह बैरी के वार्ड 1 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए हरमीक सिंह पुत्र प्रदीप कुमार विजय घोषित हुए हैं।

उन्होंने बताया कि अंब के वार्ड 15 कटोहड कलां में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए प्रवीन कुमार पुत्र झंडू राम तथा ऊना के वार्ड 1 पनोह में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए राज कुमार पुत्र लाल चंद को विजय घोषित किया गया है।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि उप चुनावों में ग्राम पंचायत गोंदपुर बुल्ला में नव निर्वाचित प्रधान को शपथ दिलाने के लिए उप मंडलाधिकारी हरोली तथा उप चुनाव में पंचायत समिति अंब के वार्ड 15 कटोहड कलां बीडीसी को शपथ दिलाने के लिए उप मंडलाधिकारी अंब व पंचायत समिति ऊना के वार्ड 1 पनोह में पंचायत समिति सदस्य को शपथ दिलाने के लिए उप मंडलाधिकारी ऊना को प्राधिकृत किया गया है।

### प्रवीण चौधरी ने 592 वोटों से जीता बीडीसी कटोहड कलां का उपचुनाव



चुनाव जीतने के बाद लोगों के साथ खुशी व्यक्त करते प्रवीण चौधरी।

**अम्ब।** बीते शनिवार पंचायती राज के चुनावों में ब्लॉक समिति अंब के वार्ड नंबर 15 कटौहड़ कलां के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा समर्थित प्रवीण चौधरी ने 592 वोट से जीत हासिल की है। एसडीएम अंब विवेक महाजन ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए जानकारी दी कि इस उप चुनाव में बीडीसी के लिए कुल 1928 मत पड़े थे जिनमें से 38 वोट अमान्य घोषित किए गए, जबकि प्रवीण चौधरी को 1097, सुखदेव सिंह को 505, राजकुमार को 213, सीमा रानी को 72 और नोटा को दो वोट डाले गए।प्रवीण ने अपनी इस जीत के लिए कटौहड़ कलां वार्ड की जनता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व विधायक व जिला भाजपा अध्यक्ष बलबीर चौधरी, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश चौधरी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राज कुमार धनोटिया, मंडल अध्यक्ष रविंद्र दुवेदी, मंडल महामंत्री कुलदीप ठाकुर, एससी मोर्चा से इंजीनियर रामपाल व सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**क्रिकेट** — अपूर्व वालिया, मनी शर्मा और रितिक का मैच में रहा शानदार प्रदर्शन

# कांगड़ा ने सोलन को पारी और 309 रन से हराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

### कांगड़ा के रितिक ने दूसरी पारी में की शानदार गेंदबाजी

सीनियर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कांगड़ा का मुकाबला सोलन के मैच का तीसरे दिन का खेल के तहत ऊना इंदिरा स्टेडियम में फॉलोआन खेलते हुए सोलंन की टीम दूसरी पारी में 98 रन पर ऑल आउट हो गई।

पारस धानिक ने 36 रन बनाए, बाकी सभी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। कांगड़ा के रितिक ने दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को आउट किया, अपूर्व वालिया ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अर्पित गुलेरिया ने एक खिलाड़ी को आउट किया। कांगड़ा ने 518 रन का विशाल स्कोर बनाया था, और सोलन की टीम ने अपनी पहली पारी में 111 रन बनाए थे। कांगड़ा की टीम ने एक पारी और 309 रन से मैच जीत कर शानदार जीत दर्ज करवाई।



## ऊना ने चंबा को 8 विकेट से हराया

### अंकुश बेदी की कप्तानी में ऊना ने दर्ज की पहली जीत

**नादौन।** नादौन के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में ऊना और चंबा के बीच में तीन दिवसीय मैच खेला गया, जिसमें चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए थे। ऊना की टीम ने अपनी पहली पारी में 240 रन बनाए थे। चंबा की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 110 रन बनाए, ऋषि महाजन ने 35 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। ऊना के राघव बाली ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अंकित कलसी और अंकुश बेदी ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया, महेश ठाकुर और रितिक कालिया ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया।

ऊना की टीम ने दो विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। अमनप्रीत ने नाबाद 62 रन बनाए, अमित कुमार ने नाबाद 12 रन बनाए। ऊना की टीम ने चंबा को 8 विकेट से हराया और शानदार जीत दर्ज करवाई, खेल प्रेमी और रमन सैनी,रविंद्र सैनी, पंकज पीटर अनुराग दयाल नवीन शर्मा सुनील शर्मा विनय कुमार मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

## शिमला ने किन्नौर को 10 विकेट से हराया

**पीसीपी** ग्राउंड संतोषगढ़ में शिमला ने किन्नौर की टीम को दस विकेट से पराजित कर दिया। किन्नौर की टीम अपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए 205 रन पर ऑल आउट हो गई। दिनेश ठाकुर ने 46 रन बनाए, जगदीश चंद 27 रन बनाए, राकेश ने 44 रन बनाए, अनुराज नेगी ने 14 रन बनाए। शिमला के देवव्रत बिकटा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों का आउट किया। सौरभ ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। नवीन कंवर ने एक खिलाड़ी को आउट किया, जोगदीप सिंह ने एक विकेट प्राप्त किया। शिमला की टीम ने अपनी पहली पारी में 414 रन बनाए थे, किनौर अपनी पहली पारी में 232 रन बनाए थे, दूसरी पारी में किनौर की टीम ने 205 रन बनाए थे। शिमला ने जीत के लिए 26 रनों के लक्ष्य को बिना किसी विकेट गंवाए हासिल कर लिया।

## सीटू का किसान आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन

**ऊना।** किसान आंदोलन को लेकर हरियाणा में हुए मामले को लेकर सीटू ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन की ओर से ऊना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा है कि यह कृत्य अति शर्मनाक है।

किसानों द्वारा शुरू किए गए किसान आंदोलन फेस 2 के संघर्ष के दौरान किसानों पर पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए जुल्मों और और किसान आंदोलन में मारे गए युवक शुभकरण की मौत के मामले को लेकर किसान संगठन और सीटू इकाई ने सोमवार को ऊना मुख्यालय पर प्रदर्शन कर शुभकरण की मौत के मामले में उचित कार्रवाई और भारत के कृषि क्षेत्र को डबल्यूटीओ से बाहर रखे जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया संगठनों की मांने तो किसानों पर हरियाणा पुलिस द्वारा पंजाब सीमा में घुसकर उन पर लाठी चार्ज किया और उनको मारा गया है जिस कारण किसान काफी जख्मी हुए हैं। वहीं किसान आंदोलन में पंजाब के युवक शुभकरण को गोली मारकर मौत के घाट भी उतरा गया है।

# गुरु रविदास जी की महिमा का किया गुणगान

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

नगर परिषद संतोषगढ़ में श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित दो दिवसीय धार्मिक आयोजन रविवार रात संपन्न हुआ। सर्व मंगलकामना के लिए आरती की गई। समापन से पूर्व चंदियानी शरीफ से दीदी सरकार विशेष रूप से मौजूद रहे, जबकि श्री गुरु रविदास जोड़ मेला कमेटी के संयोजक पूर्व विधायक गढ़शंकर क्रांतिकारी शिंगारा राम सहूंगड़ा की धर्मपत्नी सुमन कुमारी व पुत्र जगवीर सिंह सिद्धू मौजूद रहे।

वहीं डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने भी शिरकत की। दीदी सरकार ने संगत को गुरु महाराज एवं पीर पैगंबर, गुरुओं की वाणी से संगत को जोड़ा। कहा कि सबसे हम अपने बच्चों के अच्छे माता-पिता बनेंगे तभी हमारे बच्चों में अच्छे संस्कार होंगे अपने बच्चों को नशे से दूर रखें। अपने बच्चों से नहीं बल्कि के सभी बच्चों से प्यार करें। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत संत कमलजीत सिंह अबादा बराना वालों ने की। उन्होंने मेरे दिल बीच बजदी रैंदी तेरी तार प्रीतमा, उठ जाग जिंदड़िए नी आदि शबद गुणगान किया।



संतोषगढ़ में धार्मिक समागम में पहुंचे गणमान्य को सम्मानित करते आयोजक।

जबकि गायक गोल्डी ने ओ सच दा बनजारा, जप लै गुरुां दा नाम, ऐसी ऐसी लाल तुझ बिन कौन करे आदि प्रस्तुतियां दीं।

जॉनी ब्रदर्स ने आसा दिला दियां पुगा दे कांशी वालेया, हर हर बीच रविदास दिखे, तेरा करा शुक्राना, गुरु रविदास प्रेम रस पाइए, जिनिया करां थोड़ियां ने बाबा साहिब दिया बड़याईयां तथा कवाल इमरान कादरी ने सतगुरु हाथ बड़याइयां, सतगुरु जी महाराज मंगते तेरे, सुन अर्ज मेरे सतगुरु जी, अखां मेरिया सतगुरु नाल लड़िया ने गुरु रविदास दिया मेनू रंगता चढ़िया ने आदि प्रस्तुतियों पर संगत झूमी।

कमेटी की ओर से गायक एवं विशेष अतिथियों सहित संत महापुरुषों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। गुरु रविदास धार्मिक सभा के प्रधान एडवोकेट कुलविंद्र बैंस ने सभी संगत एवं कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान उपप्रधान बचन चंद पटेल, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, सदस्य सुरजीत, सभा के पूर्व प्रधान बलवीर सिंह बबलू, नगर परिषद अध्यक्ष निर्मला देवी, पार्षद एडवोकेट संदीप पहेश, पार्षद सत्य प्रकाश, पूर्व पार्षद प्रेम चंद, तरसेम लाल बसन, राज महे, बलराम महे, नरेश सिंघा, कश्मीरी लाल सिंघा, महेश सहगल, पूर्व प्रधान मदन लाल सहजल, नानक चंद, मास्टर अमरजीत सहजल आदि मौजूद रहे।

योगस्थ: कुरु कर्माणि संग त्यक्त्वा धनंजय।
सिद्धय-सिद्धयो: समो भूत्वा समत्वं योग उच्यते।।

**भावार्थ :** अर्थात- हे धनंजय (अर्जुन)। कर्म न करने का आग्रह त्यागकर, यश-अपयश के विषय में समबुद्धि होकर योगयुक्त होकर, कर्म कर, (क्योंकि) समत्व को ही योग कहते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
धर्मशाला | मंगलवार, 27 फरवरी 2024



# रोगाणु, विषाणु व कीटाणुनाशक शंख ध्वनि

## वातावरण को शुद्धि करता है शंख

**देवासुर** संग्राम के दौरान समुद्र मंथन में प्राप्त 14 रत्नों में श्री रम्भा, विष, वारुणि, अमी, शंख, गजराज, धेनु, धनु, धन्वंतरि, कल्पतरू, शशि मणि बाज में शंख भी एक है। समुद्र मंथन से पांचजन्य नामक शंख भी निकला, जिसे भगवान विष्णु ने धारण किया और अपना आयुध बनाया। जब शंख बजता है तो ऊं की मूल ध्वनि निकलती है। ऊं एक मंगलकारी ध्वनि है, इसका उच्चारण ईश्वर ने संसार का सृजन करने से पूर्व किया था। फ्रांस, अमेरिका व जर्मनी सहित कई देशों में वेदवाक्यों और उनको विषय वस्तुओं पर काफी समय से अनुसंधान कार्य चले हुए हैं। 1928 ई. में बर्लिन विश्वविद्यालय में किए गए शोध से पता चलता है कि शंख की ध्वनि रोगाणु, विषाणु व कीटाणुओं को समाप्त करने वाली है। प्रति सेकंड 27 घन फुट वायु शक्ति की तीव्रता से बजाए शंख के प्रभाव से 1200 घन फुट की दूरी तक के कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। ध्वनि तरंगों की आवृतियों से रोगाणु प्रभावित होते हैं, क्योंकि ध्वनि की इकाई डेसिमल में होती है। इससे क्षयरोग, हैजा आदि के रोगाणु नष्ट हो जाते हैं। संम्द्र और अन्य वाद्य यंत्र बजाने का एक और सर्वविदित उद्देश्य यह भी है कि इसमें से जो मंगलमयी ध्वनियां उत्पन्न होती हैं वे वातावरण में और श्रद्धालुओं के मनों में बाधा डालने वाली और अशांत करने वाली नकारात्मक ऊर्जा और कोलाहल को ढक देती है। शंख को देव रूप माना जाता है। शंख के मध्य स्थल में वरुण, पृष्ट में ब्रह्मा, अग्रभाग देवी गंगा के निवास का है। इसलिए शंख पूजा उत्तम फलदायक अष्ट सिद्धि, नव निधि, महालक्ष्मी प्रदायक है। जर्मनी, अमेरिका और फ्रांस में क्षय रोगियों को दो माह तक लगातार शंख ध्वनि सुनाई गई इस दौरान उन्हें अन्य कोई दवाई नहीं खिलाई गई। दो माह बाद परीक्षण में पाया गया कि क्षय रोगी पूर्णता ठीक हो गए। शंख बजाने और सुनने से लाभ को प्राप्ति होती है।

क्रमश:

*अनिल शर्मा, मंडी*



## गोधूलि बेला


गोधूलि बेला पूरे दिन का सबसे अच्छा मुहूर्त होता है। यह वह समय होता है जब सूर्यास्त से पहले गायों की घर वापसी होती है। उनके चलने से पैरों से धूल उठती है, इसलिए इसे गोधिला बेला कहा गया है।

***नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो।***
***गोधूलि: सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता।।***

शुभ या मांगलिक कार्यों के लिए इस बेला को बहुत शुभ माना गया है। इस मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। यह बेला पात और जामित्रादि दोष को नाश करने वाला भी होता है। गोधूलि बेला लग्न के दोषों को भी दूर करता है यानी पाप भाव में गोचर कर रहे ग्रहों के कारण उत्पन्न हुए अनिष्टों से मुक्त रखता है।

## टोटके

# विदेश यात्रा के लिए यह करें



***गुरुवार*** *के दिन त्रिधातु (सोना, चांदी, तांबा) की अंगूठी बनवाकर दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली में पहनें।*

- *प्रत्येक शनिवार तीन अंधे व्यक्तियों को घर पर बुलाकर खिचड़ी के साथ भोजन करावें।*
- *विदेश यात्रा में यदि बाधा आ रही है तो जातक को 4 से 6 रत्ती का गोमेद त्रिधातु में पहनना चाहिए तथा बुधवार से शुरू कर 49 दिनों तक लगातार ज्वर कबूतरों को डालनी चाहिए।*
- *रसोई घर में काम आने वाली लोहे की वस्तुओं (तवा, कड़ाही, चाकू, लोहे की छलनी, चिमटा आदि) का दान गरीब या अभावग्रस्त लोगों में करना चाहिए।*
- *लाल रंग की 43 गुजाओं को सोने के एक टुकड़े अथवा सोने के किसी आभूषण के साथ पीले रंग के कपड़े में बांधकर अपने पूजा स्थान में रखें।*
- *मंगलवार के दिन एक छोटी शीशी में शहद भरकर एकांत स्थान में गाड़ दें।*
- *प्रतिदिन चींटियों को चीनी मिलाकर आटा अथवा सात प्रकार की दालों को पीसकर खिलावें।*
- *सोमवार के दिन शिव मंदिर में जाकर शिवलिंग पर कागजी बादाम चढ़ाएं तथा उन्हें वहीं प्रसाद के रूप में बांट दें।*
- *होली के दिन होलिका पूजन के पश्चात विष्णु सहस्रनाम के तीन पाठ करें।*
- *गुरुवार को तुलसी की माला से निम्न मंत्र का जाप करें तथा कार्य सिद्धि होने पर माला को किसी नदी में प्रवाहित कर दें।*

***अनन्यश्चितयंतो माये जनापर्यपासने।***
***नेषा नित्या मि युक्तानां योग क्षेम वहांम्यहम।।***


## खुले स्थान में न रखें झाड़ू




**फेंगशुई** में यद्यपि झाड़ू और पीछे घर की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने में मददगार कहे गए हैं, किंतु झाड़ू को घर के किसी खुले स्थान में रखना दोषपूर्ण भी माना गया है। अत: इसे बराबर छिपाकर रखना चाहिए, जिससे उस पर निगाह न पड़ सके। यह सर्वविदित है कि प्रत्येक घर में झाड़ू और पीछे का प्रयोग होता है। अत: झाड़ू का भोजन-कक्ष में होना बहुत ही अशुभ है। भोजन-कक्ष में झाड़ू का रखना फेंगशुई के अनुसार इस बात का संकेत देता है कि घर की आमदनी धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है। अत: दिन के प्रकाश में झाड़ू को छिपाकर रखना अच्छा रहता है, जिससे वह नजर न आ सके। रात के समय मुख्यद्वार के बाहर यदि झाड़ू को उल्टा करके रखा जाए, तो यह घर में चोरों आदि के प्रवेश को रोकता है।

## घर में धूप आदि सुगंधित पदार्थ जलाएं

**फेंगशुई** वास्तु में पदार्थों की गंध आदि नकारात्मक ऊर्जा को नष्ट कर देने में बहुत मददगार होती है। अत: अपने घर या कार्यालय में सुगंधित पदार्थ-धूप, अगरबत्ती आदि जलानी चाहिए। इससे सौभाग्य में वृद्धि होती है। यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि धूप या अगरबत्ती बनावटी रासायनिक पदार्थों की बनी नहीं होनी चाहिए। यह स्वास्थ्य के लिए हानिकर भी हो सकती है। चंदन से निर्मित अगरबत्ती सबसे अच्छी मानी जाती है। इससे उत्पन्न होने वाली सुगंध हमारे मस्तिष्क को शांति प्रदान करती है।



# इन गुणों से संपन्न होंगे कृत्तिका नक्षत्र में जन्मे जातक



- **वृषभ राशि** में जन्मे सुंदर व कलाकार होते हैं। वृभष राशि में कृत्तिका नक्षत्र के अंतिम 3 चरण होते हैं। इसमें ई, उ, ए जन्माक्षर होते हैं। नक्षत्र स्वामी सूर्य व राशि स्वामी शु, है। कृत्तिका के अंतिम 3 चरणों में जिनका जन्म हुआ है। वे शु, व सूर्य से जीवन भर प्रभावित होते रहेंगे। जन्म जिस लग्न में हो उसके स्वामी का भी इन ग्रहों से संबंध होने पर प्रभाव में अंतर आना स्वाभाविक है। सूर्य यदि शुभ होकर जन्म लग्न में कहीं भी हो रही राशि स्वाभाविक है। सूर्य यदि शुभ होकर जन्म लग्न में कहीं भी हो, वहीं राशि स्वामी शु, की स्थिति शुभ हो तो वह जातक भाग्यशाली, विद्यावान, पुत्रवान, संपत्तिवान, आकर्षक नाक नक्श वाला सुंदर होगा। शु, -सूर्य साथ होने पर वह जातक अत्यंत सुंदर व आकर्षक होगा। शु, लग्न में होकर स्वराशि या उच्च का हो, सूर्य शुभ स्थिति में हो तो वह जातक धनी, सुंदर, स्वस्थ गुणी होगा। मेष लग्न में शु, द्वादश भाव में हो व सूर्य लग्न पंचम व नवम भाव में हो तो वह जातक धनी साहसी, महत्वाकांक्षी, भाग्यशाली धर्मनिष्ठ होकर विद्यावान होगा। सूर्य यदि इसी लग्न में नीच तुला का हो तो और शु, सूर्य को देखता हो तो नीच भंग होने से वह जातक राज्य तुल्य भोग भोगने वाला सुंदर स्त्रीवान होगा। वृषभ लग्न में शु, -सूर्य साथ हो तो वह जातक साहसी उच्चाभिलाषी होकर विश्वविख्यात होता है। सूर्य चतुर्थ में हो व शु, इसी लग्न में हो तो वह जातक माता, भूमि, भवन, वाहन, जनता से राज्य से स्वप्रयत्नों से लाभ पाने वाला होगा।

वृभष राशि में कृत्तिका नक्षत्र के अंतिम 3 चरण होते हैं। इसमें ई, उ, ए जन्माक्षर होते हैं। नक्षत्र स्वामी सूर्य व राशि स्वामी शु, है। कृत्तिका के अंतिम 3 चरणों में जिनका जन्म हुआ है। वे शु, व सूर्य से जीवन भर प्रभावित होते रहेंगे।

- **मिथुन लग्न** में शु, दशम, पंचम या द्वादश भाव में हो व सूर्य चतुर्थ, सप्तम, दशम या एकादश भाव में हो तो वह जातक सभी सुखों को पाने वाला धन-संपत्ति, दान, विद्या, व्यापार, पिता से लाभ पाने वाला होगा। विदेश यात्राएँ भी होती रहेंगी। पारिवारिक सुख पाने वाला और उसे गुणी पत्नी या पति मिलेगा। कर्क लग्न में शु, चतुर्थ में नवम का एकादश भाव में हो व सूर्य द्वितीय, पंचम, नवम में हो तो विद्या उत्तम होती है, धन, कुटुंब वाणी से लाभ पाने वाला धनवान शेयर बाजार से लाभ पाने वाला होगा।
- **सिंह लग्न** में सूर्य लग्न, नवम, पंचम में शु, दशम, तृतीय भाव में हो तो वह जातक राज्य कृपा से धनवान होगा। भाग्य धर्म में उत्तम सफलता पाने वाला होगा। लग्नेश व नक्षत्र स्वामी एक होने से वह जातक अत्यंत तेजस्वी स्वभाव का होगा। लग्न में सूर्य की स्थिति साहसी बनाती है, वहीं शु, की स्थिति सुंदर बनाती है। या लग्न में शु, नवम, द्वितीय, सप्तम में हो व सूर्य चतुर्थ, सप्तम, दशम, लग्न में होकर बुध के साथ हो तो वह जातक अनेक सुखों को पाने वाला उद्यमी, उच्च प्रशासनिक सेवाओं से लाभ प्राप्त होने वाला होगा।
- **कन्या लग्न** वालों के लिए सूर्य नक्षत्र स्वामी द्वादश भाव में हो तो बाहरी संबंध उत्तम होंगे। लग्न में हो तो बाहर से लाभ मिलेगा। चतुर्थ में हो तो माता को कष्ट रहेगा, लेकिन सुख उत्तम मिलेगा। सूर्य की स्थिति दशम में हो तो बाहर से व्यापार, नौकरी आदि में लाभ मिलेगा। नक्षत्र स्वामी के साथ राशि स्वामी शु, नवम भाव में हो तो भाग्यशाली होकर धनी बनेगा। द्वितीय में हो तो वाणी उत्तम धन की बचत कुटुंब का सहयोग मिलेगा। सप्तम में हो तो धनाढ्य पत्नी या पति मिलेगा। सौंदर्य प्रसाधनों के व्यापार में लाभ मिलेगा। पंचम में हो तो विद्या उत्तम होगी व एकादश में हो तो भाग्य बल द्वारा धन मिलेगा। तुला लग्न में शु, लग्न में हो सूर्य एकादश भाव में हो तो वह स्वप्रयत्नों से लाभ पाने वाला होगा।
- **वृश्चिक लग्न** में सूर्य दशम, पंचम, एकादश भाव में या धन द्वितीय भाव में हो तो संतान, पिता व कुटुंब से लाभ पाने वाला होगा। इसमें यदि शु, व मंगल की शुभ स्थिति हो तो अति उत्तम फल मिलेगा। धनु लग्न में सूर्य लग्न, चतुर्थ, नवम या पंचम, एकादश या तृतीय भाव में हो तो उत्तम फलदायक होगा। यदि गुरु शु, की स्थिति भी शुभ हो तो सोने में सुहागा वाली होगी। मकर लग्न में सूर्य एकादश, तृतीय, नवम भाव में शुभ फल देगा, वहीं शनि शु, की स्थिति शुभ हो तो फल दोगुना होगा।
- **कुंभ लग्न** में सूर्य लग्न में दृष्ट हो शु, लग्न को देखता हो तो वह सुंदर होकर गुणी चंचल होगा। शत्रुहन्ता हो। पंचमेश सूर्य के साथ हो तो मनोरंजन के क्षेत्र में सफलता पाने वाला होगा। मीन लग्न में सूर्य की स्थिति षष्ट भाव में हो तो शत्रुओं का नाश होता है लग्न में हो प्रभावी होगा व नवम भाव में हो तो भाग्यशाली होगा। दशम भाव में हो तो व्यापार में स्वप्रयत्नों से लाभ पाने वाला, माया पक्ष से लाभ पाने वाला होगा।

## वैदिक शास्त्र

# पात्र को ही दें दान

**शास्त्र** के अनुसार दान करने वाले व्यक्ति को दुखों से छुटकारा मिलता है तथा स्वर्गादि सुखों की प्राप्ति होती है। वैदिक संस्कृति के अनुसार प्रत्येक समर्थवान व्यक्ति को दान अवश्य करना चाहिए। परंतु दान के संबंध में भिन्न प्रकार का दर्शन हैं।

ज्योतिष में ग्रहों की शुभता/अशुभता को आधार मानकर दान करने की परंपरा है। जिस व्यक्ति की कुंडली में ग्रह बलवान स्थिति में हो तो उसे उस ग्रह से संबंधित वस्तु आदि का दान नहीं करना चाहिए। जैसे मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में मंगल ग्रह बलवान होकर स्थित है, तो उसे लाल रगं का कपड़ा, मसूर की दाल, बेसन से बने हुए पदार्थ तथा तांबा इत्यादि का दान नहीं करना चाहिए क्योकि ऐसा करने से मंगल ग्रह में अशुभता आती है, इसी प्रकार यदि कुंडली में कोई ग्रह कमजोर स्थिति में हो तो उस ग्रह से संबंधित वस्तुओं का दान नहीं लेना चाहिए। जैसे कि मान लो किसी व्यक्ति की कुंडली में बृहस्पति ग्रह कमजोर स्थिति में है, तो उसे पीले रंग का कपड़ा, पीले रंग की दाल या फल, केसर, हल्दी तथा पीले रंग से संबंधित कोई भी वस्तु दान में नहीं लेनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से व्यक्ति पर उस ग्रह का दोष अर्थात अशुभता ओर भी बढ़ जाती है। जिन व्यक्तियों की कुंडली मे जो-2 ग्रह बलवान स्थिति में है, उन ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान न करके दान ले सकते हैं, क्योंकि बलवान ग्रह का दान लेने से उस ग्रह को और अधिक बल प्राप्त होता है। इसी प्रकार कुंडली में कमजोर ग्रहों से संबंधित वस्तुओं का दान करने से ग्रह के दोष की शांति होती है।



# अलौकिक सौंदर्य व अटूट आस्था का केंद्र मां हिमरी गंगा

**हिमाचल** प्रदेश विश्व मानचित्र पर अलौकिक सौंदर्य व अटूट आस्था के संगमों के अनेक स्थानों व अद्वितियता के लिए प्रसिद्ध है। कई ऐसे स्थान देवी-देवताओं के आशीर्वाद व ऋषि-मुनियों के तप साधना से अपने आप में विशेष ख्याति व विशेषता समाहित किए हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को देव भूमि के नाम से जाना जाता है और इसमें बहुत से धार्मिक स्थल हैं। हम आपको ऐसे ही स्थल के बारे में बताने जा रहे हैं जो कि मंडी जिले में पड़ता है। मंडी से यह 45 किलोमीटर दूर है। जहां पर पधर बस स्टॉप पड़ता है वहां से हिमरी गंगा तीन किलोमीटर है। आप वहां पर बस से भी जा सकते हैं या अपनी गाड़ी से भी यहां एक मेला लगता है। यह मेला भादों महीने की बीस (20) तारीख को हर साल मनाया जाता है। मां हिमरी गंगा की इस विशाल धारा के बारे में यह जनमत है कि देवादिदेव हुरंग नारायण बाल रूप में सनेड गांव की एक वृद्धा के यहां ग्वाले के रूप में काम किया करते थे। बालक अपने साथियों के साथ मवेशियों को घोघरधार में चराने के लिए ले जाता था। इस दौरान अन्य ग्वाले अपने मवेशियों को उहल नदी में ले जा कर पानी पिलाते थे, जबकि बालक नारायण ऐसा न करके मरहबू के पेड़ के नीचे अपनी छड़ी चुभाता था,जहां स्वत्ही विशाल जलधारा फूट पड़ती थी। ऐसे में नारायण हर रोज ऐसा करके अपने मवेशियों की प्यास बुझाता था,लेकिन साथी ग्वालों को यह मालूम नहीं था। उन्होंने एक दिन बुढ़िया को शिकायत कर दी कि नारायण मवेशियों को बिना पानी पिलाए घर ले आता है। फिर क्या था, बुढ़िया ने गुस्से में आकर नारायण को घर से निकलने को कह दिया। नारायण को अपनी बात प्रमाणित करने के लिए बुढ़िया को हिमरी गंगा स्थान पर लाना पड़ा। उस दिन भी नारायण ने बुढ़िया के सामने जमीन पर छड़ी से वार किया,जहां विशाल जलधारा जमीन से फूट पड़ी, लेकिन बुढ़िया को एकाएक देखते ही बालक नारायण गायब हो गया। यहां उसी कालांतर से पहाड़ों के बीच से विशाल जलधारा बह रही है। इस विशाल जलधारा में स्नान करने के पीछे लोकआस्था है कि यहां स्नान करने से जहां नि:सतान दंपतियों को संतान प्राप्ति होती है,वहीं चर्म रोग आदि से भी निजात मिलती है। संतान प्राप्ति के इछुक दंपती यहां सरोवर में अखरोट और फल फेंकते हैं। बाद में महिलाएं अपना दुपट्टा सरोवर में फैलाती हैं। कहा जाता है कि अखरोट और फल दुपट्टे में आ जाएं तो संतान की प्राप्ति होती है। हिमरी गंगा से लगभग दो किलोमीटर नीचे एक गुप्त गंगा है, जहां से जलधारा गुजरती है। यहां भी श्रद्धालु इस पावन दिवस पर डुबकी लगाते हैं। लोक आस्था है कि जिस तरह भैरों के दर्शन के बिना माता वैष्णो के दर्शन अधूरे माने जाते है, ठीक उसी प्रकार हिमरी गंगा का स्नान भी गुप्त गंगा में स्नान किए बगैर अधूरा माना जाता है। आप जब भी यहां जाएं तो ठीक उसी स्थान से ऊपर जैसे एक उल्टा पेड़ भी हैं जिसकी जड़ें ऊपर की तरफ एवं तना नीचे की तरफ है, जो कि अपने आप में इस स्थान की सुंदरता को चार चांद लगा जाता है।






*प्रस्तुति:- जितेंद्र कुमार द्रंग, जिला मंडी*